


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, रविवार, 16 जून 2024 ■ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-10 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-079 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 17 जून 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### बलौदाबाजार हिंसा मामले में अमित जोगी करेंगे आमरण अनशन

**रायपुर,16 जून।** बलौदाबाजार हिंसा मामले में अमित जोगी ने बड़ा ऐलान किया है. उन्होंने घोषणा की है कि वे 1 जुलाई से बलौदाबाजार में आमरण अनशन करेंगे. जोगी की इस अनशन की मुख्य दो मांगे हैं. उनकी पहली मांग है कि नवनिर्मित जिला बलौदाबाजार का नाम घासीदासधाम किया जाए और दूसरी मांग है कि हाई कोर्ट के जज की विवेचना रिपोर्ट आने तक सभी बंदियों की निःशर्त रिहाई की जाए. उन्होंने अपने ट्वीट में यह भी लिखा है कि यही मेरे स्वर्गीय पिता (अजीत जोगी) जी को सही श्रद्धांजलि होगी. अमित जोगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि कांग्रेस और बीजेपी ने सतनामियों को प्रताड़ित किया है, जिसके विरोध में वे आमरण अनशन करेंगे. वहीं उनके इस ऐलान से बलौदाबाजार हिंसा मामले में एक नया मोड़ आ गया है.

### बॉम्बे हाई कोर्ट ने बकरीद पर विशालगढ़ किले में पशु बलि की इजाजत दी

**मुंबई,16 जून ।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर में विशालगढ़ किले में स्थित एक दरगाह पर बकरीद और उर्स के लिए पारंपरिक पशु बलि जारी रखने के पक्ष में फैसला सुनाया है। कोर्ट ने संरक्षित क्षेत्र और संरक्षित स्मारक के बीच अंतर स्पष्ट किया और इस प्रथा पर प्रतिबंध लगाने के राज्य सरकार के फैसले को बेतुका करार दिया है।जस्टिस बीपी कोलाबावाला और फिरदोश पूनीवाला ने हजरत पीर मलिक रेहान मीरा साहेब दरगाह की याचिका पर यह फैसला सुनाया। मामले में सरकारी वकीलों ने तर्क दिया कि पशु बलि पर प्रतिबंध महाराष्ट्र प्राचीन स्मारक और पुरातत्व स्थल और अवशेष अधिनियम और नियमों के अनुरूप लगाया गया था।उन्होंने कहा कि पशु बलि अनिवार्य रूप से संरक्षित स्मारकों मांसाहार के सेवन को बढ़ावा देगा।हालांकि, याचिकाकर्ता के वकील एसबी तालेकर और माधवी अय्यपन ने तर्क दिया कि अधिनियम संरक्षित क्षेत्र को विशिष्ट पुरातात्विक स्थलों के रूप में परिभाषित करता है न कि पूरे क्षेत्र को।

### बकरीद को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क, नोएडा में धारा-144 लागू

**नईदिल्ली,16 जून ।** बकरीद के त्योहार को लेकर देशभर में तैयारियां चल रही हैं. इस बीच बाजारों में भीड़ बढ़ गई है. इसी के साथ कुर्बानी के लिए पशु मंडियों में भी बकरों की जमकर खरीददारी हो रही है. बकरीद को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी सतर्क हो गया है. बता दें कि बकरीद को ईद-उल-अजहा के नाम से भी जाना जाता है. जो मुस्लिम धर्म के सबसे बड़े त्योहारों में से एक है. बकरीद के त्योहार को देखते हुए देशभर में सुरक्षा व्यवस्थान बढ़ा दी गई है. इसके साथ ही प्रशासन ने जानवरों की कुर्बानी के लिए भी नियम बनाए हैं. साथ ही चिन्हित जगहों पर ही कुर्बानी करने की इजाजत दी गई है. बकरीद को देखते हुए पुलिस संवेदनशील इलाकों में गश्त कर रही है.बता दें कि बकरीद के चलते उत्तर प्रदेश में सुरक्षा बढ़ा दी गई है. राजधानी लखनऊ समेत राज्य के सभी प्रमुख शहरों में पुलिस को तैनात कर दिया गया है.



# आतंकियों को जहन्नुम पहुंचाने की तैयारी

### जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों के बाद एक्शन में सरकार, गृह मंत्री शाह ने ली बैठक

**नई दिल्ली,16 जून।** जम्मू-कश्मीर में बीते दिनों चार दिनों में हुए चार आतंकी हमलों को मोदी सरकार एक्शन मोड में आ गई है। आतंकियों को जहन्नुम पहुंचाने के लिए गृह मंत्री अमित शाह रणनीति बनाने में जुट गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार (16 जून) को नॉर्थ ब्लॉक में केंद्रशासित प्रदेश में सुरक्षा हालात का जायजा लेने के लिए बैठक ली है। बैठक में नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर अजित डोभाल, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, अगले सेना प्रमुख के तौर पर नामित लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी भी शामिल हैं।बता दें कि नौ जून को पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ शपथ ग्रहण लेने के दौरान ही जम्मू के रियासी में तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया था। हमले में बस खाई में गिक गई थी, जिसमें 9 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी। वहीं रियासी, कठुआ और डोडा में चार आतंकवादी हमले हुए।

इसके बाद सरकार एक्शन मोड में आई। रविवार को दिल्ली में हाईलेवल बैठक बुलाई गई. इस मीटिंग में अमित शाह जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा की समीक्षा की। साथ ही 29 जून को शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा की तैयारी और उसकी सुरक्षा के इंतजामों पर भी बैठक में चर्चा हो रही है। माना जा रहा है कि आतंक के खिलाफ अभियान को तेज करने के लिए गृहमंत्री अधिकारियों को दिशा निर्देश दे सकते हैं।

बैठक को इसलिए अहम माना जा रहा है, क्योंकि सूत्रों का कहना है कि शाह को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति, अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा बलों की तैनाती, घुसपैठ की कोशिश, आतंकवाद रोधी अभियानों के हालात और केंद्रशासित प्रदेश में सक्रिय दहशतगर्दों के बारे में बताए जाने की संभावना है। सूत्रों का कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी के निर्देश के अनुरूप गृह मंत्री सुरक्षा एजेंसियों द्वारा की जाने वाली तत्काल कार्रवाई के बारे में वह व्यापक गाइडलाइंस भी देने वाले हैं। दक्षिण कश्मीर हिमालय में अमरनाथ गुफा मंदिर है, जिसके लिए वार्षिक तीर्थयात्रा की शुरुआत हो रही है। इस यात्रा की शुरुआत 29 जून से होने वाली है और ये 19 अगस्त तक जारी रहेगी। अमरनाथ के लिए तीर्थयात्री जम्मू कश्मीर में दो मार्गों-बालटाल और पहलगाम से यात्रा करते हैं. पिछले साल 4.28 लाख से अधिक लोगों ने गुफा मंदिर की यात्रा की और इस बार यह आंकड़ा पांच लाख तक पहुंच सकता है।

# मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री ने शहीद जवान के पार्थिव शरीर को कांधा दिया

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,16 जून।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने आज चौथी बटालियन माना पहुंचकर गत दिवस नारायणपुर जिले में नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए जवान श्री नितेश एक्का के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने शहीद जवान के पार्थिव शरीर को कंधा देकर ससम्मान गृह ग्राम जशपुर जिले के चिरईडांड के लिए रवाना किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस मौके पर कहा कि नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में हुए नक्सली मुठभेड़ में हमारे वीर जवान ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। हमारी सरकार बनते ही हमने नक्सलियों के खिलाफ अपनी लड़ाई तेज कर दी है और हम निर्णायक लड़ाई लड़ रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे जवानों की शहादत बेकार नहीं जाएगी और हम क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए संकल्पित है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस दौरान शहीद जवान श्री नितेश एक्का के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। गौरतलब है कि 15 जून को नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी और जवाबी कार्यवाही में 08 माओवादियों को मार गिराया गया। इस दौरान सुरक्षाबल के दो जवान घायल हुए और एक जवान शहीद



एसटीएफ के शहीद आरक्षक श्री नितेश एक्का जशपुर जिले के रहने वाले थे। पिछले 12 जून को नारायणपुर जिले के फरसबेड़ा-धुरबेड़ा क्षेत्र में डीआरजी, एसटीएफ और बीएसएफ का संयुक्त बल नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना हुआ था। अभियान के दौरान हो गया। इस मौके पर विधायक श्री मोतीलाल साहू, डीजीपी श्री अशोक जुनेजा, अपर मुख्य सचिव गृह श्री मनोज कुमार पिंगुआ, एडीजी श्री प्रदीप गुप्ता, श्री हिमांशु गुप्ता, संभाग आयुक्त श्री संजय अलंग सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और शहीद जवान के परिजन मौजूद थे।

# बलौदाबाजार हिंसा में भीम रेजिमेंट के आठ गिरफ्तार

**रायपुर,16 जून।** बलौदाबाजार कलेक्टर व एसपी दफ्तर में आगजनी व तोड़फोड़ की घटना को लेकर पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने शनिवार को भीम रेजीमेंट के रायपुर संभाग के अध्यक्ष जीवराखन बांधे को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक घटना के बाद जीवराखन बांधे साथियों के साथ जगदलपुर के रास्ते विशाखापट्नम भागने की तैयारी में था। बलौदाबाजार पुलिस के एसआइटी ने जीवराखन के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारियां जुटाई, जिसके बाद उसे पकड़ने में मदद मिली। पुलिस ने घटना के वक्त मौजूद वीडियो फुटेज, फोटोग्राफ्स, इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित तथ्यों के आधार पर भीम रेजीमेंट के पदाधिकारी की गिरफ्तारी की। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आने वाले दिनों में घटना से जुड़े अन्य संगठनों के पदाधिकारियों की गिरफ्तारी की जा सकती है। जीवराखन मंदिर हसौद का रहने वाला बताया जा रहा है। दो दिन पहले वह जगदलपुर गया था। बलौदाबाजार हिंसा के मामले में पुलिस ने अब तक आठ लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की है, वहीं 132 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। भीम रेजीमेंट के अलावा, भीम क्रांतिवीर जैसे अन्य संगठनों पर भी एसआइटी की नजर बनी हुई है। घटना के बाद बलौदाबाजार जिला प्रशासन ने इंटरनेट मीडिया निगरानी समिति का गठन किया है। कलेक्टर दीपक सोनी ने इस संबंध में शनिवार को आदेश जारी किया। आदेश में कहा गया है कि घटना के संबंध में इंटरनेट मीडिया पर भड़काऊ वीडियो, रील्स व बयानबाजी को तत्काल हटाया जाए।



# जरूरतमंदों को इलाज के लिए मिलेगी भरपूर आर्थिक मदद : योगी

**गोरखपुर,16 जून।** लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता प्रभावी रहने के कारण मार्च से स्थगित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जनता दर्शन कार्यक्रम को रविवार को गोरखपुर में आयोजित हुआ जिसमें उन्होंने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। इसके पहले लखनऊ के सरकारी आवास में मुख्यमंत्री ने जनता की समस्याएं सुनीं थीं। गोरखपुर में पिछला जनता दर्शन लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले नौ मार्च को हुआ था। बयान के अनुसार रविवार सुबह जनता दर्शन में काफी संख्या ऐसे लोग थे जो गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने सभी को आश्वस्त किया कि सरकार इलाज में भरपूर मदद करने के लिए तत्पर है और हर जरूरतमंद को इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से भरपूर मदद दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों के अनुमानित चिकित्सीय खर्च की रिपोर्ट तैयार कर शासन को जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाए और जिन पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं, उनके आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं। गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान योगी ने करीब 350 लोगों की समस्याएं सुनीं और समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टिपरक समाधान के निर्देश अधिकारियों को दिए। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और इत्मीनान से उनकी बात सुनने के बाद उनके प्रार्थनापत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित किया। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को भरोसा दिलाया कि सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। जनता दर्शन में पुलिस और राजस्व से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी जिले स्तर पर ही समस्या का समाधान सुनिश्चित करें ताकि लोगों को परेशान न होना पड़े। उन्होंने हिदायत देते हुए कहा, ''जनसमस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली अक्षम्य होगी। हर व्यक्ति की समस्या का पूरी प्रतिबद्धता और पारदर्शिता से न्यायोचित समाधान शासन-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होती है और इसमें किसी ने भी लापरवाही की तो उसे दंड का भागी बनना पड़ेगा। इसलिए अधिकारी संवेदनशीलता से लोगों की समस्याओं को सुनें और गुणवत्तापूर्ण, त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।



# एनसीईआरटी ने 12वीं की किताब से हटाया बाबरी मस्जिद का नाम

**नईदिल्ली,16 जून।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने 12वीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की किताब में बड़े बदलाव किए हैं।इस किताब में से बाबरी मस्जिद का नाम हटा दिया गया है और इसकी जगह 3 गुंबद वाला ढांचा लिखा गया है।इसी तरह अयोध्या विवाद वाले अध्याय में भी छंटनी की गई है और कई जानकारी हटा दी गई है। पहले ये अध्याय 4 पेज का था, जिसे अब 2 पेज का कर दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, किताब से गुजरात के सोमनाथ से अयोध्या तक भाजपा की रथयात्रा, कारसेवकों की भूमिका, 6 दिसंबर, 1992 को बाबरी मस्जिद के विध्वंस के बाद सांप्रदायिक हिंसा, भाजपा शासित राज्यों में राष्ट्रपति शासन, और भाजपा द्वारा अयोध्या की घटनाओं पर खेद व्यक्त करना जैसे अध्यायों को हटा दिया गया है।इससे पहले खबर थी कि किताबों से विध्वंस के कम से कम 3 संदर्भ और राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े अध्याय में बदलाव किए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पुरानी किताब में बताया गया था कि 16वीं शताब्दी में मुगल बादशाह बाबर के सेनापति मीर बाकी ने बाबरी मस्जिद बनवाई थी।अब इसमें बदलाव कर लिखा गया है कि 1528 में श्रीराम के जन्मस्थान पर 3 गुंबद वाला ढांचा बना दिया गया है। हालांकि, इस ढांचे में कई हिंदू चिह्न बने हुए थे।नई किताब में लिखा गया है कि ढांचे की आंतरिक और बाहरी दीवारों पर मूर्तियां बनी हुई थीं।

# भारत के साथ मिलकर काम करने को प्रतिबद्ध: कनाडा

**बारी(इटली),16 जून।** द्विपक्षीय संबंधों में तनाव के बीच, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने शनिवार को कहा कि जी7 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनकी मुलाकात के बाद कुछ ''बहुत महत्वपूर्ण मुद्दों'' से निपटने के लिए भारत के साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता है। मोदी ने शुक्रवार को दोनों नेताओं के हाथ मिलाने की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की, जिसमें कहा गया है, ''जी 7 शिखर सम्मेलन में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से मुलाकात की।'' दक्षिणी इटली के अपुलिया में जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई यह बैठक खालिस्तान समर्थक चरमपंथ को लेकर तनावपूर्ण राजनयिक संबंधों के बीच पहली बैठक है। इससे पहले, ट्रूडो ने आरोप लगाया था कि कनाडाई अधिकारी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार की संलिप्तता से संबंधित ''विश्वसनीय आरोपों की सक्रियता से'' जांच कर रहे हैं। पिछले वर्ष कनाडा द्वारा लगाये गए आरोपों को विदेश मंत्रालय ने ''बेतुका और प्रेरित'' बताते हुए दृढ़तापूर्वक खारिज कर दिया था। ट्रूडो ने शनिवार को तीन दिवसीय जी7 शिखर सम्मेलन के समापन पर संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा, ''मैं इस महत्वपूर्ण, संवेदनशील मुद्दे के विवरण में नहीं जाऊंगा, जिस पर हमें आगे काम करने की आवश्यकता है। लेकिन यह आने वाले समय में कुछ बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दों से निपटने के लिए एक साथ काम करने की प्रतिबद्धता है।'' शुक्रवार शाम बैठक के तुरंत बाद, कनाडा के प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि नेताओं ने ''द्विपक्षीय संबंधों पर संक्षिप्त चर्चा'' की, जिस दौरान ट्रूडो ने मोदी को उनके पुनः निर्वाचित होने पर बधाई भी दी। कनाडा की प्रेस समाचार एजेंसी ने प्रवक्ता एन-क्लारा वैलानकोर्ट के हवाले से कहा, ''बेशक, इस समय हमारे दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। आप समझ सकते हैं कि हम इस समय कोई और बयान नहीं देंगे।



# दिल्ली मेट्रो के रिठाला-नरेला-कुंडली कॉरिडोर को मिली केंद्र की मंजूरी

**नई दिल्ली,16 जून।** दिल्ली के नरेला और आसपास के इलाकों में रहनेवालों के लिए अच्छी खबर है। केंद्र सरकार ने रिठाला-नरेला-कुंडली मेट्रो कॉरिडोर के निर्माण के लिए आवास और शहरी कार्य मंत्रालय-डीडीए के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। दिल्ली के राजभवन ने यह जानकारी दी है। 26.5 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर पर कुल 21 स्टेशन होंगे। इसे कुल चार साल की अवधि में पूरा किया जाएगा। राजभवन की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के सक्सेना ने विभिन्न अवसरों पर केंद्र के समक्ष इस मेट्रो कॉरिडोर के निर्माण का मुद्दा उठाया था। बयान में कहा गया है कि रिठाला-नरेला-कुंडली मेट्रो कॉरिडोर का निर्माण 6,231 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा, जिसमें दिल्ली में पड़ने वाले भाग पर 5,685.22 करोड़ रुपये और हरियाणा के हिस्से पर 545.77 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। योजना के मुताबिक, इस कॉरिडोर का निर्माण मौजूदा रेड लाइन के विस्तार के रूप में किया जाएगा। दिल्ली में पड़ने वाले भाग की लागत का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) शेष लागत में 1,000 करोड़ रुपये का योगदान देगा, जबकि 37. 5 प्रतिशत पूंजी द्विपक्षीय/बहुपक्षीय ऋणों से आएगी और लगभग 20 प्रतिशत खर्च दिल्ली सरकार वहन करेगी जाएगी।

# ईव्हीएम की पारदर्शिता पर राहुल गांधी ने फिर जताई चिंता

**नई दिल्ली,16 जून।** राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में एक अखबार की खबर की तस्वीर भी साझा की है, जिसमें मुंबई की एक घटना का जिक्र है। बता दें, इस घटना में शिवसेना (शिंदे गुट) के उम्मीदवार रविंद्र वायकर के साले मंगेश पंडिलकर पर फोन के जरिए ईवीएम को अनलॉक करने का आरोप लगा है। टेस्ला और स्पेसएक्स के प्रमुख एलन मस्क के बाद अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ईवीएम पर सवाल खड़े किए हैं। रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर एक पोस्ट कर गांधी ने ईवीएम की पारदर्शिता को लेकर चिंता जताई। उन्होंने लिखा, 'भारत में ईवीएम एक ÷ब्लैक बॉक्स÷ है, और किसी को भी उनकी जांच करने की अनुमति नहीं है। हमारी चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंताएँ जताई जा रही हैं। जब संस्थाओं में जवाबदेही की कमी होती है, तो लोकतंत्र एक दिखावा बन जाता है और धोखाधड़ी की संभावना बढ़ जाती है।' राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में एक अखबार की खबर की तस्वीर भी साझा की है, जिसमें मुंबई की एक घटना का जिक्र है। बता दें, इस घटना में शिवसेना (शिंदे गुट) के उम्मीदवार रविंद्र वायकर के साले मंगेश पंडिलकर पर फोन के जरिए ईवीएम को अनलॉक करने का आरोप लगा है। वनराई पुलिस के अनुसार, मोबाइल फोन का इस्तेमाल ईवीएम मशीन को अनलॉक करने वाले ओटीपी को जनरेट करने के लिए किया गया था, जिसका इस्तेमाल 4 जून को नेस्को सेंटर के अंदर किया गया था।वनराई पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक रामपियारे राजभर ने मिड-डे से बात करते हुए कहा, 'हमने मोबाइल फोन को फोरेंसिक के पास भेज दिया है, जो कॉल रिकॉर्ड की जांच करेगा। हम यह भी जांच कर रहे हैं कि क्या मोबाइल फोन का इस्तेमाल किसी अन्य कारण से किया गया था। हमने अन्य उम्मीदवारों के बयान दर्ज किए हैं और आरोपी मंगेश पांडेलकर और दिनेश गुरव को नोटिस भेजा है।





रायपुर। राजधानी में आज यूपीएससी की आयोजित परीक्षा में बड़ी संख्या में अभ्यर्थी शामिल हुए।

# घायल होकर भी यह जज्बा भारत के बलिदानी वीरों की परंपरा : मुख्यमंत्री

**रायपुर,16 जून।** नक्सलियों से मुठभेड़ में घायल एसटीएफ के जवान कैलाश नेताम ने आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से कहा कि ठीक होते ही और मारूंगा। अस्पताल के बिस्तर में लेटे घायल जवान की इस बुलंद आवाज ने कैप्टन विक्रम बत्रा की याद दिला दी, जिन्होंने कारगिल की लड़ाई लड़ते हुए कहा था 'ये दिल मांगे मोर'। दरअसल मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा नारायणपुर जिले में नक्सली मुठभेड़ में घायल जवानों से मिलने राजधानी रायपुर के रामकृष्ण केयर अस्पताल पहुंचे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने घायल जवानों से उनका हालचाल जाना। मुख्यमंत्री श्री साय उनसे जब घटना की जानकारी ले रहे थे तब एसटीएफ के घायल जवान कैलाश नेताम ने बताया कि ठीक होते ही और मारूंगा। यह सुनते ही मुख्यमंत्री गर्व से भर गए। उन्होंने कहा कि मां भारती के इन वीर जवानों से हमें हौसला मिलता है। घायल होकर भी यह जज्बा भारत के बलिदानी वीरों की परंपरा है, जिन्होंने कभी देश को झुकने नहीं दिया। एसटीएफ के एक अन्य घायल जवान लेखराम नेताम के ऑपरेशन थियेटर में होने के कारण मुख्यमंत्री उनसे मुलाकात नहीं कर पाए, लेकिन डॉक्टरों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। साथ ही मुख्यमंत्री ने बीते दिनों बीजापुर में नक्सली हमले में घायल एक अन्य डीआरजी के जवान लच्छु कढ़ती से भी मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। मुख्यमंत्री ने जवानों की हौसला अफजाई करते हुए उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने डॉक्टरों को बेहतर इलाज के लिए निर्देश भी दिए। इस मौके पर विधायक मोतीलाल साहू और पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा मौजूद रहे।



# बलौदाबाजार मामले में भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर 'रावण' की एंट्री

**रायपुर,16 जून।** भीम आर्मी के चीफ और यूपी के नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद चन्द्रशेखर आजाद 'रावण' ने छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में पिछले दिनों हुए बवाल को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी हैं। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा हैं कि वह जल्द ही रायपुर आएंगे और पीड़ितों से भेंट करेंगे। चन्द्रशेखर रावण ने अपने ट्वीट में एक वायरल वीडियो भी पोस्ट किया हैं जिसमें पुलिसकर्मी हिंसा और आगजनी के कथित आरोपियों की पिटाई करते नजर आ रहे है। ऐसे में अब तक जहाँ इस मुद्दे पर प्रदेश के नेता ही बयानबाजी कर रहे थे, तो वही चंद्रशेखर रावण की इस प्रतिक्रिया से आशंका जताई जा रही हैं कि यह मामला फिलहाल शांत नहीं होने वाला। इस पूरे आगजनी के बाद आरोपियों पर की जा रही कार्रवाई को चंद्रशेखर ने एकतरफा बताते हुए प्रदेश के सतनामी समाज को अपना समर्थन भी दिया हैं। चन्द्रशेखर ने मुख्यमंत्री कार्यालय से इस पूरे मुद्दे शिकायत करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की हैं। चन्द्रशेखर आजाद रावण ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर लिखा, ÷छत्तीसगढ़ के रायपुर में सतनामी समाज की पवित्र अमरगुफा को तोड़ने और जैतखाम (सतनामी पंथ के ध्वज) को काटकर फेंकने की घटना के संबंध में शासन द्वारा महीने भर से ज्यादा समय में भी कार्यवाही न करने पर भीम आर्मी, व अन्य संगठन द्वारा शान्तिपूर्वक ज्ञापन देने के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा किए गए कृत्यों के लिए प्रशासन द्वारा सभी कार्यकताओं का बर्बरतापूर्ण दमन बेहद पीड़ादायक और निंदनीय।निर्दोष लोगों पर कार्यवाही से सतनामी समाज मे डर का माहौल बन गया है, ऐसा लगता है कि किसी बदले की भावना से यह सब किया जा रहा है। मैं मुख्यमंत्री से मामले की निष्पक्ष जांच और कार्यकताओं के इस बर्बरतापूर्ण दमन को तत्काल रोकने की मांग करता हूं। यह दमन हम बर्दाश्त नही करेंगे। जल्द में रायपुर पहुंच कर पीड़ित परिवारों से मिलूंगा।



## एक नजर

### महिला से मारपीट, जुर्म दर्ज

**भिलाई 16 जून।** इंस्टा में विवादित वीडियो पोस्ट करने को लेकर उपजे फसाद में चार युवक रूआबांधा बस्ती के एक मकान में हाकी डंडा और गंड़ासा समेत जा धमके इस दौरान महिला ने पति को रूम में छिपा दिया जिससे आरोपी युवक महिला से मारपीट करने लगे घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी सागर मग्गा गौरव मंडल पारस मंडल और छोटू यादव के खिलाफ धारा 294, 323, 452, 506 और 25-27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है भिलाईनगर पुलिस ने बताया कि यादव चौक रूआबांधा बस्ती निवासी निधि कन्नौजिया ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 12 जून की दोपहर उसके पति रोहित कन्नौजिया गाड़ी बनवाने के लिये सेक्टर 10 मार्केट गये थे वहां सागर मग्गा गौरव मंडल एवं पारस मंडल के बीच विवाद हुआ जिसका वीडियो गौरव मंडल ने अपने इंस्टाग्राम मे डाल दिया था उसी बात को लेकर 13 जून को गौरव मंडल और छोटू यादव के साथ रोहित का विवाद हुआ नतीजतन 13 जून की रात्रि साढ़े 11 बजे जब यादव चौक स्थित निवास में कन्नौजिया परिवार सो रहा था तभी सागर मग्गा गौरव, पारस मंडल और छोटू यादव अपने हाथ में गंडासा हाकी स्टिक और डंडा लेकर जबरन रोहित के घर में घुसे और गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की निधि के चेहरे और पीठ में चोट आई है।

### युवक का गला रेता, प्रकरण दर्ज कर भेजा जेल

**भिलाई 16 जून।** अंजोरा चौकी क्षेत्र चाकू से एक युवक गला रेत दिया घायल अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार चल रहा है पुलिस ने आरोपी डिलेश्वर यादव के खिलाफ धारा 307 के तहत प्रकरण दर्ज कर जेल भेज दिया अंजोरा चौकी पुलिस ने बताया कि घटना बजार चौक रसमड़ा निवासी ज्वाला निषाद और डिलेश्वर यादव दोनों चौक में ही होटल पर नास्ता करने गए दोनों ने इडली खाई डिलेश्वर ने कहा कि वह पूड़ी भी खाएगा लेकिन ज्वाला ने मना कर दिया और बिल जमा करने काउंटर पर गया इधर पीछे से डिलेश्वर पहुंचा और ज्वाला का बाल पकड़कर खींचा जेब से चाकू निकाला और उसका गला रेतदिया। इसके बाद मौके से फरार हो गया। आरोपी का भाई ले गया अस्पताल होटल से कुछ ही दूर पर ज्वाला का भाई भुपेन्द्र खड़ा था वह दौड़कर मौके पर पहुंचा उसके भाई के गले से खून गिर रहा था तत्काल उसे लेकर श्री शंकराचार्य कॉलेज ले गया जहां उसका उपचार किया जा रहा है।

### केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार का मत्स्याखेट 16 जून से 15 अगस्त तक निषिद्ध

**दुर्ग 16 जून।** वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) को दृष्टिगत रखते हुये उन्हें संरक्षण देने हेतु राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा-3 उपधारा-2 (दो) के तहत् 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक की अवधि को ÷बंद ऋतु (क्लोज सीजन)÷ के रूप में घोषित किया गया है। उप संचालक मछली पालन विभाग से मिली जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त नदियों-नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब जलाशय (बड़े या छोटे) जो निर्मित किये गये है। केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार का मत्स्याखेट 16 जून 2024 से 15 अगस्त 2024 तक पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। इन नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र (संशोधित) अधिनियम के नियम-3 (5) के अंतर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10,000 रूपये का जुर्माना अथवा दोनों एक साथ होने का प्रावधान है। उक्त नियम केवल छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी नाले से नहीं है के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर में लागू नहीं होंगे।

### पेड़ से टकराई तेज रफ्तार मोटरसाइकिल, तीन की मौत

**कोरबा 16 जून ।** जिले में तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक बार फिर तेज रफ्तार ने बाइक सवार तीन युवकों की जान ले ली। पेड़ से टकराने पर तीनों युवकों की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई की। घटना पाली थाना अंतर्गत डूमरकछार- दीपका मार्ग में हुई। बताया जा रहा है कि गुरूवार की रात बाइक क्रमांक सीजी 12 बीएफ9605 में सवार होकर राजेश कुमार 21 वर्ष, बालकृष्णा 22 वर्ष तथा कमलेश 17 वर्ष निवासी तीनों ग्राम धौराभाठा के आश्रित मोहल्ला गोकनाई डूमरकछार की ओर जा रहे थे। तभी डूमरकछार चैक के आगे उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे सेमर पेड़ से जा टकराई। घटना इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार एक युवक कांटेदार पेड़ से टकरा कर उसमें लटक गया। वहीं दो अन्य युवक नीचे गिर गए। घटना में तीनों की स्थल पर ही मौत हो गई। राहगीर की सूचना पर डायल 112 की टीम स्थल पर पहुंची और राहगीरों की मदद से तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली पहुंचाया, पर चिकित्सकों ने जांच उपरांत तीनों युवकों मृत घोषित कर दिया। शव की पहचान नही होने से रात भर शव अस्पताल में पड़ा रहा। शुक्रवार की सुबह तीनों युवकों की पहचान हुई। पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम करा अंतिम संस्कार के लिए स्वजनों को सौंप दिया।

## निधन

### बबन उपाध्याय

**भिलाई, 16 जून ।** राधिका नगर वार्ड-7 शिवा कॉलेज के बगल में चंद्र नगर निवासी बबन



उपाध्याय उम्र 83 वर्ष का सेक्टर 9 अस्पताल निधन हो गया। कुछ समय से बीमार चल रहे थे। आज 16 जून रविवार दोपहर अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे शिव प्रकाश उपाध्याय, शोभा चौबे, सुषमा पाण्डेय, सीमा उपाध्याय, रीना दुबे के पिता जी थे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ होगा नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पाटन 16 जून।** जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा द्वारा सत्र 2024-25 प्रारंभ के पूर्व शास./अशास. प्राचार्यो की बैठक ली गई जिसमें 18 जून को प्रवेश उत्सव के पूर्व विद्यालय की स्वच्छता, शुद्ध पीने का पानी व अन्य बुनियादी स्वच्छता पर चर्चा की गई द्य कक्षा 1ली, 6वी व 9वी के नवप्रवेशी बच्चों को जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिकों के माध्यम से स्वागत कर, सभी बच्चों को पुस्तक, गणवेश तथा पत्राधारी को साइकिल वितरित किया जाना है। प्रवेश उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल व प्रतिभा सम्मान एवं सभी मध्यान भोजन संचालित शालाओं में न्योता भोजन का आयोजन होना है। इसके साथ यू डाइस की ग्रेडेशन रिपोर्ट तत्काल एंट्री करने तथा डीसीएफ फॉर्म को संकुल प्रभारी के द्वारा सत्यापन किया जाना हैं द्य 21जून 2024 को विश्व योग दिवस के अवसर पर सभी विद्यालय मिलकर एक साथ योग कार्यक्रम में सर्वजन को हिस्सा लेना हेतु प्रेरित करना



हैं। दीपक निकुंज अनु.अधि.(रा) पाटन के द्वारा विद्यालयों में अतिक्रमण की सूचना उच्च कार्यालय से पूर्व इस कार्यालय को सूचित करने तथा विद्यालयों परिसर की भूमि सुरक्षित इस हेतु सीमांकन करने तथा जाति निवासी प्रमाण पत्र के संबंध में सभी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई द्य बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने की प्रेरक बातें कही गई। पुष्पा पुरुषोत्तम नोडल जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण दुर्ग के द्वारा पाटन को 11000 आसक्षरों को साक्षर बनाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसके पूर्व पीके महिलांगे वि.खं. शिक्षा अधि. पाटन के द्वारा समस्त प्राथ./पूर्व माध्य. शालाओ के पाठक की बैठक भी आयोजित की गई थी जिसमें प्रवेशोत्सव व वि.खं. पाटन की 27 बालवाड़ी केंद्रों में अध्यापन कार्य प्रारंभ किया जाना है। प्राचार्य को संबोधित करते कहा कि शासन के द्वारा प्रभारी मंत्री के माध्यम से एसएमडीसी की अध्यक्षों की नियुक्ति प्रस्तावित है तब तक प्राचार्य ही कार्यवाहक अध्यक्ष होंगे द्य कमल कांत देवांगन के द्वारा उल्लास कार्यक्रम में ऑनलाइन एंट्री के संबंध में विद्यालय स्तर पर आ रही कठिनाइयों के विषय में चर्चा की गई। बैठक का संचालन मोहित शर्मा के द्वारा किया गया जिसमें अमित शुक्ला, जेपी पांडे सहित सभी शास/अशास. विद्यालय के प्राचार्य इसके पूर्व दिवस प्राथमिक एवं पूर्व माध्य. विद्यालयों की सभी प्रधान पाठक उपस्थित हुए।

# धमाका ऑफर में बेरोजगारों को चूना लगा कंपनी फरार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 16 जून।** धमाका ऑफर के नाम पर अजीब तरह की ठगी का मामला सामने आया है जिसमें अनेक बेरोजगारों युवक-युवतियों को लाखों का चूना लगा कंपनी फरार हो गयी और बेरोजगार बच्चे हाथ मलते रह गए हैं। अब उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि क्या करें। ठगी की शिकार कु. शीतल श्याम बाग ने बताया कि आरबीपी ग्रुप के नाम से एक कंपनी सूर्या ट्रेज़र मॉल के टॉप फ्लोर पर खोलकर धमाका ऑफर का खेल शुरू किया गया था। जिसकी मुखिया एक युवती थी। उसने ऑफिस में कुछ सहायक बिठा रखे थे जो बेरोजगार युवाओं को ऑफर की जानकारी दे रहे थे। यह ऑफर केवल 10 दिनों के लिए था और रेफरल इनकम एक हजार रुपये प्रतिदिन का झांसा दिया गया। कंपनी की ओर से बेरोजगारों से ढाई हजार रुपये पंजीयन के लिए जा रहे थे। पंजीयन के बाद एक फाइल दी गयी। यह स्टूडेंट के प्रोजेक्ट फाइल की





तरह थी जिसमें 25 पेज थे। जिनमें कैंसर से लेकर बवासीर एवं अन्य तरह की बीमारियों के लक्षण, इलाज, सावधानियां एवं बचाव के उपाय, परहेज आदि डिटेल में लिखा था। बेरोजगारों को इसी को लिखकर सप्ताह के भीतर देना था, जिसके बदले उन्हें एक से लेकर डेढ़ हजार रुपये मिलते। आरबीपी ग्रुप की तथाकथित युवती ने बताया था कि यह मेडिकल स्टूडेंट्स की फाइल है जिसे वे लिख नहीं पाए हैं इन्हें ही लिखकर देना है। बेरोजगारों ने कहा कि देखकर लिखना आसान काम है बदले में उन्हें हजार- डेढ़ हजार की इनकम हो जाएगी। वे झांसे में आ गये और ढाई हजार रूपये देकर रजिस्ट्रेशन करा फाइल ले लिए। निर्धारित समय में फाइल की नक़ल लिख जब वे जमा करने पहुंचे तो कम्पनी फरार हो चुकी थी। बहुत पता करने भी कुछ पता न चला। कंपनी के युवती ने जो पता दिया था उसपर जाकर पता करने पर जानकारी मिली कि वह किराया पर थी और जा चुकी है। इस मामले में महिला अधिकारों के लिए लड़ने वाली सुश्री रेनू बाग ने कहा है कि वे इस मामले को लेकर ऊपर तक जाएंगी और ठगे गए बेरोजगारों के साथ न्याय और हक़ के लिए आवाज उठाएंगी।

## समाचार संक्षेप

### शास्त्रीय संगीत संध्या का आयोजन 22 को

**भिलाई,16 जून।** भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा 22 जून को संध्या 7-30 बजे से महात्मा गाँधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में शास्त्रीय संगीत संध्या का आयोजन किया जा रहा है। शास्त्रीय संगीत संध्या के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सितार सम्राट नीलाद्री कुमार



सितार वादन की विविध बानगी प्रस्तुत करेंगे। इस आयोजन में नीलाद्री कुमार के साथ कोलकाता के अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त तबला वादक रूपक भट्टाचार्य संगतकार रहेंगे। संगीत संध्या में अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सितार सम्राट नीलाद्री कुमार अपने सितार की झंकार से बेहद चर्चित धुन व राग-रागिनियों को सम्मोहक अंदाज में प्रस्तुत करेंगे। उल्लेखनीय है कि सितार सम्राट श्री नीलाद्री कुमार ने वाद्य संगीत में नवीन प्रयोग करते हुए सितार व गिटार में अद्भुत समन्वय स्थापित कर एक नए वाद्य जीटार का आविष्कार करके हिन्दुस्तानी व पाश्चात्य संगीत के अनूठे मिश्रण को प्रचलन में लाया है। उनकी प्रस्तुतियों को देश-विदेश में भी संगीत मर्मज्ञों द्वारा सराहा जाता है।

### सदस्यों के साथ जनपद अध्यक्ष ने सांसद चुने जाने पर विजय बघेल को दी बधाई



**पाटन 16 जून।** सांसद चुने जाने के बाद सांसद विजय बघेल से मुलाकात कर उन्हें बधाई देने का सिलसिला जारी है। बधाई देने वालो में कांग्रेस के वरिष्ट नेताओ को भी देखा जा सकता है। जिनके हाथ में क्षेत्र में कांग्रेस का बागडोर रहता था अब ये सब भाजपा का दामन थामने लगे हैं । जनपद अध्यक्ष श्रीमती रामबाई गजानंद सिन्हा ने नेतृत्व में जनपद पंचायत पाटन कई जनपद सदस्य सांसद बघेल से मुलाकात कर उन्हें सांसद निर्वाचित होने पर बधाई भी दिया। बता दें कि एक दिन पहले ही दक्षिण पाटन के तीन दिग्गज कांग्रेस नेता और जनप्रतिनिधि भी सांसद बघेल को बधाई देने पहुंचे थे। सांसद से मुलाकात करने वालो में जनपद अध्यक्ष श्रीमती रामबाई गजानंद सिन्हा, जनपद सद्स्य उत्तरा सोनवानी, रवि सिन्हा, श्रीमती सोनकर, घनश्याम कौशिक, खीलेश यादव, सहित अन्य जनपद सद्स्य के अलावा लवकुश चंद्राकर भी मौजूद रहे।

### सीईओ जिला पंचायत ने जनपद पंचायतों के कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की

**राजनांदगांव 16 जून।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के जनपदों में संचालित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन एवं प्रगति की वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक लेकर कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ ने जनपद पंचायतवार बीपीआरसी भवन की समीक्षा करते हुए सभी सीईओ जनपद को बीपीआरसी भवन को सरपंचो एवं सचिवों का प्रशिक्षण कार्यक्रम सुचारू रूप से संचालित कराने के लिए व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण हेतु जिला स्तर पर मास्टर ट्रेनर्स की व्यवस्था करने जून माह के अंतिम सप्ताह एवं जुलाई माह के प्रथम सप्ताह से प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित करने के लिए कहा। उन्होंने समय-सीमा, जनचौपाल, पीजीएन प्रकरण के समीक्षा में राजनांदगाव जिले की स्थिति संतोषजनक पाया गया लेकिन खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई एवं मोहला-मानपुर-चौकी जिले की स्थिति ठीक नहीं पाये जाने के कारण आगामी बैठक तक निराकृत करने कड़े निर्देश दिए। उन्होंने महात्मा गांधी-नरेगा अन्तर्गत स्वीकृत कार्यो को तत्काल प्रारम्भ करने, कार्यों की स्वीकृति में एकरूपता रखने, मजदूरों को अधिक से अधिक रोजगार उपलबध कराने, वनाधिकार पट्टाधारियों को मनरेगा के तहत कार्य देने एवं प्राथमिकता से कार्य कराने तथा सामाजिक अंकेक्षण के कार्यों को इसी सप्ताह पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत सोख्ता गड्ढा के कार्यों को इसी सप्ताह पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक शौचालय अपूर्ण पाए जाने पर असंतोष व्यक्त किया तथा तत्काल शौचालय निर्माण के कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कचरा संग्रहण, आवास योजना, मनरेगा के तहत सड़क, नाली, गार्डन की व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जनपद पंचायतों को पांच कालोनी के आवास निर्माण का लक्ष्य प्रदान किया।

### कुपोषण मुक्ति के लिए पोट्ठ लईका अभियान के तहत पालक चौपाल का आयोजन

**राजनांदगांव 16 जून।** जिला प्रशासन द्वारा जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए पोट्ठ लईका अभियान के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रत्येक शुक्रवार को पालक चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने बच्चों के सुपोषण के लिए पौष्टिक आहार देने एवं उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए सुझाव हेतु पालक चौपाल आयोजित करने के निर्देश दिए थे। इसी तारतम्य में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह के मार्गदर्शन में यूनिसेफ तथा एबीस इंडिया के समन्वय से राजनांदगांव, छुरिया और डोंगरगांव के महिला एवं बाल विकास के परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षकों तथा स्वास्थ्य विभाग के बीएमओ एवं एनआरएलएम के मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के बाद मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मैदानी स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, एएनएम, बिहान समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया है।

## जलकर जमा नही करने वालो पर गिरेगी गाज,एक्शन में आया राजस्व विभाग

**दुर्ग, 16 जून।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहरी क्षेत्र में जलकर वसूली अभियान चलाने की तैयारी में है।शहर क्षेत्र में पानी आपूर्ति नगर निगम द्वारा की जा रही है।पानी के बदले में निगम द्वारा शुल्क लिया जाता है।वही कुछ लोग जलकर अदा नही कर रहे है। जिससे जलकर की राशि बकाया बढ़ता जा रहा है।निगम द्वारा लोगो को नियमित रूप से जलापूर्ति की जा रही है।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के दिशा निर्देश पर सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर ने जानकारी में बताया कि जलकार्य निरीक्षक राजू चन्द्राकर द्वारा घर-घर सर्वे कर अवैध नल कनेक्शन व जलकर जमा नही करने वालो को चिन्हित किया जा रहा है। सर्वे के समय प्रपत्र में इस बात का साफ उल्लेख करना होगा कि अमृत मिशन के तहत किये गए कनेक्शन वैध है या अवैध।अवैध कनेक्शन पाए जाने पर उस मकान मालिक के खिलाफ निगम नोटिस जारी कर अर्थदंड के साथ साथ नल कनेक्शन को वैध किए जाने की कार्रवाही करेगी।बहाना बनाने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाही।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि ऐसे मकान मालिकों को चिन्हित किया जाये।जिनके यहाँ पूर्व से नल कनेक्शन होने के बाद भी जल आपूर्ति पर्याप्त नहीं होने या फिर नल से पानी नही आने का बहाना बनाकर जलकर की राशि निगम कोष में जमा नहीं किया जा रहा है। ऐसे हितग्राहियों को भी जलकर की बकाया राशि को जल्द जमा करने के लिए नोटिस जारी किया जाएगा।शहर क्षेत्र में सर्वे का कार्य सभी जोन के वार्डो में शुरू कर कार्रवाही किया जाएगा।जानकारी के मुताबिक नल का उपयोग कर नल टैक्स नही देने वाले हितग्राही के विरुद्ध कार्यवाही होगी। निगम के डिमांड रजिस्टर में 8458 नल का डिमांड दर्ज है परन्तु इनके द्वारा जलकर का टेक्स जमा नही किया जा रहा हैं। जिसके कारण निगम को जलकर की राशि प्राप्त नही हो रही है।सभी को नोटिस जारी किया जाएगा।इसके अलावा अवैध कनेक्शन तथा ऐसे करदाता भी है जो स्वयं के बोर का पानी के उपयोग करने एवम पानी कम आने के नाम पर जलकर की राशि का भुगतान नहीं कर रहे है।बता दे कि बिना अनुमति के नल कनेक्शन देने वाले ठेकेदार के विरुद्ध लायसेंस निरस्त करने तथा ब्लेक लिस्ट करने की कार्यवाही किया जाएगा।नगर निगम द्वारा शहर क्षेत्र के जलकर दाताओं से अपील कर कहा कि कार्यवाही से बचना हो तो जलकर की राशि नगर निगम के कोष में जमा कर देवे जिसके लिए वार्ड क्रमांक 01 से 60 तक के समस्त जनप्रतिनिधियों से भी विनम्र निवेदन है कि अपने वार्ड में अवैध नल कनेक्शन की जानकारी हो तो जलकार्य निरीक्षक राजूलाल चंद्राकर से या अपने वार्ड के सहायक राजस्व निरीक्षको से सम्पर्क करते हुए वैध करा कर रशीद प्राप्त करने प्रेरित करें ।

# शीतला तालाब को साफ करने विधायक-आयुक्त ने पकड़ा फावड़ा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रिसाली 16 जून।** अभियान कैच द रैन के तहत वार्ड 17 शिव पारा स्टेशन मरोदा स्थित शीतला तालाब की सफाई की गई। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने तालाब के भीतर फैले जलीय पौधे को निकालने फावड़ा उठाया। वही महापौर शशि सिन्हा और आयुक्त मोनिका वर्मा का सहयोग करने सैकड़ों लोगों ने कतार में खड़े हो कर सफाई अभियान में हाथ बढ़ाया। तालाब की सफाई करने विधायक ललित चंद्राकर सुबह से ही शिव पारा पहुंच गए थे। उन्होंने पहले नागरिकों से चर्चा की,फिर तालाब को साफ करने आम लोगों से सहयोग की अपील की। विधायक और महापौर का सहयोग करने आम लोगो सहज रूप से तैयार हो गए। दुर्ग ग्रामीण विधायक ने महापौर, एम आई सी , पार्षद और रिसाली मंडल के पदाधिकारियों के साथ मिलकर जलीय पौधे, पॉलीथिन को तालाब से बाहर निकाला। दो घंटा से अधिक समय तक चले इस अभियान में दो ट्रैक्टर ट्राली से अधिक कचरा निकाला गया। विधायक ने अंत में शहर के प्रत्येक तालाब को साफ रखने नागरिकों को सजग रहने कहा। तालाब सफाई अभियान में एम आई सी अनूप डे, सोनिया देवांगन, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, पार्षद गजेंद्री कोठारी, रमा साहू, ममता सिन्हा, नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र सिंह, विधि यादव, सविता धवस, सीमा साहू, ईश्वरी साहू, मनीष यादव, जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शैंडे आदि शामिल हुए। विधायक ने अतिक्रमण कर चलाए जा रहे कबाड़ की दुकान को हटाने निर्देश दिए। नागरिकों का कहना था कि कबाड़ी न बिकने वाले समान की छटाई कर तालाब में फेंक देता है। विधायक ने निगम अधिकारियों से कहा कि नागरिक की शिकायत दूर हो यही उनकी प्राथमिकता है।



**भिलाई,16 जून।** भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं हैवी ट्रांसपोर्ट के युवा डायरेक्टर इन्द्रजीत सिंह छोटू के नेतृत्व में एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव से मुलाकात कर उनको जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की । इस अवसर पर महेंद्र सिंह पप्पी, छत्तीसगढ़ बलकर एसोसिएशन के अध्यक्ष मलकीत सिंह लल्लू, अनिल चौधरी, जोगा राव, अनिल सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## नौकरी लगाने के नाम पर 20 लाख की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई, 16 जून।** नेवई थाना क्षेत्र एक युवक को बड़े अधिकारियों से अच्छी जान-पहचान का झांसा देकर खाद्य विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर उससे 20 लाख रुपए की धोखाधड़ी कर ली। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 420,34 के तहत अपराध दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, दूसरे की तलाश कर रही है। नेवई टीआई आनंद शुक्ला ने बताया कि सुयश पटेल (26 वर्ष ) निवासी रिसाली सेक्टर ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि उसके पिता अक्टूबर 2023 में बीएसपी से सेवानिवृत्त हैं। प्रार्थी कोरोना के बाद से नौकरी की तलाश कर रहा था। घर के पड़ोस में पवन कुमार ढिंडे रहता था जो स्वयं को पुलिस विभाग (सीएएफ) में नौकरी करना बताया एवं उसका काफी वर्षों से घर में आना जाना था। पवन ने बातचीत में प्रार्थी व उसके माता-पिता को कहा था कि किसी को नौकरी लगाना होगा तो बताना उसका बडे अधिकारी से अच्छी जान पहचान है। एक दिन पवन कुमार अपने साथ सुनील पटेल के साथ घर आया था। उसे अपना अधिकारी बताया और परिचय करवाते हुए कहा कि ये बड़े अधिकारी हैं और नौकरी भी लगाते हैं। उन्होंने बताया कि खाद्य विभाग में वैकेंसी खाली है सीधी भर्ती है किसी को लगवाना है तो बताओ 20 लाख रुपए लगेंगे। तब प्रार्थी के पिता राजी हो गए 13 मई 2023 को सुनील पटेल और पवन हिंडे आये थे और अलग-अलग किश्तों में ऑनलाइन व बैंक तथा नकद रकम 20 लाख रूपए लेकर फर्जी ट्रेनिंग, जॉइनिंग लेटर व्हाट्सएप में भेजा। ठगी का एहसास होने पर प्रार्थी ने नेवई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया। टीआई शुक्ला ने बताया कि आरोपी पवन कुमार ढिंडे (34 वर्ष ) निवासी रिसाली सेक्टर को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर साथी सुनील कुमार पटेल के साथ मिलकर ठगी करना स्वीकार किया है। पुलिस आरोपी पवन को गिरफ्तार कर लिया है वहीं फरार सुनील की तलाश कर रही है।

## एक नजर

### अलग-अलग स्थानो से गुम हुए 36मोबाइल फोन ढूंढ कर लोगों के सुपूर्द किया गया

**राजनांदगांव 16 जून।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे थाना कोतवाली राजनांदगांव पुलिस द्वारा गुम मोबाईल के पतासाजी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत 36 नग विभिन्न कंपनियों के गुम मोबाईल किमती 600000 रूपये को तलाश कर आज दिनांक 14.06.2024 को प्रार्थीगणों को सुपूर्द किया गया है। प्रार्थियों को उनके गुम मोबाईल मिल जाने से कोतवाली पुलिस की त्वरित कार्यवाही से खुश होकर सभी थाना स्टाफ को धन्यवाद दिया गया। आगे भी गुम मोबाईल के पतासाजी जारी रहेगी। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी कोतवाली सीसीटीएनएस महिला आरक्षक रानू दुबे, सीसीटीएनएस आरक्षक भवानी थनापति एवं आरक्षक रूपेन्द्र वर्मा की सराहनीय भुमिका रही।

### विश्व रक्तदाता दिवस पर 2 रक्तदान शिविरों का आयोजन




**रायपुर. 16 जून ।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित मॉडल ब्लड बैंक सेंटर में 20वें विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में मेडिकल स्टूडेंट्स, छ. ग. प्रगतिशील यादव समाज, सीआरपीएफ के जवानों, जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन, इंटर्न और स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने 34 यूनिट रक्तदान किया। वहीं जेसीआई रायपुर कैपिटल के साथ वृंदावन हाल सिविल लाइंस रायपुर में 70 यूनिट रक्तदान हुआ। इन दोनों रक्तदान शिविरों में कुल 104 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। जेसीआई रायपुर कैपिटल की तरफ से कैंप का कार्यभार श्री सुधीर अग्रवाल ने संभाला। मॉडल ब्लड बैंक के इंचार्ज डॉ. विजय कापसे के मार्गदर्शन में एवं डॉ. अविरल मिश्रा के सहयोग से दोनों रक्तदान शिविर का यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। जेसीआई रायपुर कैपिटल के रक्तदान शिविर की टीम में डॉ. स्नेहा, डॉ. लोकेश, गिरीश, लोमस, भूमिका यादव, शोभाराम साहू, राकेश बंजारे, राकेश शर्मा, मुकेश एवं सती शामिल थे। सभी के विशेष सहयोग से रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया।

### लाइफस्टाइल पर शुरू हो रही है सीज़न की सबसे बड़ी सेल

**रायपुर 16 जून।** भारत के अग्रणी फैशन डेस्टिनेशंस में से एक लाईफस्टाईल पर 7 जून से सीज़न की सबसे बड़ी सेल शुरू हो रही है इस सेल में शपर्स को टप फैशन ब्रांड्स के लेटेस्ट स्टाईल्स पर 50 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। प्रमुख नेशनल और इंटरनेशनल ब्रांड्स के लेटेस्ट ट्रेंड्स और फैशन विकल्पों के विशाल कलेक्शन के साथ इस लाईफस्टाईल सेल में फैशन प्रेमियों को अपनी वर्डरोब के लिए अनेकों विकल्प मिलेंगे। इस लाईफस्टाईल कलेक्शन में स्प्रिंग-समर के सर्वश्रेष्ठ परिधान शामिल हैं जिनमें फ्लोरल प्रिंट्स और पैस्टल ह्यू का आधिक्य है। इसके स्टाईलिश संग्रह में महिलाओं के लिए ट्रेंडिंग शिफली और क्रोशे ड्रेस, विंटेज ब्लूम को-अर्ड सेट, स्टाईलिश डेनिम ट्रेंड्स और पुरुषों के लिए प्रिंटेड शर्ट की विशाल श्रृंखला, अल-न्यू लूज़ फिट पैंट, एवं आकर्षक टी शर्ट बेहतरीन डिस्काउंट के साथ मिल रहे हैं। यहाँ आकर फैशनप्रेमियों को गर्मी में भी अपना कूल लुक बनाए रखने का तरीका मिलेगा। लाईफस्टाईल की सेल में ट्रेंड सेटर 100 से ज्यादा नेशनल और इंटरनेशनल ब्रांड्स के नए ट्रेंड्स की शपिंग करने का बेहतरीन अवसर पाएंगे। इन ब्रांड्स में मेलांज, जिंजर, फोरका, कोड, एंड, बीबा, ग्लोबल देसी, जैक एंड जोन्स, इंडियन टेरेन, पार्क एवेन्यू, पेपे जीन्स, प्यूमा, एडिडास, फसिल, अरमानी एक्सचेंज, मेबेलीन, लरिआल आदि शामिल हैं।

### सेंकों गोल्ड ज्वेलरी ने प्यार का गठबंधन ब्राइडल ज्वेलरी कलेक्शन किया लांच

**रायपुर 16 जून।** शादी, दो लोगों के बीच विश्वास और प्रेम का बंधन होता है, जो उनके साथ ही दो परिवारों को भी जोड़ता है। अपनी शादी में हर दुल्हन चाहती है कि सबकी नजरें बस उस पर टिकी हों। वह सबसे अलग और खूबसूरत दिखना चाहती है। उनकी इस ख्वाहिश को पूरा करने तथा शादी के बंधन को और मजबूत बनाने के लिए सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स ज्वेलरी रिटेलर ने प्यार का गठबंधन ब्राइडल ज्वेलरी कलेक्शन लॉन्च किया है। अब गठबंधन सिर्फ शादी की रस्मों में ही नहीं होगा बल्कि जीवनभर दुल्हन का साथ देगा।प्यार का गठबंधन ब्राइडल ज्वेलरी कलेक्शन के लॉन्च पर सुश्री जोइता सेन, डायरेक्टर और हेड-मार्केटिंग एवं डिज़ाइन, सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स, ने कहा, भारत की तमाम दुल्हनों के लिए डिज़ाइन किया गया यह कलेक्शन पोल्की, कुंदन, एंटीक, हीरे और सोने की सदाबहार ब्राइडल ज्वेलरी की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करता है, जो कभी खत्म न होने वाले शाश्वत प्रेम को बयाँ करती है। यह कलेक्शन ग्राहकों की पसंद और उनके बजट के अनुकूल है।

### राशन कार्डधारियों का ई-केवाईसी व नवीनीकरण 30 जून तक पूर्ण करने के निर्देश

**रायपुर 16 जून।** सामान्य श्रेणी एपीएल प्राथमिकता और अंत्योदय अन्न योजना के परिवार के राशन कार्डधारियों का ई-केवाईसी और नवीनीकरण के लिए राज्य स्तरीय अधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें सभी योजनाओं के शेष बचे हुए हितग्राहियों को 30 जून तक ई-केवाईसी व नवीनीकरण पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है। ईकेवाईसी के लिए शेष बचे हुए हितग्राही को नजदीकी के शासकीय उचित मूल्य दुकान में अपने राशनकार्ड के सभी सदस्यों का ईकेवाईसी आवश्यक रूप से किया जाना सुनिश्चित है। तथा नवीनीकरण के लिए शेष बचे हुए राशनकार्ड धारियों को एंड्रॉयड मोबाइल फोन पर लिंक डाउनलोड कर या अपने शासकीय उचित मूल्य दुकान पहुंचकर राशनकार्ड का नवीनीकरण कराया जाना है।

# किसी भी कीमत पर न बिगड़े कानून-व्यवस्था: मुख्यमंत्री

**रायपुर 16 जून।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सख्त तेवर दिखाते हुए कहा कि प्रदेश में किसी भी कीमत पर कानून और व्यवस्था की स्थिति न बिगड़े। यदि ऐसा होता है तो जिम्मेदारी तय कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आम जनता के बीच पुलिस की सख्त और संवेदनशील छवि दिखनी चाहिए। जनता का विश्वास पुलिस पर रहे, इसके लिए एक मेकैनिज्म बनाने की आवश्यकता है। जनता का जितना पुलिस पर विश्वास रहेगा उतना ही अच्छा होगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने आज अपने निवास कार्यालय में आयोजित गृह एवं जेल विभाग के कार्यो की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री श्री विजय शर्मा, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा, अपर मुख्य



सचिव गृह श्री मनोज कुमार पिंगुआ सहित गृह एवं जेल विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नए कानून जो जुलाई में लागू हो रहे हैं इसके लिए समय रहते सभी आवश्यक तैयारियां कर ली जाए। प्रदेश में नशाखोरी, जुआ और सट्टा पर सख्ती से रोक लगाई जाए। अवैध शराब, जुआ, सट्टा से संबंधित शिकायतें नहीं आनी चाहिए, इसके लिए जिले स्तर पर जिम्मेदारी तय की जाए। जुआ और सट्टा बंद होने चाहिए। चिटफंड कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और कंपनियों से रिकवरी कर निवेशकों को उनकी राशि शीघ्र उपलब्ध कराई जाएं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पुलिस प्रशासन की धमक हर क्षेत्र में दिखनी चाहिए। माओवाद का अंतिम रूप से खात्मा करना हमारा लक्ष्य है। माओवादी आंतक के खिलाफ हमारा अभियान लगातार जारी रहेगा। इस अभियान में पुलिस को अच्छी सफलता मिल रही है। इसके लिए पुलिस बधाई के पात्र है। माओवाद के खिलाफ पुलिस को अच्छी सफलता मिल रही है, यह लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नियद नेल्लानार योजना के तहत पुलिस कैम्पों के पांच किलोमीटर की परिधि में आने वाले गांवों के विकास के लिए राशि की कमी नही होगी। इस गांवों के विकास के लिए राज्य सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। इस योजना के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए राशि की कमी नहीं होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के नवगठित जिलों में जहां अजाक थाने नहीं है, वहां शीघ्र अजाक पुलिस थाने खोले जाएंगे। पुलिस विभाग में रिक्त पदों की भर्ती और पदोन्नति की कार्रवाई शीघ्र की जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस की क्षमता विकास के लिए अधिकारियों और जवानों के प्रशिक्षण नियमित रूप से आयोजित किए जाएं। पुलिस को सुदृढ़ और दक्ष बनाने के लिए राज्य सरकार के स्तर से संसाधनों की कोई कमी नही होगी।

## मध्यान्ह भोजन बनाने स्कूलों में रसोइयों को दिया प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद 16 जून।** जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद श्री मोहन राव सावंत के दिशानिर्देशन एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री प्रकाशचंद्र मांझी के मार्गदर्शन में विकासखंड सरायपाली के विद्यालयों को चार जोन - सरायपाली, पाटसेन्द्री, तोरेसिंहा, सिंघोड़ा बनाकर 257 प्राथमिक शाला एवं 90 उच्च प्राथमिक शाला के मध्यान्ह भोजन बनाने वाले रसोइयों को आमंत्रित कर प्रशिक्षित किया गया। बीईओ प्रकाशचंद्र मांझी द्वारा प्रशासनिक कसावट लाते हुए बच्चों के सुपोषण हेतु ताजा गरम,पौष्टिक भोजन मुहैया कराने शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पूर्व ही रसोईयों को कीचन शेड की साफ सफाई,कीचन में सामग्रियों की उचित रखरखाव करने, एहतियातन विगत सत्र के बचे हुए खाद्य सामग्रियों/मसाले,हल्दी आदि सामानों को उपयोग पर न लाने,स्कूल खुलने से पहले ही मध्याह्न भोजन प्रदायगी व्यवस्था को व्यवस्थित दुरुस्त करने एवं शाला स्तर पर पोषण वाटिका/कीचन गार्डन बनाने आदि के लिए रसोईयों को कुशल मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से प्रशिक्षण



दिया गया। जोन स्तर पर प्रशिक्षकों द्वारा रसोईयों को रसोई घर की नियमित साफ - सफाई संबंधी आवश्यक जानकारी देते हुए तीन बिन्दुओ में सारगर्भित जानकारी दिया गया जिसमें भोजन बनाने से पूर्व,भोजन बनाते समय एवं भोजन परोसते समय आवश्यक सावधानियां बरतने ट्रेनिंग दी गई साथ ही बर्तनों की साफ सफाई एवं उचित रखरखाव,विभिन्न सामग्रियों का जांच /परीक्षण करने संबंधी आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया।बच्चों को भोजन परोसने के पूर्व अनिवार्य रूप से चखने, बच्चों को बैठाकर व्यवस्थित भोजन कराने, भोजन निर्माण की सतत निगरानी रखने, भोजन को खुले में न रखने, किसी भी परिस्थिति में दूषित/जहरीला/विषाक्त भोजन बच्चों को न परोसने,दाल/सब्जी/भोजन आदि की गुणवत्ता अच्छा रखने, स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने,कीचन शेड में पर्याप्त रोशनी एवं हवा निकासी हेतु रोशनदान की व्यवस्था रखने,चावल की समुचित साफ सफाई के साथ भण्डारण रखने, भोजन उपरांत थाली गिलास बर्तनों की सफाई एवं उचित रखरखाव करने प्रशिक्षण दिया गया। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण कार्यक्रम अंतर्गत मध्याह्न भोजन योजना अन्तर्गत नियमानुसार प्राथमिक और मिडिल स्कूलों के विद्यार्थियों को दोपहर का भोजन निःशुल्क प्रदान किया जाता है। जो विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने,प्रतिधारण और उपस्थिति बढ़ाने तथा पोषण स्तर में सुधार करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य व्यक्ति का सर्वांगीण विकास है: प्रसन्ना आर

**रायपुर, 16 जून।** राजधानी रायपुर स्थित कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का विश्वविद्यालय में क्रियांवयन को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उच्च शिक्षा विभाग के सचिव श्री प्रसन्ना आर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए श्री प्रसन्ना आर ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति विद्यार्थी के सर्वांगींण विकास को केंद्रित कर तैयार की गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य है कि व्यक्ति स्वावलंबी होकर नैतिक मूल्यों से परिपूर्ण रहे। छत्तीसगढ़ प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शैक्षणिक सत्र 2024-25 से लागू की जा रही है। इस संबंध में शासन स्तर पर सभी तैयारियां की जा रही हैं। पत्रकारिता विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का बेहतर क्रियांवयन हो और यह विश्वविद्यालय पूरे प्रदेश में आदर्श के रूप में स्थापित हो ऐसी मेरी अपेक्षा है। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के राज्य नोडल अधिकारी प्रोफेसर जी. ए. घनश्याम ने विषय एनईपी 2020 के माध्यम से भारत को विकसित भारत के रूप में बदलना पर बोलते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य शिक्षा के संस्कार को पैदा करना है। जिसमें भारतीय परंपरा, ज्ञान और कौशल के समावेश पर जोर दिया गया है। यह शिक्षा नीति हमारे देश को विकासशील से विकसित भारत की और ले जायेगी। वहीं विद्यार्थियों में कौशल का विकास करेगी, जिससे वह काम लेने वाले नहीं बल्कि काम देने वाले बन सकेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति विद्यार्थियों के लिए वरदान है । इसमें कौशल, नैतिक मूल्य



और स्वावलंबन पर विशेष जोर दिया गया है। इससे विद्यार्थियों में विविध ज्ञान का विस्तार होगा। च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम पर आधारित राष्ट्रीय शिक्षा नीति विद्यार्थियों में शिक्षा का एक नया परिदृश्य सामने रखती है। कार्यशाल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 कार्य समूह के सदस्य सचिव प्रोफेसर डी. के. श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रेडिट व्यवस्था को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मल्टीपल एग्जिट और मल्टीपल एंट्री पर महत्व दिया गया है। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के समग्र विकास को प्रोत्साहित करेगी। व्यावसायिक कौशल के साथ ही बहुभाषी शिक्षा और समग्र विकास पर जोर देकर विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और नैतिक मूल्यों का संवर्धन करेगी, जिससे विद्यार्थी भविष्य के लिए बेहतर ढंग से तैयार हो सकें।

### विधायक ने प्रधानपाठ बैराज का कार्य शीघ्र पूर्ण करने किया निर्देशित

**डोंगरगढ़ 16 जून।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुढ़ीपार स्थित प्रधानपाठ जलाशय बैराज का औचक निरीक्षण विधायक हर्षिता स्वामी बघेल द्वारा किया गया। आस पास के किसान एवं ग्रामीण बैराज से संबंधित अपनी समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। जिसमे अनुविभागीय अधिकारी (स,ष्ठ,ह्व,) जल संसाधन श्री राज कुमार कोशरिया एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियो को समस्या से निराकरण के लिए विधायक हर्षिता स्वामी बघेल द्वारा कार्य शीघ्र पूर्ण कराने निर्देशित किया गया। वहीं ग्रामीणों को संबोधित करते कहा कि आपके साथ हम सब है और जल्द से जल्द कार्य पूर्ण हो उसमे मैं विशेष ध्यान देकर करवाउंगी व सत्र के चलते बात रखूंगी । इस अवसर पर भूपेंद्र सिंह ठाकुर,भीखम सिन्हा मधुसुदन ,गौतम चंद जैन ,घनश्याम सिन्हा सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता एवम ग्रामवासी उपस्थित रहे ।



## कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का किया आकस्मिक निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 16 जून।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने इस दौरान पुराने ओपीडी हॉल को आयुष विभाग को देने के लिए निर्देशित किया, ताकि वहां आयुर्वेद से संबंधित चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मरीजों को मिलता रहे और इससे उपचार के लिए एक अच्छा स्थान मिल जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि ऑपरेशन थियेटर के जीर्णोद्धार के लिए शासन की ओर से राशि प्राप्त हो गई है। यह कार्य तत्काल प्रारंभ करें। उन्होंने आपातकालीन सेवाओं के लिए एम्बुलेंस हेतु सेटल सर्विस प्रारंभ करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने इस दौरान हॉस्पिटल में साफ-सफाई का अवलोकन किया तथा महिला-पुरूष वार्ड का जायजा



लिया। उन्होंने वार्ड में मरीजों से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य एवं मिल रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने हॉस्पिटल में लाईट, पंखा एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में सघन निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सकों से दवाई की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को बारिश के पहले हॉस्पिटल के आस-पास के नालों की साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एनआर नवरतन, डॉ. यूएस चंद्रवंशी, शासकीय मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री से श्री अवीन चौधरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### मदनपुर इंजको के पंचायत भवन में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

## न्यायाधीश ने कार्यशाला में बालश्रम के दुष्प्रभावों की जानकारी दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव 16 जून।** अंतराष्ट्रीय बाल श्रम दिवस के अवसर पर न्यायिक मजिस्टेऊट प्रथम श्रेणी उमेश कुमार भागवतकर द्वारा ग्राम मदनपुर इंजको के पंचायत भवन मे विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया,इस दौरान यहा उपस्थित ग्रामीणो को न्यायिक मजिस्ट्रेट उमेश कुमार ने बाल मजदुरी के दुष्प्रभाव के विषय मे विस्तृत जानकारी दी। बाल श्रम की समस्या को देखते हुये हर वर्ष बाल श्रम दिवस मनाया जाता है,जिसकी शुरूआम अंतराष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा बाल श्रम को रोकने के लिए किया गया था,आज भी राज्य मे गरीब परिवारो के बच्चे पढाई लिखाई छोडकर कम उम्र मे ही काम धंधो मे लग जाते है,जो कि एक अभिशाप है। उपस्थित ग्रामीणो को उन्होने बताया कि जिस प्रकार आज पैसे कमाने की चाह मे लोग अपने बच्चो को होटल,ढाबो,दुकानो और छोटे-



छोटे कारखानो मे काम के लिए भेजते है,इससे बच्चो के स्वास्थ्य,मानसिक एवं शारीरिक स्थिती पर विपरीत प्रभाव पडता है। बच्चो के भविष्य एवं सर्वांगीण विकास को देखते हुये सरकार व अंतराष्ट्रीय संगठन द्वारा 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चो के किसी भी प्रकार के नियोजन पर प्रतिबंध लगाया गया है। न्यायिक मजिस्टेऊट प्रथम श्रेणी उमेश कुमार भागवतकर ने कहा कि बाल श्रम अधिनिय 1986 के तहत अगर कोई अपने दुकान प्रतिष्ठान एवं कल कारखानो मे 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चो को किसी भी प्रकार के काम मे रखता है तो यह उक्त अधिनियम की धारा 14 के तहत दण्डनीय अपराध है। शिविर मे उपस्थित लोगो को बताया कि बच्चो के पढने खेलने की उम्र मे उनसे किसी भी प्रकार का काम ना कराया जाये,यह अपराध है। अक्सर देखा गया है कि किसान,श्रमिक परिवार के बच्चे छोटी उम्र से ही पढाई लिखायी छोडकर काम धंधे मे लग जाते है। इससे बच्चो का भविष्य अंधकारमय हो जाता है,तथा कल कारखानो,खदानो आदि मे काम करने से वे कई प्रकार की बिमारीयों से भी ग्रसित हो जाते है,बाल अधिकार के तहत बच्चो को विभिन्न प्रकार से अधिकार भी प्रदान किये गये है। इसके अलावा उपस्थित ग्रामीणो को कानून के अन्य विषयो की भी व्यवहारिक जानकारियां प्रदान की गयी।

## समाचार संक्षेप

### आदिवासियों को भड़काने की कोशिश नाकाम रही,मानपुर का आंदोलन विफल: ठाकुर

**राजनांदगांव 16 जून।** आदिवासियों के प्रखर नेता केन्द्रीय गोड़वाना महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एम.डी.ठाकुर ने गत दिनों हुये मानपुर में जेल भरो आंदोलन के आव्हान को विफल बताते हुये कहा कि आदिवासियों को बरगलाने की कोशिश विफल रही, जो आदिवासियों की जागरूकता का प्रतीक है। देश के साथ-साथ क्षेत्र का आदिवासी समाज भी राष्ट्र की मुख्य धारा से जुड़ा हुआ है, यही कारण है कि विघटनकारी लोगों के मंसूबे पूरे नहीं हो पा रहे है। श्री ठाकुर ने अपने बयान में आगे कहा कि आदिवासी समाज को वर्तमान समय में सर्वाधिक मान-सम्मान मिल रहा है। जहॉ देश के शीर्ष पद पर आदिवासी महिला का नेतृत्व समाज को गौरवांन्वित कर रहा है, वही पूर्वोत्तर भारत को छोड़ दे तो अपने क्षेत्र में छत्तीसगढ़ के बाद उड़ीसा में भी आदिवासी समाज से मुख्यमंत्री बनाना आदिवासियों के प्रति देश के प्रधानमंत्री मोदी जी वचनबद्धता जाहिर होती है। श्री ठाकुर ने कहा कि कतिपय तत्व आदिवासी समाज को राष्ट्र की मुख्यधारा से तोड़ने तमाम तरह के दुष्चक्र चला रहे है, फूट डालने के बहुतेरे प्रयास हो रहे है, जो कभी भी सफल नहीं होगें। आदिवासी समाज हिंसा पर कदापि विश्वास करने वाला नहीं है। हम देश की संस्कृति व उसकी सभ्यता के प्रारंभ से ही रक्षक रहे है। स्वाधीनता आंदोलन में आदिवासी समाज की उल्लेखनीय भूमिका रही है, बावजूद इसके कुछ लोग सीधे-साधे शांति-प्रिय आदिवासी समाज को बदनाम करने की नियत से उल्टे-सीधे आयोजन करके प्रदेश के आदिवासी मुखिया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बदनाम करने का कुचक्र चला रहे है, जिसका जमीनी स्तर पर राष्ट्रभक्त आदिवासी समाज करारा जवाब देगा और इनके इरादों को धूल-धूरसित करता रहेगा। मानपुर में जेल भरो आंदोलन की विफलता इस बात का साफ संकेत है कि प्रदेश का आदिवासी समाज प्रदेश के मुखिया के साथ पूरी ताकत से खड़ा है।



### सबको मिल रहा सम्मान,हो रहा सबका समाधान:विधायक गोमती



**पत्थलगांव 16 जून।** विधायक कार्यालय मुंडाढीह मे क्षेत्रिय लोग अपनी समस्यायें ले विधायक गोमती से भेंठ मुलाकात करी,इस दौरान क्षेत्र से पहुंचे लोग अपनी-अपनी समस्या विधायक गोमती को बतायी,जिसके बाद विधायक गोमती ने संबंधित अधिकारीयों को तत्काल निराकरण करने के दिशा निर्देश दिये। इस दौरान विधायक गोमती साय ने कहा कि क्षेत्र के लोगो की हर छोटी-बडी समस्याओ के समाधान के लिए हमेंशा प्रयासरत हूं। आज निवास कार्यालय मे जनसंपर्क के दौरान पहुंचे लोगो की समस्या को गंभीरता पूर्वक सुनी क्षेत्र की बहनों ने अपनी समस्या को लेकर ज्ञापन भी सौंपा,जिसके उचित समाधान हेतु विधायक ने आश्वासन दिया।

### रायपुर में खुलेंगे सिविल सर्विस के टॉप कोचिंग इंस्टीट्यूट

**रायपुर, 16 जून।** ट्राइबल यूथ हॉस्टलदेश के सिविल सर्विस के टॉप कोचिंग इंस्टीट्यूट अब रायपुर में अपनी शाखा खोलेंगे, जिससे राज्य के अनुसूचित जाति, जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को दिल्ली के अलावा रायपुर में भी उच्च स्तरीय कोचिंग की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इसके लिए आदिम जाति विकास विभाग ने व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने दिल्ली के ट्राइबल यूथ हॉस्टल का दौरा कर छात्रों से मुलाक़ात किया। इस दौरान उन्होंने कोचिंग इंस्टीट्यूट्स के प्रतिनिधियों से बात की। इन संस्थानों के छात्रों को प्रदान की जा रही सुविधाओं और पठन-पाठन के तरीकों के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही, उन्होंने रायपुर में इन कोचिंग इंस्टीट्यूट्स की शाखाएं खोलने के विषय पर भी चर्चा की। प्रमुख सचिव ने पूछा कि यदि रायपुर में उनकी शाखाएं खोली जाती हैं, तो उन्हें शासन से किस प्रकार की मदद चाहिए होगी। इस संबंध में कोचिंग संस्थानों को एक हफ्ते में अपनी रिपोर्ट विभाग को प्रेषित करने को कहा है। श्री बोरा ने ट्राइबल यूथ हॉस्टल दिल्ली के छात्रों से उनकी शिक्षा और करियर संबंधी विभिन्न बातों पर चर्चा की और उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने छात्रों की सुविधाओं को और बेहतर बनाने पर जोर दिया, ताकि वे बिना किसी व्यवधान के अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर सकें। श्री सोनमणि बोरा ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जहां भी आवश्यक हो, वहां पर एयर कंडीशनर लगाए जाएं। इसके साथ ही उन्होंने मेस को सुव्यवस्थित ढंग से तैयार करने और हॉल में तत्काल एसी टीवी लगाने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होने दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा दिये गए निर्देशों के पालन की जानकारी ली। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि 'विद्यार्थियों को गुणवत्ता पूर्ण कोचिंग सुविधा के साथ-साथ बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना जरूरी है। रायपुर में कोचिंग इंस्टीट्यूट खुलने से अनुकूल वातावरण में विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे।' वहीं, आदिम जाति और अनुसूचित जनजाति मंत्री श्री राम विचार नेताम ने कहा, ÷हमारी सरकार शिक्षा के महत्व को समझती है और हम चाहते हैं कि हमारे आदिवासी और अनुसूचित जाति के विद्यार्थी भी सर्वोत्तम शिक्षा और सुविधाओं का लाभ उठाएं। यह योजना उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होने कहा सिर्फ सिलेबस पढ़ना महत्वपूर्ण नहीं है, जरूरी है अनुकूल वातावरण मिले जिससे बच्चे परीक्षा के मानसिक तौर पर तैयार हो सकें। इसी सोच के साथ रायपुर में कोचिंग शुरू की जा रही है।

# राजेश लड़ेगी इलेक्शन!

एण्डटीवी के अपने पसंदीदा शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में चुनाव का बुखार देखने के लिये तैयार हो जाईये। कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) और दबंग दुल्हनिया राजेश (गीतांजलि मिश्रा) के बीच जारी मजेदार नोंक-झोंक आने वाले एपिसोड्स में एक हास्यप्रद मोड़ लेने वाली है, क्योंकि वे एक क्लब चेयरपर्सन का इलेक्शन लड़ने वाले हैं। हिमानी शिवपुरी ऊर्फ कटोरी अम्मा ने आगामी कहानी के बारे में बताते हुये कहा, ''कटोरी अम्मा को चेयरपर्सन के पद के लिये लॉयन क्लब का इलेक्शन लड़ने का एक ऑफर मिलता है। जब वह परिवार वालों को यह खबर देती है, तो मलाईका (सोनल पवार), राजेश और बिमलेश (सपना सिकरवार) उसे चुनाव में भाग नहीं लेने का सुझाव देती हैं, क्योंकि उनका मानना है कि इस उम्र में उसके लिये इस जिम्मेदारी को निभाना काफी मुश्किल होगा। हालांकि, अम्माजी अपनी जिद पर अड़ी रहती हैं। लेकिन घटनायें उस समय नाटकीय मोड़ ले लेती हैं,



जब हप्पू (योगेश त्रिपाठी) और मनोहर (नितिन जाधव) एक गरीब आदमी का अपमान करते हैं। गुस्से में आकर वह व्यक्ति उन्हें श्राप देता है कि अगले दो महीनों तक उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। संयोग से, हप्पू काफी मुश्किलों का सामना करना शुरू कर देता है।'' गीतांजलि मिश्रा, जोकि राजेश का किरदार निभा रही हैं, ने कहा, ''राजेश की सहेलियां अम्मा जी के इनकार के बावजूद राजेश को उनके खिलाफ चुनाव में खड़ी होने के लिये कहती हैं। हप्पू बेमन से उसे इसकी इजाजत दे देता है और वह चेयरपर्सन के पद के लिये लॉयन क्लब का चुनाव लड़ने का फैसला करती है। अम्माजी उसके इस फैसले से नाराज हो जाती हैं। राजेश अपने पूरे परिवार को चेतावनी देती है कि वे ऐसा कोई भी काम नहीं करें, जिससे उसकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचे। हालांकि, अपने एक पुराने दोस्त कमलकांत (राजीव मिश्रा) के बहकावे में आकर हप्पू अपमानजक हरकतें करता है, जैसे कि सार्वजनिक स्थानों पर पेशाब करना, जुआ खेलना इत्यादि। इसके अलावा, चमची (जारा वारसी) और रणबीर (सौम्य आजाद) का एक वीडियो भी लीक हो जाता है, जिसमें दोनों अपने स्कूल के चपरासी से परीक्षा के पेपर्स खरीद रहे हैं। इससे राजेश को बहुत दुख होता है।'' क्या इन चुनौतियों के बावजूद राजेश चुनाव जीत पायेगी? इस मजेदार और हास्यप्रद कहानी में कई ट्विस्ट एवं टर्न्स आयेंगे, जो निश्चित रूप से दर्शकों को कहानी से बांधकर रखेंगे।

# नेहा जोशी ने कचरे से बनाई कलात्मक चीजें!

बढ़ते प्रदूषण और संसाधनों के अत्यधिक प्रयोग की वजह से आज के दौर में चीजों की अपसाइक्लिंग और रीसाइक्लिंग करना बेहद जरूरी हो गया है। रीसाइक्लिंग में पुरानी चीजों को तोड़कर नई चीजें बनाई जाती हैं, वहीं अपसाइक्लिंग में पुरानी चीजों से कुछ नया और बेहतर बनाया जाता है। हमारे कार्बन फुटप्रिंट को कम करने और पर्यावरण में स्थिरता लाने के लिए दोनों ही तरीके महत्वपूर्ण हैं। एण्डटीवी के 'अटल' में कृष्णा देवी वाजपेयी का किरदार निभा रहीं प्रतिभाशाली एक्टर नेहा जोशी, पर्यावरण के अनुकूल जिंदगी बिताने का एक बेहतरीन उदाहरण हैं। सस्टेनेबिलिटी को लेकर उनका उत्साह उनके हर काम में साफ झलकता है। वे घर की रद्दी और रोजमर्रा की चीजों को अपसाइक्लिंग से उपयोगी कलात्मक वस्तुओं में बदल देती हैं। नेहा की बातों में उनका संकल्प साफ नजर आता है, ''अपसाइकिल्ड प्रोडक्ट्स को लेकर मेरी मोहब्बत प्लास्टिक कचरे और पर्यावरण पर मेरे प्रभाव को कम करने के दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। अपसाइकिल्ड प्रोडक्ट्स अपनाकर मैं प्लास्टिक कचरे और हमारे ग्रह पर उसके हानिकारक प्रभाव को कम करने में सक्रिय रूप से अपना योगदान दे रही हूं। यह संकल्प मेरी खरीदारी में भी शामिल है। साथ ही मैं किस तरह पुरानी चीजों को एक नया रूप दे देती हूं उसमें भीनजर आती है। इनमें से मेरा सबसे पसंदीदा क्रिएशन है एक अनोखा लैम्प, जिसे मैंने एक पुरानी एल्युमिनियम की केतली से बनाया है। अब वह मेरे घर में पुरानी यादों को रोशन करने का काम कर रही है। इसी तरह मैंने एक चेन बास्केट को एक बेहद ही खूबसूरत लेकिन उपयोगी स्टोरेज का साधन बना लिया है।'' नेहा जोशी का अनूठा काम घर की चीजों से इतर टेक्सटाइल प्रोजेक्ट तक भी फैला हुआ है। वह आगे बताती हैं, ''मेरे सजग प्रयास केवल घर की चीजों तक ही सीमित नहीं है। मैं पुराने कपड़ों को खुशी-खुशी दोबारा इस्तेमाल में लाती हूं। कई बार अपनी मां की पुरानी साड़ियों से फैशनेबल और अनोखी चीजें तैयार करती हूं। मैं पारंपरिक साड़ी से वेस्टर्न कपड़े बनाती हूं और पुराने डेनिम से पाउचेस सिल लेती हूं, ये तो बस कुछेक उदाहरण हैं। मैं रीसाइक्लिंग और संसाधनों को बढ़ाने वाले छोटे स्तर के बिजनेस में भी अपना सहयोग देती हूं। स्टाइलिश सिंथेटिक पॉलीमर बैग्स छोटे और स्टोर करने में आसान होते हैं। सस्टेनेबिलिटी को लेकर यह मेरी लगन को ही दर्शाता है। मैंने पुरानी जीन्स से स्टाइलिश कुशन कवर्स तैयार किए हैं, जोकि मेरे घर को एक पर्सनल टच देने के साथ-साथ आराम व स्टाइल को सस्टेनेबिलिटी के साथ मिलाने का काम कर रहे हैं।




## सोनी सब के 'वागले की दुनिया' के 1000 एपिसोड पूरे होने पर, शो के कलाकारों ने सिद्धिविनायक मंदिर में आशीर्वाद लिया

सोनी सब का 'वागले की दुनिया - नई पीढ़ी नए किस्से' हमें आम आदमी के सामने आने वाली रोज़मर्रा की चुनौतियों और जीत की दिल छू लेने वाली कहानी से रूबरू कराता है। इस लोकप्रिय टेलीविज़न शो के कलाकार हाल ही में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने पर आशीर्वाद लेने के लिए मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर दर्शन करने के लिए पहुंचे। 1000 एपिसोड पूरे होने का जश्न मनाते हुए, राजेश (सुमीत राघवन), वंदना (परिवा प्रणति), श्रीनिवास (अंजन श्रीवास्तव), राधिका (भारती अचरेकर), मनोज (विपुल देशपांडे), विद्या (सुकन्या सुर्वे), सखी (चिन्मयी साल्वी) और अथर्व (शीहान कपाही) सहित पूरा वागले परिवार मंदिर गया और पूजा-अर्चना करने के साथ ही, शो की सफलता के लिए आभार व्यक्त किया। राजेश वागले की भूमिका निभाने वाले सुमीत राघवन ने कहा, "पूरे वागले परिवार के साथ सिद्धिविनायक मंदिर दर्शन करने के लिए जाना हमारा सपना था और आखिरकार वह सपना सच हो गया। यह दर्शन खास है, खासकर इसलिए क्योंकि हम एक खास अवसर को सेलिब्रेट करने आए हैं। इन दिनों किसी टीवी शो का 1000 एपिसोड पूरा करना बहुत आम बात नहीं है।



## रोशन परिवार का हिस्सा होना मेरे लिए गर्व की बात : पश्मीना रोशन

पश्मीना रोशन, नैला ग्रेवाल और जिबरान खान अभिनीत रमेश तौरानी की बहुप्रतीक्षित फिल्म "इश्क विश्क रिबाउंड" 21 जून को सिनेमाघरों में आने के लिए तैयार है। उल्लेखनीय नामों में पश्मीना रोशन भी शामिल हैं, जो सिनेमा की दुनिया में अपनी शुरुआत कर रही हैं। पश्मीना रोशन परिवार का हिस्सा हैं, जो बॉलीवुड में अपनी पीढ़ियों के योगदान के लिए जाना जाता है। वह बॉलीवुड के ग्रीक गॉड ऋतिक रोशन की चचेरी बहन और मशहूर संगीतकार राजेश रोशन की बेटी हैं, साथ ही वह मशहूर निर्देशक राकेश रोशन की भतीजी भी हैं। हाल ही में मीडिया से बातचीत के दौरान, पश्मीना ने रोशन होने और परिवार की विरासत के महत्व पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा, "रोशन परिवार का हिस्सा होना गर्व की बात है।" "मेरे पास प्रतिभा और कड़ी मेहनत की एक अविश्वसनीय विरासत है, और मुझे उन सभी पर अविश्वसनीय रूप से गर्व है। यह निश्चित रूप से उस विरासत को जीने के दबाव के साथ आता है, और मैं समर्थन और मुझे दिए गए सौभाग्य के लिए बेहद आभारी हूं।" बॉलीवुड में नेपोटिस्म की चल रही बहस को संबोधित करते हुए, पश्मीना ने भूमिका पाने के अपने प्रयासों को व्यक्त किया। "मुझे यह फिल्म इसलिए नहीं मिली क्योंकि मैं राजेश रोशन की बेटी थी, बल्कि इसलिए मिली क्योंकि मैंने इसके लिए ऑडिशन दिया था।



## आशुतोष गोवारिकर ने 'लगानः वन्स अपॉन ए टाइम इन इंडिया' के 23 साल पूरे होने का जश्न मनाया

भारतीय सिनेमा में कई ऐसे फ़िल्मकार हैं जिन्होंने अपनी दमदार कहानियों से मनोरंजन के क्षेत्र को बदल दिया है, और आशुतोष गोवारिकर एक ऐसा नाम है जिसे किसी परिचय की ज़रूरत नहीं है। आज, 15 जून, 2024 को, हम आमिर खान और ग्रेसी सिंह अभिनीत गोवारिकर की महान कृति 'लगानः वन्स अपॉन ए टाइम इन इंडिया' की 23वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। 'लगानः वन्स अपॉन ए टाइम इन इंडिया' लाखों लोगों के दिलों में एक ख़ास जगह रखती है। अपने दमदार निर्देशन, बेहतरीन कहानी और बेहतरीन निष्पादन की बदौलत आशुतोष गोवारिकर ने पूरे देश को वैश्विक स्तर पर गौरवान्वित किया है। प्रतिष्ठित ऑस्कर में 'सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फ़िल्म' के लिए फ़िल्म का नामांकन इसकी विश्वव्यापी प्रशंसा का प्रमाण है। दुनिया भर के दर्शकों ने फिल्म, आमिर खान के शानदार अभिनय, ए.आर. रहमान के मनमोहक संगीत और फिल्म के समग्र निर्देशन की प्रशंसा की है। पिछले कुछ वर्षों में, 'लगान' ने दर्शकों के बीच कल्ट क्लासिक का दर्जा हासिल कर लिया है।



## "मोदी सरकार तीसरी बार" अरुण गोविल, अनूप जलोटा और राम शंकर ने किया सॉन्ग लॉन्च

देश में लगातार तीसरी बार मोदी सरकार बनी है। इस खास मौके पर एक विशेष गीत "मोदी सरकार तीसरी बार" राम शंकर ने बनाया है जिसे अरुण गोविल और भजन सम्राट पद्मश्री अनूप जलोटा के करकमलों द्वारा मुम्बई में लांच किया गया। इस अवसर पर संगीतकार दिलीप सेन, गायक सलमान अली ,स्नेहा शंकर , आदित्य शंकर सहित गेस्ट्स मौजूद रहे। आशा एंटरटेनमेंट एंड इवेंट्स के सुनील कुमार कालू ने इस गीत का निर्माण ब्लेसिंग टेलेमेडिया के साथ बनाया है। राम शंकर ने पहली बार गीत भी लिखे हैं। ये सांग राम शंकर मेलोडी चैनल पे रिलीज़ हुआ है। अरुण गोविल ने राम शंकर को इस गीत के लिए बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मोदी सरकार तीसरी बार बहुत अच्छा गाना बना है। मैं इस सॉन्ग के लिए राम शंकर और गीत की पूरी टीम को बधाई देता हूँ। पद्मश्री अनूप जलोटा ने लांच पर कहा कि नरेंद्र मोदी जी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर राम शंकर ने यह बहुत ही बेहतरीन गीत बनाया है। मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षो में कई बड़े काम किए हैं और अगले 5 साल में वह और भी कई बड़े काम करेंगे। राम शंकर ने कहा कि मैं मोदी जी का शुरू से ही बड़ा फैन रहा हूँ।



## नीरज विक्रम ने शेयर किया अपना का फ्यूचर प्लान, बताया '

इंडियन टेलीविजन में अपने आइडियाज और क्रिएटिविटी के लिए मशहूर लेखक नीरज विक्रम ने अपने नए फ्यूचर प्लान और गोलास पर अपनी नजरें जमा ली हैं। अपनी यूनिक स्टोरीज और निर्देशकीय आइडियाज के लिए जाने जाने वाले विक्रम ने इंडियन मनोरंजन में नई योजनाएं साझा की हैं। हाल ही में उन्होंने बताया की उन्होंने अधिक टेलीविजन धारावाहिकों का निर्माण करने, अपने कुछ धारावाहिकों का निर्देशन करने और यहां तक कि हिंदी फिल्मों की दुनिया में कदम रखने के अपने आइडियाज का खुलासा किया। विक्रम की प्रोडक्शन योजनाएँ किसी एक प्रकार तक सीमित नहीं हैं। उनका लक्ष्य ऐसे सेरिअल्स का निर्माण करना है जिनमें नाटक और हल्की-फुल्की कॉमेडी से लेकर मनोरंजक थ्रिलर और सामाजिक रूप से उचित कथाएं शामिल हों। एक निर्माता, निर्देशक और लेखक के रूप में उनकी भूमिका के अलावा, उनके पिछले कार्यों द पांडव, टिंग टोंग और दादू जी जैसे सम्मोहक पात्रों के लिए सराहा गया है। उन्होंने महु कुंवारा ताहू कुंवारी नामक एक क्षेत्रीय छत्तीसगढ़ फिल्म का भी निर्माण किया है।



# कलाकारों ने की अपने पिता की तारीफ, जिन्हें वे अपना रोल मॉडल मानते हैं!



फादर्स डे एक खास मौका होता है। इस दिन उन बेमिसाल पुरुषों का सम्मान किया जाता है, जो अपने प्यार, मार्गदर्शन और अटूट सहयोग से हमारे जीवन को आकार देते हैं। यह दिन उन पिताओं की सराहना करने के लिये होता है, जो हमारे लिए ढेरों त्याग करते हैं, हमें बहुमूल्य ज्ञान देते हैं और हमारे जीवन को सुखद बनाने के लिये लगातार डटे रहते हैं। हममें से कई लोग अपने पिता को अपने रोल मॉडल के तौर पर देखते हैं। इंटरनेशनल फादर्स डे पर एण्डटीवी के एक्टर्स ने दिल को छू लेने वाले अपने संदेश में एक पिता और उनकी संतानों के बीच के गहरे भावनात्मक सम्बंध की मार्मिक झलक दी है। यही भावना हमारे जैसे कई लोगों के मन में होती है। एण्डटीवी के इन कलाकारों में शामिल हैं- नेहा जोशी ('अटल' की कृष्णा देवी वाजपेयी), योगेश त्रिपाठी ('हप्पू की उलटन पलटन' के दरोगा हप्पू सिंह) और शुभांगी अत्रे ('भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी)। अटल में कृष्णा देवी वाजपेयी की भूमिका निभा रहीं नेहा जोशी ने बताया, ''मेरे पिता एक थियेटर आर्टिस्ट हैं। मैंने बचपन में उन्हें स्टेज पर परफॉर्म करते देखा है और उनसे एक्टिंग के बारे में बहुत कुछ सीखा है। मैं आज जो कुछ भी हूँ, उसमें मेरे पिता का बहुत बड़ा हाथ है। वह मेरे साथ हमेशा एक चट्टान की तरह खड़े रहे। ऑडिशंस, रिजेक्शंस और खुद पर शक होने पर मुझे सबसे ज्यादा ताकत उन्हीं से मिली। उन्होंने हमेशा मुझे सहयोग दिया और अपनी आकांक्षाएं पूरी करने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने मुझे कई चुनौतियों और अनिश्चितताओं से गुजरते देखा, लेकिन मेरी लगन और जुनून भी उनके सामने थी। उन्हें सिर्फ मुझे



मिली भूमिकाओं पर गर्व नहीं है, बल्कि मेरी ताकत और दृढ़ता पर भी उन्हें नाज़ है। उनकी चतुराई और मार्गदर्शन, खासकर कड़े फैसले लेते वक्त अनमोल रहा। डैड आप मेरे हीरो और रोल मॉडल हो। आपके प्यार, मजबूती और मेरे ऊपर अटूट विश्वास ने मुझे आज यह मुकाम दिया है और मैं आपका गौरव बढ़ाने की कोशिश करती रहती हूँ। एक आदर्श पिता बनने के लिये आपका धन्यवाद।'' 'हप्पू की उलटन पलटन' के दरोगा हप्पू सिंह, ऊर्फ योगेश त्रिपाठी ने बताया, ''मेरे पिता ने मुझे हमेशा खुद के साथ न्याय करने और अपनी अनोखी खूबियों को अपनाने की प्रेरणा दी है। उन्होंने मुझे खुद से प्यार करने और विनम्र रहने जैसे जरूरी गुण दिये हैं। और यही गुण मेरे चरित्र का आधार हैं। मैं आज जो कुछ भी हूँ, वह बनाने के लिये मैं उनका बेहद आभारी हूँ। मेरे ऊपर उनका प्रभाव असीम है। वह मजबूत शैक्षणिक पृष्ठभूमि से आते हैं, लेकिन उन्होंने कठोर होने तथा प्यार देने के बीच सही बैलेंस बनाया है। उन्होंने मुझे कड़ी मेहनत, अनुशासन और चीजों की असली कीमत समझने का महत्व बताया। और यह सबक मेरी निजी तथा पेशेवर तरक्की में हमेशा काम आए। मैं यही गुण अपने बच्चों को देने की कोशिश करता हूँ। मैं चाहता हूँ कि वे एक रोल मॉडल के तौर पर मुझे उसी तरह देखें, जैसे कि मैं अपने पिता को देखता हूँ। इस खास दिन, मैं सभी पिताओं को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ। उनके प्यार, मार्गदर्शन और अटूट सहयोग की कोई तुलना नहीं हो सकती। अपने बच्चों के लिये एक पिता के असीम प्यार का मुकाबला किसी से नहीं हो सकता। और आज हम उस असाधारण सम्बंध का उत्सव मनाकर सम्मान दे रहे हैं।'' 'भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी, यानि शुभांगी अत्रे ने बताया, ''ऐसे ढेरों पल हैं, जब मेरे पिता ने मुझे खास होने का एहसास दिया और मेरे रोल मॉडल के रूप में अपनी जगह और मजबूत की। मैं एक छोटे शहर की रहने वाली हूँ और इसलिये जब मैंने एक्टर बनने का सपना देखा, तब सभी को संदेह था। लेकिन मेरे पिता ने मुझ पर भरोसा किया और अपना सपना पूरा करने में मेरी मदद की। हम सिर्फ बहनें थीं और पिताजी ने हमें बड़ा किया, हमारे सपनों का समर्थन किया। उन्होंने



दिखाया कि बच्चों की जिन्दगी को आकार देने में पैरेंट्स की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण होती है। मैं पिताजी से सीखे सबक अपनी बेटी को भी देती हूँ। एक यादगार पल तब का है, जब मैंने बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे अंक पाये थे और दूसरा तब का है, जब पिताजी ने मुझे पहली बार स्क्रीन पर देखा था। उस वक्त उन्हें जो गर्व हुआ और जैसा समर्थन उन्होंने किया, वह सचमुच प्रेरक था। साधारण गतिविधियों को मायने रखने वाले और सिखाने वाले अनुभवों में बदल देने की उनकी कला ने मुझे हमेशा प्रेरित किया है। अपने काम के लिये उनके समर्पण और हमारे परिवार के लिये उनकी अटूट प्रतिबद्धता ने मुझे जिम्मेदारी और प्यार के सही मायने समझाए हैं। इस खास दिन पर मैं अपने पिता का सम्मान करती हूँ, क्योंकि वह मेरे मार्गदर्शक, शिक्षक और अटूट सहयोगी बने रहे। वह सिर्फ एक पैरेंट नहीं, बल्कि मेरे हीरो और रोल मॉडल हैं। हैप्पी फादर्स डे।'' इन एक्टर्स की पेशेवर जिन्दगी पर उनके पिता का कैसा असर रहा है, यह बताने वाली कहानियाँ हम सभी के लिये प्रेरणादायक और मनोबल बढ़ाने वाली हैं।

## सीरत कपूर ने 'मनमेय' के प्री-रिलीज़ की शेयर की तस्वीरें: फ़ांस ने खूब की तारीफ

सीरत कपूर ने फिर से अपने फैशन से सबको प्रभावित किया है। हाल ही में, उन्होंने अपनी फिल्म 'मनमे' के प्री-रिलीज़ इवेंट की सुंदर तस्वीरें साझा कीं। लाल साड़ी में सीरत की खूबसूरती ने फैंस और फैशन प्रेमियों को हैरान कर दिया। 'मनमे' के प्रमोशन के लिए आयोजित प्री-रिलीज़ इवेंट में, सीरत ने लाल साड़ी में शानदार एंट्री की, जिससे उनका फैशन सेंस दिखा। फैंस ने सोशल मीडिया पर उनकी खूब तारीफ की। "smoking hot" और "desi look" जैसी टिप्पणियाँ आम थीं। फैंस ने कहा कि सीरत की साड़ी ने उनकी सुंदरता और साड़ी की संस्कृति को दिखाया। 'मनमे' प्री-रिलीज़ इवेंट में लाल साड़ी में सीरत की मौजूदगी ने न सिर्फ फैंस का दिल जीता, बल्कि फैशन में भी नया ट्रेंड सेट किया। सीरत कपूर अपनी एक्टिंग और स्टाइल से सबको खुश करती रहेंगी।



## आपका मनोरंजन किया, मुझ पर भरोसा करने के लिए धन्यवाद

कृति खरबंदा भारतीय सिनेमा की सबसे प्रतिभाशाली और खूबसूरत अभिनेत्रियों में से एक हैं। भारतीय सिनेमा की कुछ सुपरहिट फिल्मों में काम करने के बाद, अभिनेत्री ने तेलुगु फिल्म 'बोनी' (2009) से अपने करियर की शुरुआत की थी। हालांकि, फिल्म ने टिकट खिड़की पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, लेकिन तमिल, तेलुगु और कन्नड़ सिनेमा के कई फिल्म निर्माताओं और निर्माताओं की नजर कृति खरबंदा के काम पर पड़ी। क्षेत्रीय सिनेमा में एक शानदार सफल करियर का आनंद लेने और पवन कल्याण, यश और अन्य जैसे कुछ सबसे बड़े सितारों के साथ काम करने के बाद, कृति खरबंदा ने 'राजः द रीबूट' के साथ बॉलीवुड में धमाकेदार एंट्री की। प्रतिभाशाली अभिनेत्री भारतीय सिनेमा में अपने शानदार 15 साल पूरे होने का जश्न मना रही हैं और अपने शानदार करियर में, उन्होंने शादी में जरूर आना, हाउसफुल 4, तैश और अन्य फिल्मों में एक अभिनेत्री के रूप में अपनी क्षमता दिखाई है। अपने सफल करियर में, कृति खरबंदा ने केवल ऐसे प्रदर्शन उन्मुख किरदार चुने हैं जो एक अभिनेत्री के रूप में उनकी सीमा और अपील को दर्शाते हैं। अपने काम के कारण, कृति खरबंदा ने दुनिया भर में एक वफ़ादार प्रशंसक वर्ग प्राप्त किया है।



# सोनी सब का वंशज एक साल के पड़ाव पर पहुंचा



सोनी सब का प्रशंसित शो 'वंशज' ने अपना एक साल का सफर पूरा कर लिया है, और क्षमताओं के आधार पर विरासत की लड़ाई पर चर्चा करते हुए एक मनोरंजक पारिवारिक ड्रामा के रूप में सामने आया है। पिछले एक साल में, इस शो ने दर्शकों का दिल जीत लिया है, जिन्होंने किरदारों को विकसित होते और महाजन साम्राज्य पर अधिकार करने की कोशिश में पारिवारिक मुश्किलों से गुज़रते हुए देखा है। सत्ता संघर्ष से लेकर न्याय की लड़ाई तक, वंशज ने मानवीय भावनाओं के उतार-चढ़ाव को कुशलता से प्रदर्शित करते हुए, देश भर के दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया है। किरदारों के रोमांचक विकास से वंशज एक मनोरंजक सीरीज़ बन गया है। डीजे (माहिर पांधी द्वारा अभिनीत) की चालें और भी बुरी हो गई हैं, जिससे सस्पेंस बढ़ गया है जबकि युविका (अंजलि तत्रारी) एक भावनात्मक लड़की से मजबूत महिला बन चुकी है जो डीजे की चालों का मुकाबला करती है।

### दिग्विजय महाजन की भूमिका में माहिर पांधी

''वंशज मेरे लिए लाजवाब सफर रहा है। एक खलनायक भूमिका, डीजे को निभाने का अनुभव अविश्वसनीय रूप से संतुष्टिदायक रहा है, जिससे मुझे एक अभिनेता के रूप में नए पहलुओं को समझने और आज़माने का मौका मिला है। डीजे जैसे नकारात्मक किरदार के प्रति भी हमारे दर्शकों से इतना प्यार और स्वीकृति मिलना दिल को छू लेने वाला है। मुझे ऐसे शो का हिस्सा होने पर बहुत गर्व है, जिसने पिछले एक साल में अपनी सम्मोहक कहानी से दर्शकों का मनोरंजन किया है।''

### युविका महाजन के रूप में अंजलि तत्रारी

''पिछले एक साल में पितृसत्ता को चुनौती देना और युविका का किरदार निभाना फायदेमंद और संतुष्टिदायक दोनों रहा है। मुझे लगता है कि यह शो मेरी किस्मत में लिखा है, क्योंकि वंशज की शूटिंग शुरू करने से तीन महीने पहले, मुझे अपनी मां के साथ ऋषिकेश जाने का अवसर मिला था, और मैंने गंगा मां से मुझे वापस बुलाने की प्रार्थना की थी। इसलिए जब मैंने शो को साइन किया और पता चला कि शो की प्रारंभिक शूटिंग ऋषिकेश में तय थी, तो ऐसा लगा मानो कोई इच्छा पूरी हो गई हो। युविका के किरदार को नए सिरे से गढ़ना चुनौतीपूर्ण लेकिन संतोषजनक अनुभव रहा है। प्रशंसकों का प्यार और पहचान ज़बरदस्त है, और यह जानकर खुशी होती है कि लोग अब मुझे युविका के नाम से पहचानते हैं।''

### भानुप्रताप महाजन की भूमिका में पुनीत इस्सर

''वंशज टीवी धारावाहिकों के बीच किसी चट्टान की तरह है, जो सभी तूफानों के सामने मजबूती से खड़ा रहा है। जबकि हम शो के एक साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, मैं पूरी टीम, सह-कलाकारों और पूरे क्रू को हार्दिक बधाई देता हूं। भानुप्रताप का किरदार निभाने का सफर लाजवाब रहा है।

## दो दिलों का एक सफर

भारत के प्रमुख ज्वेलरी रिटेलर, सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स को लगातार चौथे वर्ष टीआरए की ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट 2024 में भारत के दूसरे सबसे भरोसेमंद ज्वेलरी ब्रांड के रूप में नामित किया गया है। इस तर्ज पर आगे बढ़ते हुए, 80 वर्षों से अधिक की विरासत और 159 से अधिक स्टोर्स की ख्याति वाले इस ब्रांड ने अपना नया 'प्यार का गठबंधन 2024' ब्राइडल ज्वेलरी कलेक्शन लॉन्च किया है। इस कलेक्शन की प्रत्येक ज्वेलरी सदाबहार है, जो कभी खत्म न होने वाले शाश्वत प्रेम को बयाँ करती है और 'हमेशा एक साथ' रहने के वादे की प्रतीक है। ग्राहक https://sencogoldanddiamonds.com/ पर विशेष गठबंधन कलेक्शन देख सकते हैं। गठबंधन की परिभाषा शादी की रस्मों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह उस प्यार का प्रतिनिधित्व करती है, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी सबसे अच्छी यादों के रूप में साथ-साथ चलेगा। https://sencogoldanddiamonds.com/.

यह कलेक्शन 'एक गाँठ' के माध्यम से प्यार के खूबसूरत सफर, स्नेह से भरी नज़रें, मीठी-सी मुस्कान, हर दिन एक-दूसरे की देखभाल के भाव और अच्छे एवं बुरे समय में साथ चलने वाले सच्चे हमसफर के रूप में दो दिलों और भाग्य को एक साथ बाँधता है। 'प्यार का गठबंधन' ब्राइडल ज्वेलरी कलेक्शन के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, सुश्री जोइता सेन, डायरेक्टर और हेड- मार्केटिंग एवं डिज़ाइन, सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स, ने कहा, "सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स अपने खूबसूरत हेंडीक्राफ्ट ब्राइडल ज्वेलरी कलेक्शन, गठबंधन की पेशकश के माध्यम से प्यार की नई परिभाषा बुन रहा है। भारत की तमाम दुल्हनों के लिए डिज़ाइन किया गया यह कलेक्शन अनूठी परंपराओं और प्राथमिकताओं को दर्शाता है। गठबंधन, सेंको की ओर से उन सभी नए रिश्तों के लिए सौगात है, जो जीवन भर साथ चलने के वादे के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

# नगर पालिका कोडागांव के कर्मियों ने श्रमदान कर बंधा तालाब की सफाई की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोडागाँव, 16 जून।** 16 जून को पूर्व सप्ताह की भांति इस सप्ताह भी आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण, जीएफसी के मानको के अनुरूप नगर पालिका परिषद कोण्डागांव के कार्यालयीन अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा नगर के हदय स्थल में स्थित बंधा तालाब में जमी जलकुम्भी की सफाई में श्रमदान किया गया, बंधा तालाब सफाई अभियान से अब तक 500 ट्रैक्टर से अधिक मलबा निकाला जा चुका है। ज्ञात हो कि बंधातालाब सफाई विगत 12 सप्ताह से अनवरत् जारी है जिसमे सप्ताह में पॉच दिन सोमवार से शुक्रवार निकाय के पंप चालको द्वारा बंधातालाब की जलकुम्भी की सफाई की जाती है तथा सप्ताह में एक दिन कार्यालयीन अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा बंधातालाब की सफाई की जाती है नगर पालिका परिषद कोण्डागांव में नवपदस्थ सीएमओ की पदस्थापना से लगातार नगर पालिका कोण्डागांव के सभी अधिकारी/कर्मचारी आनंद और उत्साह के साथ प्रत्येक सप्ताह तालाब में जमी जलकुम्भी की सफाई में अपना योगदान दे रहे है आचार संहिता समाप्ति उपरान्त आज के बंधातालाब सफाई अभियान में नगरपालिका परिषद कोण्डागांव की अध्यक्ष वर्षा यादव उपस्थित हुई, अध्यक्ष के नेतृत्व में 15 जून को कार्यालयीन अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा बंधातालाब सफाई कार्य किया गया, इस दौरान वरिष्ठ पार्षद तरूण गोलछा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द पात्रे, उपअभियंता देवेन्द्र सिंह सिदार, गिरिजा शंकर परते, राजस्व प्रभारी रामशंकर पाण्डे, , दिनेश डे, श्रीमति कौशल्या नायक, रिया तिवारी, रूबी दास, दिनेश साहू, आनंद देवांगन आदि कर्मचारी उपस्थित थें। ज्ञात हो कि बंधातालाब सफाई कार्य अब अंतिम चरण मे है, इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा तालाब में किसी भी प्रकार के गंदगी नही डालने तथा तालाब को स्वच्छ रखने आम नागरिकों से अपील किया गया



## एक नजर

### खनिज जांच उड़नदस्ता ने किया रेत के अवैध भंडारणकर्ता पर केस दर्ज

**जगदलपुर 16 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर विजय दयाराम के. के निर्देशानुसार जिला खनिज जांच दल द्वारा विगत 7 से 13 जून को बस्तर जिले के अंतर्गत कोहकापाल, कलचा क्षेत्र का औचक निरीक्षण में खनिज रेत के अवैध 04 भंडारणकर्ता के खिलाफऔर एक जेसीबी मशीन की जप्त कर प्रकरण दर्ज किया गया है। जिला खनिज अधिकारी शिखर चेरपा ने बताया कि ग्राम कोहकापाल, सुकरापाल और कुरूषपाल के चार लोगों के विरुद्ध रेत का अवैध भंडारण करने के लिए प्रकरण दर्ज किया गया है। साथ ही ग्राम कलचा से रेत का अवैध उत्खनन करते एक जेसीबी मशीन को जप्त कर वाहन चालक को सुपुर्दगी में देकर अवैध भंडारणकर्ता एवं अवैध उत्खननकर्ता के विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही में जिला खनिज जांच उड़नदस्ता दल के खनिज निरीक्षक मिदुल गुहा तथा खनिज सिपाही पाडिकेश्वर खरे, पचिपन उपस्थित थे। उपरोक्त प्रकरणों में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज विकास और विनियमन अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी।

### जिले के 3 असर्वेक्षित ग्रामों का राजस्व सर्वेक्षण प्रक्रियाधीन


**सुकमा, 16 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के अंतर्गत अवस्थित 3 मसाहती-असर्वेक्षित ग्रामों में राजस्व सर्वेक्षण प्रक्रियाधीन है। जिसके अंतर्गत सुकमा तहसील के पटवारी हल्का नंबर 10 मरईगुड़ा के ग्राम लिंगनपल्ली, ग्राम कोत्तूर और ग्राम पुसगुफा सम्मिलित हैं। आईआईटी रूढ़की द्वारा अंतिम प्रकाशन हेतु ग्राम लिगनपल्ली ग्राम लिंगनपल्ली, ग्राम कोत्तूर और ग्राम पुसगुफा के कुल 03-03 नक्शा शीट उपलब्ध कराया गया है। उक्त नक्शा शीटों का भौतिक सत्यापन राजस्व सर्वेक्षण दल द्वारा कराया जाकर छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 107, 114 के नियम के अधीन ग्राम लिंगनपल्ली, ग्राम कोत्तूर और ग्राम पुसगुफा, पटवारी हल्का नंबर 10/मरईगुड़ा, राजस्व निरीक्षक मंडल मरईगुडा तहसील कोण्टा, जिला सुकमा के कृषकों के कब्जानुसार प्रारंभिक प्रकाशन के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति का निराकरण कर अद्यतन नक्शा, खसरा अधिकार अभिलेख निस्तार पत्रक एवं अन्य सुसंगत अभिलेख तैयार कराया गया। कलेक्टर हरिस. एस द्वारा जारी उद्घोषणा के अनुसार उक्त संबंध में हल्का पटवारियों द्वारा तैयार किये गये नक्शा-शीटों एवं खसरों पर जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था अथवा विभाग को आपत्ति हो तो वे इस सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के भीतर लिखित आवेदन पत्र कार्यालयीन समय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रथम प्रकाशन हेतु नियत संबंधित ग्राम पंचायत भवन में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

### वॉक-इन-इन्टरव्यू 24 जून को

**सुकमा, 16 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर हरिस.एस के निर्देशानुसार सुकमा जिला में अखिल भारतीय स्तर की मेडिकल एवं इंजीनियरिंग परीक्षा (जीईई) की तैयारी के लिए कोचिंग प्रदान करने प्रशिक्षकों का चयन हेतु दर्शित विषयों पर वॉक-इन-इन्टरव्यू का आयोजन 24 जून 2024 दिन सोमवार को पूर्वान्ह 10:00 बजे से संलग्न समय-सारणी अनुसार स्थान जीईई-नीट कोचिंग सेन्टर सुकमा में किया जाएगा। उक्त वॉक-इन-इन्टरव्यू एवं विज्ञापन प्रारूप की सम्पूर्ण जानकारी जिले के वेबसाईट में अपलोड कर दिया गया है। जिसे सुकमा जिला के वेबसाईट 222.ह्यह्वद्मद्वड्ड.द्दश1.द्बठ्ठ एवं कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी सुकमा के सूचना पटल पर देखा जा सकता है।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित 4 परिवारों को 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**जगदलपुर 16 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर विजय दयाराम के. द्वारा



राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित 04 परिवारों को 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत् तहसील करपावण्ड के ग्राम जैबेल निवासी जुगल कश्यप की मृत्यु पानी में डूबने से माता दयामनी को, तहसील बास्तानार के ग्राम तिरथुम निवासी शिवलाल की मृत्यु पानी में डूबने से पिता बुधराम को, ग्राम बास्तानार निवासी बेलुराम की मृत्यु पानी में डूबने से पिता राजूराम को और तहसील भानपुरी ग्राम सालेमेटा-01 निवासी अजय कुमार बघेल की मृत्यु पानी में डूबने से पिता गुलाबराम बघेल को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### सर्चिंग के दौरान ग्राम पोरो कोण्डासांवली के जंगल,पहाड़ी में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# जगरगुण्डा क्षेत्र से विस्फोटक पदार्थ सहित 3 नक्सली किए गए गिरफ्तार

■ सभी गिरफ्तार नक्सली थाना जगरगुण्डा क्षेत्र के है निवासी, गिरफ्तारी में जिला बल व डीआरजी सुकमा ने की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 16 जून।** जिला सुकमा में सुन्दरराज पी., पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर (छ.ग.), कमलोचन कश्यप, उप पुलिस महानिरीक्षक रेंज दंतेवाड़ा, अरविंद राय, उप महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफरेंज सुकमा के मार्ग-दर्शन एवं किरण चव्हाण, पुलिस अधीक्षक सुकमा के निर्देशन तथा निखिल अशोक कुमार राखेचा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स सुकमा, अभिषेक वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुकमा, आकाश राव गिरेपूंजे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोंटा के पर्यवेक्षण में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है।

इसी तारतम्य में नक्सलियों की उपस्थिति की आसूचना पर 14 जून को थाना जगरगुण्डा से उनि. सोड़ी कन्ना डीआरजी कमाण्डर के हमराह डीआरजी हीरो, इंडिया एवं जिला बल की संयुक्त पार्टी नक्सली गस्त सर्चिंग हेतु ग्राम पोरो कोण्डासांवली की ओर रवाना हुए थे कि अभियान के दौरान ग्राम पोरो कोण्डासांवली के जंगल/पहाड़ी के पास सादे वेश-भूषा धारण कर हाथों में थैले लिए हुए कुछ संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा पुलिस पार्टी को अपने ओर आते हुए देखकर भागने/छिपने लगे, जिनमे से घेराबंदी कर 03 संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया। पकड़े गये संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने पर अपना नाम (1) माड़वी पोदिया पिता स्व. जोगा (कोण्डासांवली आरपीसी मिलिशिया सदस्य) उम्र लगभग 33 वर्ष जाति मुरिया निवासी करेंपारा कोण्डासांवली थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा (2) कुंजाम हुर्रा पिता हुंगा (कोण्डासांवली आरपीसी मिलिशिया सदस्य) उम्र लगभग 28 वर्ष जाति मुरिया निवासी करेंपारा कोण्डासांवली थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा एवं (3) पदाम आयतु पिता स्व. पदाम जोगा (गमपुर आरपीसी मिलिशिया सदस्य) उम्र लगभग 30 वर्ष जाति गोंड निवासी बोडोपल्ली पटेलपारा थाना अरनपुर जिला दंतेवाड़ा (छ0ग0) का होना तथा सभी नक्सल संगठन में उपरोक्त पदों पर कार्य करना बताये। इनके कब्जे में रखे थैलों की चेकिंग करने पर माड़वी पोदिया के थैला से 05 मीटर कोर्डेक्स वायर, 02 नग नान इलेक्ट्रीक डेटोनेटर, 03 नग जिलेटिन राड, 10 मीटर वायर, 05 नग पेंसिल सेल, माचिस का डिब्बा, 01 नग लोहे के टुकड़े, कुंजाम हुर्रा के थैला से 04 मीटर कोर्डेक्स वायर, 03 नग नान इलेक्ट्रीक डेटोनेटर, 03 नग जिलेटिन रॉड, 10 मीटर वायर, 05 नग पेंसिल सेल, 01 नग माचिस का डब्बा, 01 नग टिफिन, लोहे के किले एवं पदाम आयता के थैले से 05 मीटर कोर्डेक्स वायर 02 नग नान इलेक्ट्रीक डेटोनेटर 02 नग जिलेटिन रॉड, 10 मीटर वायर, 03 नग बम फटाखा, 01 नग माचिस का डब्बा बरामद किया गया।

विस्फोटक पदार्थ रखे जाने के संबंध में कोई आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नही करने पर गहन पूछताछ करने से बड़े नक्सली कमाण्डरों के कहने पर सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से रखना बताये। उक्त कृत्य विधि विरूद्ध पाये जाने से तीनों नक्सलियों के खिलाफथाना जगरगुण्डा में अपराध क्रमांक 09/2024 धारा 4, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए 14 जून को विधिवत् गिरफ्तार कर 15 जून को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

# कलेक्टर ने रक्तदाताओं को दिया प्रमाणपत्र

### विश्व रक्तदाता दिवस पर मेडिकल कॉलेज में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर, 16 जून।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 'चलो करें रक्तदान, बने हम देश का अभिमान' की थीम पर कलेक्टर सह अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसाइटी जिला कांकेर नीलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार आज मातृ एवं शिशु अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर नीलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने रेड क्रॉस के संस्थापक हेनरी डुनैंट की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन शिविर का शुभारंभ किया गया।

मातृ एवं शिशु अस्पताल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट एवं स्टाफ को संबोधित करते हुए कलेक्टर क्षीरसागर ने बताया कि आज मेडिकल कॉलेज में सभी छात्रों के बीच आकर मुझे भी अपने कॉलेज के दिन आज याद आ गए। उन्होंने कॉलेज के समय की एक रक्तदान से जुड़ी एक स्मृति साझा किया। उन्होंने कहा कि सभी को स्वेच्छा से रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। रक्तदान के लिए किसी भी प्रकार की प्रोत्साहन राशि आदि की प्रथा नहीं होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार रक्तदान ऐच्छिक होनी चाहिए, इसमें किसी प्रकार की प्रोत्साहन राशि आदि की परंपरा से हमें बचना चाहिए। कुछ लोगों में रक्तदान को लेकर अनेक प्रकार के भ्रांतियां हैं, लोगों के रक्तदान से अन्य लोग भी ब्लड डोनेशन के लिए प्रेरित होंगे। मेडिकल प्रोफेशन अपने आप में सेवा का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। इस दौरान कलेक्टर ने अपना रक्त जांच करवाया एवं रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र बांटे। रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला सचिव सह सीएमएचओ डॉ. अविनाश खरे ने बताया कि रक्तदान करना जीवनदान जैसा है, हमारा एक यूनिट ब्लड तीन लोगों की जिंदगी बचा सकता है। कर्नल सुरेंदर हल्सवाल एनसीसी कांकेर, टी आर देवांगन डिप्टी कलेक्टर सहित एनसीसी कैडेट्स, मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट, पुलिस कर्मी, नगर के व्यवसायी एवं आम नागरिकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शहर के साथ ही सीएचसी चारामा एवं भानुप्रतापपुर में भी रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शाम 5:00 बजे तक की स्थिति में 116 लोगों ने रक्तदान कर लिया था। इस अवसर पर मंच संचालन पवन सेन, जिला समन्वयक रेडक्रॉस ने किया। अवसर पर मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता, प्रोफेसर, चिकित्सा विशेषज्ञ, ब्लड कलेक्शन यूनिट के स्वास्थ्य कर्मी, रेडक्रॉस सोसाइटी के राज्य मेंबर, वालेंटियर एवं बड़ी संख्या में मेडिकल स्टूडेंट उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं पद की भर्ती के लिए आवेदन 27 तक

**दंतेवाड़ा, 16 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बचेली द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार वर्तमान में 5 कार्यकर्ता पद नामतः आंगनबाड़ी केन्द्र भांसी पुजारीपारा-1, पाढ़ापुर स्कूलपारा, मसेनार खालेपारा-2, मसेनार मांझीपारा, नेरली बिज्जापारा, के नाम शामिल है इसी प्रकार 2 सहायिका पद के तहत धुरली स्कूलपारा, दुगेली धुरवापारा में पद रिक्त है। इसी प्रकार एकीकृत बाल विकास परियोजना दन्तेवाड़ा के ग्राम पंचायत मुस्केल पटेलपारा में 1 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पद है। उक्त पदों पर विभागीय नियमानुसार नियुक्ति की जानी है। इस हेतु संबंधित ग्राम पंचायतों से इच्छुक सभी आवेदनकर्ताओं से 27 जून कार्यालयीन समय 10 से संध्या 5.30 बजे तक कार्यालय में सीधे अथवा डाक द्वारा आवेदन निश्चित प्रारूप में आमंत्रित किये जाते है। किसी भी प्रकार की अतिरिक्त जानकारी, एवं आवेदन पत्र का प्रारूप प्राप्त किये जाने के संबंध में इच्छुक आवेदनकर्ता कार्यालयीन दिवसों में समय पर कार्यालय, एकीकृत बाल विकास परियोजना बचेली महिला एवं बाल विकास विभाग जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा में संपर्क कर सकते हैं।

### पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के महाप्रयाण दिवस पर विविध संस्कारों का आयोजन

# गायत्री मंदिर में पूजन, साधना, यज्ञ-अनुष्ठान किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 16 जून।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के संस्थापक वेदमूर्ति परमपूज्य गुरूदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के महाप्रयाण दिवस एवं गंगा दशहरा के सुअवसर पर रविवार को अखिल भारतीय गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देश पर देश भर के सभी प्रज्ञा संस्थानों में जप, तप, यज्ञ, हवन, दान-पुण्य समेत विविध संस्कार का आयोजन किया गया। इसी क्रम में दंतेवाड़ा के गायत्री मंदिर में भी साधना, गंगा पूजन, यज्ञ अनुष्ठान समेत विविध संस्कार संपन्न हुए जिसमें बड़ी संख्या में गायत्री परिवार से जुड़े सदस्य उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि ज्येष्ठ मास के शुल्क पक्ष तिथि को गंगा दशहरा मनाया जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार राजा भागीरथी की घोर तपस्या से प्रसन्न होकर मां गंगा आज ही के दिन धरती पर अवतरित हुई थीं। गंगा दशहरा पर गंगा की पूजा करने वाले जातकों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। ज्ञात हो कि 02 जून 1990 को गंगा दशहरा के दिन ही परमपूज्य गुरूदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ब्रम्हलीन हुए थे। गंगा दशहरा व गायत्री जयंती दिवस के साथ ही आज देश भर में पं. श्रीराम शर्मा आचार्य का महानिर्वाण दिवस भी मनाया जा रहा है। दंतेवाड़ा गायत्री शक्तिपीठ में कार्यक्रम के तहत आज भोर में 5 बजे से 9 बजे तक गायत्री परिवार से जुड़े सदस्यों द्वारा सामूहिक जप, साधना किया गया। तत्पश्चात गुरू बंधु सिन्हा द्वारा सुबह 10 बजे से विविध संस्कार, गायत्री पूजन, सुविचार उद्‍बोधन हुआ जिसमें उन्होंने साधकों को परमपूज्य गुरूदेव के विचारों से अवगत कराते हुए उनके बताए मार्ग पर ही चलने का संकल्प दिलाया। जिसके पश्चात 9 कुण्डीय महायज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संध्या में श्रद्धालुगण शामिल हुए। साधकों ने एक भारत-श्रेष्ठ भारत व हम बदलेंगे युग बदलेगा की परिकल्पना को लेकर कुण्ड में आहुति डाली। इस अवसर पर संस्थान में बच्चों के विविध संस्कार भी कराए गए।

## समाचार संक्षेप

### श्री रामलला दर्शन के लिए लॉटरी के माध्यम से 72 दर्शनार्थियों का चयन



**उत्तर बस्तर-कांकेर, 16 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** श्री रामलला दर्शन योजना के अन्तर्गत अयोध्या धाम की यात्रा के लिए दर्शनार्थियों के चयन हेतु आज जिला पंचायत सीईओ श्री सुमित अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभाकक्ष में बैठक संपन्न हुई। बैठक में श्री रामलला दर्शन योजना के क्रियान्वयन हेतु गठित जिला स्तरीय समिति के सदस्यों की उपस्थिति में जिले के नागरिकों से प्राप्त आवेदनों के परीक्षण पश्चात लॉटरी के माध्यम से 72 दर्शनार्थियों का चयन किया गया। साथ ही रिजर्व के लिए भी लॉटरी चयन किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्य श्री बृजेश चौहान सहित अन्य सदस्यगण एवं जनपद पंचायतों के सीईओ और नगरीय निकायों के सीएमओ उपस्थित थे। जिला पंचायत के सीईओ श्री अग्रवाल ने बताया कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत जिले से कुल 703 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें ग्रामीण क्षेत्र से 291 और नगरीय क्षेत्र से 412 आवेदन शामिल हैं। इनमें 18 वर्ष से कम और 75 वर्ष से अधिक उम्र वाले 17 आवेदन अपात्र पाए गए। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत जारी निर्देशानुसार 55 वर्ष से अधिक आयु वाले आवेदकों को प्राथमिकता देते कुल 392 आवेदनों को लॉटरी में शामिल किया गया है। उन्होंने सभी जनपद सीईओ और सीएमओ को चयनित हितग्राहियों का मेडिकल प्रमाण पत्र बनाने में आवश्यक सहयोग करने के निर्देश दिए।

### दिव्यांग और वृद्धजनों को कृत्रिम अंग और उपकरण मिलने से चेहरों पर आई मुस्कान



**दंतेवाड़ा, 16 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ''मुझे कृत्रिम पैर मिला है अब मुझे नर्सरी की देखरेख में कोई दिक्कत नहीं होगी'' इसके लिए मैं जिला प्रशासन का आभारी हूं यह कथन है कई साल पहले बम विस्फोट में अपना पांव खो चुके ग्राम नेरली के दिव्यांग हुंगाराम का इस तरह की अपनी भावनाओं का व्यक्त करते हुए गीदम के श्रवण बाधित कार्तिक का कहना है कि अब श्रवण यंत्र मिलने से अब वे अच्छे तरीके से लोगों की बात को सुन पायेगें। ग्राम गुडडरा की दिव्यांग कुमारी कोसी का कहना है कि ट्राइसिकल मिलने से सबसे पहले वह बिना किसी मदद के अपने रिश्तेदारों के घर जाना चाहेगी। इसी तरह अनेक दिव्यांग और वृद्धजन आज मुख्यालय के इनडोर स्टेडियम में उपस्थित थे जिन्हें क्षेत्र के विधायक श्री चैतराम अटामी के उपस्थिति में निःशुल्क कृत्रिम हाथ पैर, कैलिपर्स, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, सामान्य ट्रायसिकल, वॉकर, बैसाखी, छड़ी जैसे उपकरण प्रदाय किया गया। कार्यक्रम में विधायक श्री चैतराम अटामी ने कहा कि कैंप के आयोजन को सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, जयपुर एवं जिला प्रशासन के सहयोग से जिला दंतेवाड़ा में दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों के लिए 3 दिवसीय जयपुर फूट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। आज इस ''फूट कैंप'' के माध्यम से दूरदराज गांव से आए दिव्यांग एवं वृद्धजनों लाभान्वित हुए है और उनका जीवन पहले से आसान हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि दंतेवाड़ा जिला छत्तीसगढ़ के आखिरी छोर पर है जो आंध्र प्रदेश एवं उड़ीसा राज्य से घिरा हुआ है। ऐसी भौगोलिक परिस्थिति में रहने वाले निवासियों के लिए ऐसे शिविर का आयोजन और भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है। भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, के विशेषज्ञ सुदूर राजस्थान के जयपुर से शिविर का आयोजन करने यहां आए हैं, इस मानवतापूर्ण प्रयास के लिए विशेषज्ञों और पूरी टीम का मैं अभिनंदन करता हूं। इस कैंप के माध्यम से जो दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों चल नहीं सकते, सुन नहीं सकते और कुछ काम नहीं कर सकते, ऐसे दिव्यांगजन एवं वृद्धजनों के लिए यह शिविर लाभकारी होगा। यह एक बहुत ही सराहनीय पहल है। ऐसा कैंप का आयोजन जिले में निरंतर होना चाहिए। श्री अटामी ने अपने उद्बोधन में महावीर दिव्यांग सहायता समिति के फाउंडर व चीफपैटर्न बीएमवीएसएस श्री डी.आर.मेहता रिटायर्ड (आईएएस 1961 बैच) के बारे बताते हुए कहा कि उन्होंने पहले देश की सेवा की और रिटायर्ड होने के बाद जन-जन की सेवा कर रहे है। औरे जीवन के इस पड़ाव में भी उनका उत्साह कम नहीं हुआ है और वे सभी के लिए प्रेरणादायक है। और तहे दिल से वे उनके आभारी है।

### प्री-इंजीनियरिंग एवं प्री-मेडिकल कोचिंग प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन आमंत्रित

**दंतेवाड़ा, 16 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आदिवासी विकास शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को वर्ष 2024-25 में प्री-इंजीनियरिंग तथा प्री-मेडिकल कोचिंग में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों से 1 जुलाई 2024 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थी कक्षा 12वीं उत्तीर्ण (बोर्ड परीक्षा में जीव विज्ञान एवं गणित विषय के साथ न्यूनतम 70 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण होने वाले) विद्यार्थियों को निःशुल्क आवासीय सुविधा के साथ कोचिंग दिलाया जायेगा। इस योजना का लाभ लेने के लिए अभ्यर्थियों के पालकों का वार्षिक आय 02 लाख 50 हजार रूपये से अधिक नहीं होना चाहिए। आवेदन सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय दन्तेवाड़ा में 01 जुलाई सायं 04 बजे तक जमा किया जा सकता है। अभ्यर्थियों का चयन परीक्षा में प्राप्त मेरिट सूची के आधार पर किया जायेगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी हेतु विभागीय वेबसाइट 222.द्दद्धड्डद्बद्य.ष्द्द.द्दश1.द्बठ्ठ/ पर अवलोकन किया जा सकता है।

### एक नजर

## तेंदूपत्ता नगदी भुगतान और अन्य मुद्दों को लेकर आदिवासी समाज करेगा प्रदर्शन

**बीजापुर 16 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । जिले के ग्रामीण तेंदूपत्ता संग्राहकों द्वारा लगातार नगदी भुगतान मांग विभिन्न मंचों से किए जाने के बाद भी आज पर्यंत तक सरकार के तरफ से कोई ठोस पहल होता नजर नहीं आ रहा है जिससे आदिवासी समाज में खासा आक्रोश व्याप्त है। संग्राहकों को नगदी भुगतान की मांग को लेकर सर्व आदिवासी समाज आगामी 18 जून को जिला मुख्यालय में रैली और ज्ञापन सौंपेगा उक्त जानकारी सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जग्गू राम तेलामी ने प्रेस नोट जारी कर दी है। जग्गू राम तेलामी ने बताया कि जिले में तृतीय, चतुर्थ श्रेणी में स्थानीय भर्ती में आरक्षण व छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद से बैकलॉग पदों की भर्ती लंबित है। बीजापुर जिले में वनाधिकार पट्टा वितरण प्रक्रिया में गैर अनुसूचित जन जातियों के लिए नियमों की अनदेखी और शिथिल कर पट्टा जारी कर वनों को तहस नहस किया जा रहा है। बीजापुर जिला गांवों में बसता है, दुरस्थ और सुदूर गांव के ग्रामीणों के पास न बैंक खाता है और न ही कथित तौर पर एयरटेल बैंक सुविधा। जिसके चलते अपनी थोड़ी सी राशि को निकालने के लिए ग्रामीणों को 50 से 70 किमी की दूरी तय कर बैंको में लाइन लगानी पड़ती है। तेंदूपत्ता से मिली राशि पूरे साल भर के लिए पूंजी होती है। आगामी 18 जून 2024 दिन मंगलवार को जिले का आदिवासी समाज बस स्टैंड में एकत्र हो कर बीजापुर नगर के मुख्य मार्ग पैदल रैली कर कलेक्टर कार्यालय में राज्यपाल, मुख्यमंत्री और वन मंत्री के नाम कलेक्टर बीजापुर को ज्ञापन सौपेगा।



## 20 जून को होगी जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक

**बीजापुर 16 जून।** जिला पंचायत बीजापुर की सामान्य सभा की बैठक 20 जून 2024 को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आहूत की गयी है। बैठक में वन, स्वास्थ्य, आदिवासी विकास, स्कूल शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास, कृषि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी इत्यादि विभागों के कार्यों की समीक्षा की जावेगी। उक्त बैठक में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को अद्यतन जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं जिला पंचायत सदस्यों एवं मानद सदस्य सर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष को इस बैठक में उपस्थित होने को आग्रह किया गया है।

# हेलमेट के उपयोग को सभी सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में दें बढ़ावा: ओपी चौधरी

**ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता के लिए जिला पुलिस चला रहा यातायात सुरक्षा अभियान, 5 हजार हेलमेट वितरण का है लक्ष्य**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 16 जून।** यातायात जागरूकता को लेकर जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस बिना हेलमेट वाहन चालकों का मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई कर हेलमेट का वितरण किया जा रहा है। आज छातामुड़ा चौक में आयोजित हेलमेट वितरण कार्यक्रम में प्रदेश के वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी शामिल हुए। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल व पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग कुमार पटेल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि सड़क में दोपहिया चलाते हुए हेलमेट का उपयोग किए जाने का महत्व हम सभी को पता है। सड़क दुर्घटनाओं में बिना हेलमेट के गाड़ी चलाना लोगों के जान जाने का बड़ा कारण है। लेकिन अधिकांश लोग इसको नजरंदाज कर देते हैं। जब तक स्वयं पर विपदा नहीं आती तब तक मामले की गंभीरता नही समझने की प्रवृत्ति छोड़नी चाहिए। परिवार में किसी की भी असमय मृत्यु से पूरा परिवार बुरी तरह से प्रभावित होता है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि अपनी सुरक्षा और अपने परिवार, समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझे, गाड़ी चलाते समय हेलमेट जरूर पहने। ट्रैफिक नियमों का पालन जरूर करें। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग कुमार पटेल के नेतृत्व में रायगढ़ पुलिस का 5 हजार हेलमेट वितरण का यह अभियान समाज में सड़क सुरक्षा का महत्वपूर्ण संदेश दे रहा है। हमें हेलमेट के उपयोग को सामाजिक जिम्मेदारी समझ कर सभी के द्वारा इसके उपयोग को बढ़ावा देने की जरूरत है।



जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे हैं विशेष अभियान को लेकर पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग कुमार पटेल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में हो रही अधिकांश मौतें दुपहिया वाहन के चालक द्वारा हेलमेट नहीं पहनने के कारण हुई है। जिला पुलिस सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर को कम करने तथा लोगों को हेलमेट के प्रति जागरूक करने नियमानुसार चालानी कार्यवाही कर हेलमेट का वितरण किया जा रहा है, जिला पुलिस का लक्ष्य 5 हजार से अधिक व्यक्तियों को हेलमेट वितरण करना है।

## तेलिकोटवासियों ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी का जताया आभार

**खरसिया 16 जून।** ग्राम तेलीकोट में 22 लाख रुपए से अधिक की राशि के विकास कार्यों की सौगात देने पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी का किया धन्यवाद। ग्रामवासी बताते हैं कि लंबे समय से कांग्रेस के शासनकाल में नाली निर्माण तालाब की गहरीकरण के लिए मौखिक रूप से आवेदन दिया गया था लेकिन विकास कार्य अधूरा पड़ा हुआ था। वही माननीय ओपी चौधरी को मौखिक रूप से इन समस्याओं को भाजपा जिला मंत्री महेश साहू के सानिध्य में अवगत कराया गया, जिसमें वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने ग्राम तेलीकोट की समस्या को गंभीरता से लेते हुए मनरेगा विकास कार्य की स्वीकृत करवाई। जिससे ग्राम तेलीकोट में विकास की कड़ी जूडने से समस्त ग्रामवासियों में खुशी का माहौल है। ग्रामवासियों ने हृदय से मंत्री ओपी चौधरी को धन्यवाद दिया। आभार व्यक्त करने वालो में तेलीकोट से रमेश राठौर, बलदेव कुर्रे, संतदास महंत, उमाशंकर सिदार (सरपंच), शिवचरन महिष, राजेन्द्र चौहान (BDC प्रतिनिधि, पीतांबर महंत, रवि बघेल, महावीर, बसंत, अजय राठौर, लकेश, अजय पुरसेठ, हरभजन, अमित मिरि, उजागर, अजय महिष, विजेन्द्र चौहान, दिलीप महिष, झमन बरेठ, महादेव चौहान, रोशन महंत, बसंत महंत, शिवा, श्रवण यादव, भोला यादव, लंबू यादव, मुकेश यादव, विमल, गोपाल, पवन राठौर, भागीरथी राठौर, शिव साहू एवं समस्त ग्रामवासी शामिल है।



# नियद नेल्लानार योजना के तहत अंदरूनी क्षेत्रों के ग्रामीणों तक पहुंच रही हैं मूलभूत सुविधाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 16 जून।** नियद नेल्लानार योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है जिसके अन्तर्गत जिले के अत्यंत सुदूर एवं अंदरूनी क्षेत्रों के ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की भरसक प्रयास जिला प्रशासन के द्वारा की जा रही है। इसी क्रम में गंगालूर सहकारी समिति में गंगालूर क्षेत्र के अत्यंत सुदूरवर्ती गांव पालनार, बुरजी, पेद्दाकोरमा, रेड्डी, हिरोली जैसे विभिन्न गांवों के ग्रामीणों और किसानों को उन्नत किस्म के धान का बीज, डीएपी, यूरिया सहित प्रति किसान 28 सौ रुपए के खाद-बीज एवं भूमि सुधार हेतु प्रत्येक किसान को एक हजार रुपए का वितरण कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय द्वारा किया गया। इस दौरान मत्स्य विभाग द्वारा हितग्राहियों को जाल वितरण किया गया।

अंदरूनी क्षेत्रों से भारी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति और उनका उत्साह देखने को मिला। ग्रामीण अंदरूनी क्षेत्रों में विकास के प्रति उत्साहित नजर आ रहे हैं और मुख्य धारा में जुड़कर अपने भावी पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए विकास में अपना सहभागिता देने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने ग्रामीणों को बताया कि नियद नेल्लानार के तहत जिले के चिन्हांकित 33 गांवो में बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को देने के लिए लगातार कार्य कर रही है जिससे ग्रामीण अपनी आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक विकास कर सके।

अशिक्षा, कुपोषण, गरीबी जैसे सामाजिक बुराई को समाप्त कर एक उन्नत जीवन शैली अपना सके और भावी पीढ़ी को वह सभी सुविधाएं उपलब्ध करा सके जिससे वह सब अभी वंचित है। लोकतांत्रित व्यवस्थाओं के अनुरूप सभी को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं एक अच्छे जीवन जीने का अधिकार है। उनके अधिकारों का हनन करके उन्हे इन बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखने वाले उनके हितैषी नही है बल्कि मानव जीवन के दुश्मन है ऐसे विचार धारा वाले लोगों से दूर रहे और अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए जागरूक बनकर विकास में सहयोग देने की अपील कलेक्टर ने की। ग्रामीणों के विभिन्न मांगो एवं समस्याओं से अवगत होकर उनका समाधान करने का भी आश्वासन दिए। इस दौरान एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल, तहसीलदार बीजापुर श्री डीआर ध्रुव, उप संचालक कृषि श्री पीएस कुसरे, उप संचालक पशुधन विकास डॉ. एसएस राजपूत, सहायक संचालक उद्यानिकी, मत्स्य विभाग सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।



### समाचार संक्षेप

## दिवंगत शासकीय सेवकों के परिजनों को कलेक्टर ने अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदाय किया

**बीजापुर 16 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने इन्द्रावती सभाकक्ष में दिवंगत शासकीय सेवकों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान किया। लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा भू-अभिलेख विभाग से 1-1 आवेदक एवं शिक्षा विभाग के 13 आवेदकों सहित कुल 17 आवेदकों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपते हुए कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने शासन के नियमानुसार नए दायित्वों का निर्वहन भलिभांति करने, नियमानुसार आश्रितों का भरण पोषण करने की समझाइस दी।अनुकंपा नियुक्ति अर्न्तगत तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के पदों पर नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया जिसमें पटवारी, सहायक ग्रेड -03 एवं भृत्य के पद शामिल हैं।इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री कैलाश, वर्मा, एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल, डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम सिंह पंचारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी, जिला शिक्षा अधिकारी श्री रमेश निषाद सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



## विस्फोटक के साथ 5 लाख की ईनामी मिरतुर एलओएस कमाण्डर सहित 4 माओवादी गिरफ्तार



**बीजापुर 16 जून।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् डीआरजी बीजापुर एवं थाना भैरमगढ़ की अलग अलग कार्यवाही में 03 माओवादियों को विस्फोटक के साथ पकड़ा गया । सुराखाड़ापारा केशकुतुल पहाड़ी जंगल से विस्फोटक के साथ 02 माओवादियों को पकड़ा गया 1. बोमड़ा कवासी पिता बदरू उम्र 32 वर्ष निवासी नयापारा केशकुतुल एवं 2. सुक्को कुंजाम पिता मंगू उम्र 30 वर्ष निवासी सुराखाड़ा केशकुतुल पकड़े गये माओवादियों के कब्जे से टिफिन बम, जिलेटिन स्टीक, माओवादी पर्चे, इलेक्ट्रिक फ्यूज वायर बरामद किया गया । बिरियाभूमि के जंगल में अवैध विस्फोटक के साथ महिला माओवादी मिरतुर एलओएस कमाण्डर कुमारी गल्लो वेक्को पिता नडगू उम्र 26 वर्ष निवासी आदवाड़ा थाना जांगला को पकड़ा गया । पकड़े गये महिला माओवादी पर 5.00 लाख का ईनाम घोषित है । जो वर्ष 2016 से सक्रिय है । 0 थाना मिरतुर एवं छसबल कैम्प चेरली 15वी वाहिनी ई कंपनी का संयुक्त बल फुलादी, जप्पेमरका की ओर निकली थी । अभियान के दौरान फुलादी एवं जप्पेमरका के मध्य जंगल से झाड़ियो मे लुकते छिपते एक संदिग्ध महिला को पकड़ा गया । जिसके कब्जे से टिफिन बम, डेटोनेटर, पेंसिल सेल, इलेक्ट्रिक वायर बरामद किया गया । पूछताछ पर महिला द्वारा अपना नाम 1. समीला उईका पिता स्व0 फागू उईका उम्र 25 वर्ष जाति मुरिया निवासी कमकानार थाना गंगालूर, पदनाम मिरतुर एलओएस पार्टी सदस्य, वर्ष 2013 से माओवादी संगठन में सक्रिय होना बताई। पकड़े गये माओवादी के विरूद्ध थाना भैरमगढ एवं मिरतुर में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है ।

## बक़रीद को लेकर प्रशासन ने शांति समिति की बैठक ली

**गरियाबंद 16 जून।** सिटी कोतवाली परिसर में शनिवार की शाम को बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक तहसीलदार डोमेश साहू,नगरपालिका उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके,थानां प्रभारी ओमप्रकाश यादव व नगरपालिका सभापति आसिफ मेमन की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।बैठक में थाना प्रभारी ने लोगो से अपील करते हुए कहा की पर्व चाहे जिस समुदाय का हो शांति और भाईचारे के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया जाय।कोई ऐसा कार्य या बातचीत नहीं होनी चाहिए जिससे किसी समुदाय की भावना को ठेस पहुंचे।बैठक में तहसीलदार डोमेश साहू ने उपस्थित लोगों से शांति बनाए रखने में सहयोग की अपील करते हुआ कहा कि त्योहार के दौरान असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी।उन्होंने सोशल मीडिया पर भड़काऊ मैसेज नहीं डालने की अपील लोगों से की है। नपा उपाध्यक्ष सोनटेके ने कहा कि बकरीद त्योहार आपसी सद्भाव व प्रेम को दर्शाता है। लिहाजा ऐसी कोशिश हो कि सद्भाव व प्रेम का संदेश मिले।साथ ही उन्होंने कहा कि पूर्व की भांति हिन्दू मुस्लिम के सभी त्योहारों में सभी लोग एक- दूसरे में शरीक होकर जिस तरह शांतिपूर्ण माहौल में पर्व त्यौहार को संपन्न कराने का कार्य करते आ रहे हैं उसी तरह मुझे आशा ही नहीं पूरी उम्मीद है बकरीद पर्व शांतिमय माहौल में मनाया जाएगा।थाना प्रभारी ने कहा कि अफवाह से दूर रहें।इंटरनेट मीडिया पर आने वाली अफवाहों को फारवर्ड न करें।किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटने पर उसकी सूचना तुरंत देने के लिए कहा। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस संवेदनशील जगहों पर मौजूद रहेगी ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे।बकरीद पर्व कुर्बानी का त्योहार है जो आपसी सद्भाव व प्रेम को दर्शाता है।लिहाजा ऐसी कोशिश हो कि सद्भाव व प्रेम का संदेश मिले।उन्हींने अपील करते हुए कहा कि आपसी सहयोग का पर्व है।किसी प्रकार की घटना की सूचना मिले तो आप थाना को अवश्य सूचित करे।वही बैठक में आए मुस्लिम समाज के लोगो ने बताया कि बकरीद पर्व के दिन सुबह छै बजे से समाज के लोग इकट्ठा होंगे और नौ बजे नमाज अदा कर बकरी की कुर्बानी दिया जाएगा।बैठक में राजेश साहू रिखी यादव,ताहिर खान प्रकाश निर्मालकर राजीव रंजन साखरे के साथ पत्रकारगण एवं नगर के प्रबुधजन उपस्थित रहे।




# अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस पर आंगनबाड़ी केंद्रों में उत्साह से किया गया विभिन्न खेलों का आयोजन

■ महिला बाल विकास विभाग, यूनिसेफ व विक्रमशिला एजुकेशन रिसोर्स सोसायटी का संयुक्त आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 16 जून।** बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेलों के महत्व को दृष्टिगत रखते अन्तर्राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग बीजापुर के निर्देशन में व यूनिसेफ और विक्रमशिला एजुकेशन रिसोर्स सोसाइटी के मार्गदर्शन में जिले के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में दिनांक 11 जून 2024 को 'परवरिश के चैंपियन' वर्णमाला बुक के माध्यम से ख से खेल शब्द पर पालक सत्र अयोजित किया गया। जिसमे पालकों व बच्चों के साथ ग्राम स्तरीय विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। इसी के तहत जिला बीजापुर के ब्लाक भैरमगढ़ ग्राम नेलसनार में विक्रमशिला एजुकेशन रिसोर्स सोसाइटी के जिला समन्वयक जगत मलहोत्रा की उपस्थिति में पालक सत्र के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के खेल जैसे कबड्डी ,बोरा दौड़, मेढ़क दौड़, क्रिकेट, चमच्च दौड़, रस्सा खिंच, पिट्ठुल, बिल्लस आदि खेलों का आयोजन किया गया। बच्चों के समग्र विकास में खेलों की भूमिका पर चर्चा के दौरान पालकों ने कहा कि अब हम प्रतिदिन बच्चों के साथ खेलेंगे जिससे उनके समग्र विकास में मदद मिलेगी।

इस अवसर पर नेलसनार के सरपंच श्री सीताराम कश्यप ने भविष्य में भी बच्चों और पालकों के साथ इस प्रकार से खेल अयोजित करने की बात कही, जिससे बच्चों और पालकों के बीच भावनात्मक बंधन को मजबूत होगा। इस अवसर पर सीडीपीओ श्री पूनम,पर्यवेक्षक एवं बीजादुतीर से स्वयं सेवक साथियों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग दिया। इस कार्यक्रम में ग्राम प्रमुख, पंच श्री मोटू तम्मो,प्रदीप कर्मा, बच्चों के पालकों सहित बड़ी संख्या ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।



# विश्व रक्तदान दिवस पर जिला अस्पताल शिविर में लोगों ने उत्साह से किया रक्तदान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 16 जून।** विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन जिला अस्पताल एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वाधान में हुआ जिसमें कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए रक्तदान की महत्व के बारे में बताया और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। बीजापुर जिला माओवाद प्रभावित जिला है मुठभेड़ में घायल जवानों को आपातकाल ब्लड की आवश्यकता पड़ती रहती है, वही जिले में एनीमिया, कुपोषण का प्रभाव भी देखने को मिलता है गर्भवती माताओं को प्रसव के दौरान ब्लड की आवश्यकता आपात परिस्थिति में जरूरत पड़ती है तथा सड़क दुर्घटना जैसे स्थिति में ब्लड बैंक में पर्याप्त मात्रा में ब्लड यूनिट उपलब्ध होने से लोगो की जिंदगी बचाने में सहायक होती है। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने सीआरपीएफ के जवानों, जिले के युवा रक्तदाताओं एवं समाज सेवी संगठनों का आभार व्यक्त किया जो रक्तदान के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। रक्तदाताओं को रक्तदान के बाद चाय अथवा काफी सुगमतापूर्वक उपलब्ध कराने कलेक्टर एवं एसपी ने काफी वेडिंग मशीन का शुभारंभ किया रेडक्रॉस के सौजन्य से प्राप्त काफी वेडिंग मशीन से रक्तदाताओं को चाय कॉफी दिया जाएगा। कलेक्टर एवं एसपी ने जिले के रक्तदाताओं के नाम पता मोबाईल नंबर सहित ब्लड ग्रुप की जानकारी सहित रक्तदाता डायरेक्ट्री पुस्तक का विमोचन किया जिसमें आसानी से ब्लड ग्रुप की आवश्यकता अनुरूप रक्तदाताओं से संपर्क किया जा सकेगा। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री कैलाश वर्मा, एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल, डिप्टी कलेक्टर श्री नारायण गवेल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी सिविल सर्जन डॉ. यशवंत ध्रुव सहित सीआरपीएफ के जवान, रक्तदाता युवा एवं मीडिया के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।



## स्वरोजगार स्थापना के लिए सुनहरा अवसर

**बीजापुर 16 जून।** केन्द्र शासन और राज्य शासन द्वारा संचालित हितग्राही मूलक दो योजनाएं संचालित है जिसके अन्तर्गत ग्रामीण व शहरी शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को स्वरोजगार स्थापना हेतु बैंकों के माध्यम से लोन प्रदाय किया जा रहा है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनान्तर्गत- विनिर्माण क्षेत्र हेतु अधिकतम राशि रु 50 लाख एवं सेवा क्षेत्र हेतु अधिकतम राशि रु 20 लाख तक लोन दिया जा रहा है। बैंक द्वारा स्वीकृत प्रोजेक्ट राशि का 35 प्रतिशत अनुदान दिया जावेगा। आवेदक का उम्र कम से कम कम 18 से 45 वर्ष होना चाहिए, शैक्षणिक योग्यता 8वीं उर्त्तीण, जाति, निवास प्रमाण पत्र जो सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित हो, अनापति प्रमाण पत्र जो सरपंच/नगर पंचायत अध्यक्ष से प्रमाणित हो, आधार कार्ड, पेन कार्ड, पासपोर्ट साईज का फोटो, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, आदि के साथ आवेदक अपना आवेदन ऑन लाईन श्वद्वद्दद्दश्वद्दश्चश्वह्लह्लड्डद्य से ऐजेन्सी चड्ढद्धक्क को आवश्यक दस्तावेजों के साथ स्वयं भेज सकते हैं। विभाग द्वारा दस्तावेजों का जांच कर सम्बन्धित बैंक को स्वीकृति हेतु प्रेषित भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनान्तर्गत- विनिर्माण क्षेत्र हेतु अधिकतम राशि रूपए 3 लाख एवं सेवा क्षेत्र हेतु अधिकतम राशि रूपए 1 लाख तक लोन दिया जा रहा है। इस योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के हितग्राही आफलाईन आवेदन कर सकते हैं। बैंक द्वारा स्वीकृत प्रोजेक्ट राशि का 35 प्रतिशत अनुदान दिया जावेगा। आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज आवेदक का उम्र कम से कम 18 से 45 वर्ष होना चाहिए।

# कलेक्टर ने जिले के अंदरूनी क्षेत्रों का किया दौरा

■ सड़क, पुल-पुलिया सहित विकास कार्यों की प्रगति का किया अवलोकन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 16 जून।** कलेटक्टर श्री अनुराग पाण्डेय जिले के अंत्यंत सुदूर और अंदरूनी गांव गंगालूर, कांवड़गांव, मुतवेंडी, हिरोली, का सघन दौरा किया। निर्माणधीन सड़क, पुल-पुलिया का निरीक्षण कर समय-सीमा में गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कांवड़गांव में आयोजित आधार कैम्प का अवलोकन किया ग्रामीणों को शासन की विभिन्न व्यक्तिमूलक योजनाओं में आधार कार्ड, बैंक खाता के उपयोगिता को समझाते हुए शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

महतारी वंदन योजना, समर्थन मूल्य पर धान बेचने, तेन्दूपत्ता का पारिश्रमिक, पीएम किसान निधि जैसे विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने बैंक में खाता अनिवार्य है इसलिए सभी लोग अपना आधार कार्ड बनवाए और बैंक में खाता खुलवाएं ग्रामीणों के द्वारा स्कूल की मांग पर सहमति देते हुए अभी अस्थाई रूप से स्कूल का संचालन करने का निर्देश दिए।

कांवड़गांव के पश्चात ग्राम मुतवेंडी पहुंचे जहां कुछ महीने पहले क्रॉस फायरिंग में 6 माह की बच्ची की मृत्यु हो गई थी एवं उसके कुछ दिनों बाद नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी में बच्ची के मामा गड़िया की मृत्यु हो गई थी दोनो के परिवार वालों को शासन द्वारा प्रदत्त की जाने वाली 10-10 लाख रूपए मुआवजा राशि के लिए बैंक खाता खुलवाने की बात कही ताकि जल्द से जल्द मुआवजा की राशि पीड़ित को मिल सके।

मुतवेंडी गांव के युवाओं से कलेक्टर ने मिलकर गांव में बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली 22-23 वर्षीय युवाओं ने बताया कि उन्होने न कभी स्कूल गया है नही कभी टीवी देखा है, गांव के कुछ 2-4 पढ़े-लिखे युवा जो किरंदुल दंतेवाड़ा में रहकर पढ़ाई किए हैं उन्ही के पास मोबाईल में कभी-कभी कुछ देखने को मिला।

कलेक्टर ने गांव में नियद नेल्लानार योजना के तहत बिजली, पानी, मोबाइल नेटवर्क, स्कूल, अस्पताल सहित बुनियादि सुविधाएं जल्द उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। वहीं युवाओं ने भावी पीढ़ी को पढ़ाने, स्कूल खोलने की बात कहते हुए शासन-प्रशासन के साथ मिलकर विकास में हम सहभागिता देंगे।

चमचमाती सड़क पहुंच रही अंदरूनी क्षेत्र में

सड़क, पुल-पुलिया बनने से कांवड़गांव, मुतवेंडी, हिरोली, पीड़िया जैसे सुदूर क्षेत्र में तेजी के साथ विकास कार्य प्रगति पर है। विगत 3-4 माह में जिस तेजी से सड़क, पुल-पुलिया का निर्माण हो रहा है। विकास की एक नई गाथा लिखने जा रही है। 4 माह पहले जो बीहड़ क्षेत्र माओवादियों के गिरफ्त में जो इलाका था वहां जिस तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। निश्चित रूप से अब स्कूल, अस्पताल जैसे सुविधा उपलब्ध होंगे, राशन के लिए लोगों को मीलो दूर का सफर तय करना नहीं पड़ेगा, शिक्षा, स्वास्थ्य, कुपोषण जैसे गंभीर समस्याओं का निराकरण अब जल्द ही होगा।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल, तहसीलदार श्री डीआर ध्रुव सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



# बुनियादी साक्षरता पर शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 16 जून।** राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद छत्तीसगढ़ रायपुर के तत्वावधान में भाटापारा में एफएल.एन आधारित प्रशिक्षण 10 जून से 13 तक संपन्न हुआ। शिक्षा विभाग की इस अति महात्वाकांक्षी प्रशिक्षण को विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण के तौर पर भाटापारा के कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण प्रभारी विकासखंड स्त्रोत समन्वयक लेखराम साहू, विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामजीपाल के मुख्य संयोजन में यह चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। विकासखंड के समस्त तीस संकुलों से प्राथमिक शालाओं के शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही। तीस संकुल को तीन जोन में विभाजित कर अलग-अलग कक्षों में प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई थी। जोन एक में मास्टर ट्रेन के रूप में मनोज साहू अजीम प्रेमजी फाउंडेशन भाटापारा, समन्वयक द्वय लखेश्वर शर्मा व बैसाखू राम साहू एवं प्रधानपाठक रामचंद्र ध्रुव थे। जोन दो में प्रशिक्षक के रूप में फाउंडेशन से इति शर्मा, संयोगिता शर्मा, समन्वयक द्वय टीकाराम साहू व ओमप्रकाश ध्रुव, शिक्षक कन्हैया साहू सक्रियता से रहे। इसी प्रकार जोन तीन में फाउंडेशन से नासिर सिद्धिकी, बाबूलाल प्रधान, समन्वयक द्वय लोचन नेताम व संतोष मानिकपुरी, शिक्षक खुशबू शर्मा रहे।

बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान के उद्देश्यों को पूर्ण करने इस विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता थी। निपुण भारत के अंतर्गत प्रत्येक कक्षा अध्यापकों को यह प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य रखा गया है। भाषा एवं गणित की दक्षताओं को प्राप्त करने अभ्यास पुस्तिका और शिक्षक संदर्शिका का उपयोग, नवा जतन, बहुभाषा, पुस्तकालय की उपयोगिता, ई. जादुई पिटारा का उपयोग पर विस्तार से विचार-विमर्श कर उपस्थित शिक्षकों को अद्यतन किया गया। इस प्रशिक्षण का सतत मॉनिटरिंग एस.सी.ई.आर.टी द्वारा किया जा रहा था। डाइट रायपुर की ओर से एल.आर.वर्मा, एस.आर.जी क्षिप्रा अग्रवाल, अभिलाषा शर्मा, योगेश साहू, कमल नवरंगे आदि ने आवश्यकता अनुसार अपनी भूमिकाओं का निर्वहन किया।

## समाचार संक्षेप

### श्रीरामलला के दर्शन के लिए पहले चरण में जिले के 77 श्रद्धालु जाएंगे अयोध्या धाम



**बालोद, 16 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी 'श्रीरामलला दर्शन' अयोध्या धाम यात्रा योजना के अंतर्गत पहले चरण में बालोद जिले के 77 श्रद्धालु रामलला के दर्शन हेतु बुधवार 26 जून को अयोध्या धाम जाएंगे। उल्लेखनीय है कि इस योजना का लाभ लेने हेतु पहले चरण में बालोद जिले से कुल 975 लोगों ने अपना आवेदन प्रस्तुत किया था। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे की उपस्थित में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज जिला स्तरीय समिति के द्वारा लाटरी निकालकर अयोध्या धाम यात्रा के लिए कुल 77 यात्रियों का चयन किया गया है। ज्ञातव्य हो कि दुर्ग संभाग के अन्तर्गत बालोद जिले से प्रत्येक चरण के यात्रा हेतु 77 यात्रियों का जिला स्तरीय मॉडल कोटा निर्धारित किया गया है। इसके अंतर्गत अयोध्या धाम यात्रा हेतु आयु सीमा न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 75 वर्ष निर्धारित की गई है। उपसंचालक समाज कल्याण विभाग ने बताया कि यात्रा के प्रथम चरण के लिए 55 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु के व्यक्तियों का चयन किया गया है। इस योजना के लिए शहरी क्षेत्रों से 25 प्रतिशत एवं ग्रामीण क्षेत्रों से 75 प्रतिशत यात्रियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले के सभी चयनित 77 यात्री दुर्ग एवं बस्तर संभाग के यात्रियों तथा अधिकारी-कर्मचारियों के साथ 26 जून को ट्रेन से अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान करेंगे। इस दौरान पंचायत विभाग के उप संचालक आकाश सोनी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

■ **कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत की उपस्थित में लाटरी निकालकर किया गया यात्रियों का चयन**

### डोर टू डोर कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण कार्य निरंतर जारी रखने जिपं सीईओ ने दिए निर्देश



**बालोद, 16 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में आज स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के कार्यों में गति लाने एवं जन-जागरूकता हेतु विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित करने के संबंध में बैठक ली। बैठक में जिले के सभी विकासखण्डों के मुख्य मार्ग में स्थित झलमला, लाटाबोड़, पैरी, कचान्दूर, करहीभदर, चिटौद, कोलिहामार, कुसुमकसा, खैरवाही, गैंजी, सम्बलपुर, पसौद एवं नांहदा आदि ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायकों के साथ-साथ पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में डॉ. कन्नौजे ने ग्राम पंचायतों में डोर टू डोर कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण कार्य निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए। इस दौरान यूजर चार्ज लेने तथा सामुदायिक शौचालय संचालन एवं संधारण की व्यवस्था आदि के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत ग्राम पंचायतों को ओ.डी.एफ प्लस मॉडल बनाने हेतु ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य तथा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में भी चर्चा की गई। इसके अंतर्गत घरों सार्वजानिक स्थलों को साफ रखने हेतु जागरूक करने के लिए स्वच्छता सप्ताह चलाये जाने पर चर्चा की गई एवं बताया जा रहा है कि कम से कम सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करे जिससे प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव से बचा जा सके। डॉ. कन्नौजे ने कहा कि गंदगी को गांवों से भगाकर बीमारी दूर करना है जो कि स्वच्छता से ही संभव है, गांवों को साफ-सफाई बनाये रखने सामुदायिक सहभागिता की आवश्यकता है। उन्होंने श्रमदान के माध्यम से गांव को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। डॉ. कन्नौजे ने ग्रामीणों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने के लिए प्रेरित करने के भी निर्देश दिए। जिससे कि प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि गांव को स्वच्छ रखना अत्यंत आवश्यक है।

■ **स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के कार्यों में गति लाने के संबंध में सीईओ जिला पंचायत ने ली बैठक**

### आरंग माब लीचिंग में दो मुस्लिम युवकों की मौत के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी हो : आशीष रात्रे

**भखारा, 16 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष आशीष रात्रे ने मुस्लिम युवकों की माब लीचिंग के नाम हत्या की निंदा की है बसपा नेता आशीष रात्रे ने बताया कि 6-7 जून की मध्य रात्रि उत्तर प्रदेश सहारनपुर के तीन मुस्लिम युवक ट्रक में भैंस लेकर जा रहें थे जिन्हें आरंग में महानदी के पुल पर 10-15 युवकों ने रोका और उन्हें गौ रक्षा के नाम पर उनकी बेदम पिटाई कर दी। पिटाई से चांद मियां और गुड्डू खान की मौत हो गई। गौ रक्षा के नाम पर गुंडागर्दी ठीक नहीं है। क्या इन लोगों को कानून को अपने हाथ में लेने का पुलिस प्रशासन सरकार लाइसेंस दे दिया है क्या खुलेआम कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही है कई लोग गौ रक्षा के नाम पर अवैध उगाही कर रहे हैं कानून को अपने हाथ में ले रहे हैं किसी भी की गाड़ी को रोककर मार-पीट लूट पाट कर रहे हैं इनकी जांच किया जाए। मुख्यमंत्री को इस पर तत्काल कदम उठना चाहिए। अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी न होना आरोपियों को संरक्षण देने की ओर इशारा कर रहे हैं बसपा नेता आशीष रात्रे ने गौ रक्षा के नाम पर ढोंग करने वाले पर तंज कसते हुए कहा कि आज हजारों रुपए के घर में कुत्ते पालनें खर्च कर रहे हैं लेकिन एक गाय घर में रखने के लिए एलर्जी है गौशालाओं के नाम पर क्षमता से अधिक गायों को रख कर अपनी रोजी रोटी चला रहे हैं।



## एक नजर

### हाथियों के विचरण पर वन विभाग ने जारी किया अलर्ट

**बलौदाबाजार, 16 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वनमंडल बलौदाबाजार अंतर्गत बार नवापारा अभ्यारण्य, वन विकास निगम क्षेत्र एवं देवपुर परिक्षेत्र के जंगलों में 02 नग दंतैल हाथी विचरण कर रहे हैं। इसी प्रकार 01 नग दंतैल हाथी अर्जुनी के जंगलों में विचरण कर रहा है जो कि महासमुंद के जंगल से आया हुआ है। इस प्रकार अलग-अलग परिक्षेत्र में कुल 03 हाथी विचरणरत हैं। जंगल में हाथी की मौजूदगी से वन विभाग ने कई गाँवों में अलर्ट जारी कर दिया है। बारनवापारा अभ्यारण्य में विचरणरत हाथी एमई-3 तथा 01 नग छोटा दंतैल हाथी जो कि गुरुवार से महासमुंद एवं गोमरदा अभ्यारण्य से आया हुआ है। विभाग ने परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम हरदी, रामपुर, पकरीद, अकलतरा, कोठारी, सैहाभाठा, पाड़ादाह, दोंद में अलर्ट जारी किया गया है। गाँव में मुनादी कराकर ग्रामीणों को जंगल की ओर न जाने की हिदायत दी गई है। इसके साथ ही वन विभाग लगातार हाथी को ट्रैक कर रहा है।

### जिला स्तरीय सोशल मीडिया निगरानी समिति का किया गया गठन

**बलौदाबाजार, 16 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कानून एवं व्यवस्था के संदर्भ में सोशल मीडिया के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए सोशल मीडिया में जिले के सम्बन्ध में चल रहे गतिविधियों पर निगरानी रखने एवं नकारात्मक गतिविधियों सम्बन्धी लेखों पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु जिला स्तरीय सोशल मीडिया निगरानी समिति का गठन किया गया है। इस हेतु कलेक्टर दीपक सोनी ने आज आदेश भी जारी कर दिया है। इस समिति मे संयुक्त कलेक्टर सीमा ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बलौदाबाजार निधि नाग, सहायक संचालक, योजना एवं सांख्यिकी सुमीत कुमार मेरावी, सहायक सूचना अधिकारी जनसंपर्क नितेश चक्रधारी सद्स्य होंगे। उक्त समिति सोशल मीडिया में नकारात्मक लेखों, तथ्यों पर निगरानी रखेगी। अवैधानिक एवं आपत्तिजनक पोस्ट, कमेंट्स आदि पाये जाने पर समिति प्रतिदिन जानकारी संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं संबंधित अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को त्वरित कार्यवाही हेतु प्रेषित करेगी। संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं संबंधित अनुविभागीय अधिकारी पुलिस तत्काल प्रतिबंधात्मक कानूनी कार्यवाही करते हुए समिति को प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। जिला स्तरीय समिति अनुविभाग से प्राप्त कार्यवाही का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रतिदिन अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करेंगे।

### रेत के अवैध परिवहन, भण्डारण व उत्खनन पर खनिज विभाग की लगातार कार्रवाई

**बालोद, 16 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले में खनिज विभाग द्वारा अलग-अलग एवं संयुक्त टीम बनाकर रेत के अवैध परिवहन, भण्डारण और उत्खनन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला खनि अधिकारी मीनाक्षी साहू ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में अवैध उत्खनन के 11 प्रकरण दर्ज कर 10 लाख 32 हजार 500 रूपए, अवैध परिवहन के 39 प्रकरण दर्ज कर 09 लाख 63 हजार 855 रूपए तथा अवैध भंडारण के 01 प्रकरण दर्ज कर 26 हजार 575 रूपए की वसूली की गई।
क्रमांक/187/ठाकुर

### रेत उत्खनन पट्टा आंबटन के लिए आमंत्रित निविदा अपरिहार्य कारणों से स्थगित

**बालोद, 16 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कार्यालय कलेक्टर खनिज शाखा जिला बालोद द्वारा जिले के रेत खदान समूहों को रेत उत्खनन पट्टा आंबटन प्रदान किए जाने हेतु आमंत्रित किए गए निविदा अपरिहार्य कारणों से आगामी आदेश तक स्थगित कर दी गई है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय कलेक्टर खनिज शाखा कलेक्टोरेट बालोद से प्राप्त की जा सकती है।

### बाल श्रम निषेध दिवस पर बाल श्रम रोकने के लिए टास्कफोर्स टीम का गठन

**बालोद, 16 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशन में बाल श्रम निषेध दिवस 12 जून के अवसर पर बाल एवं किशोर श्रम उन्मूलन की दिशा में बचाव अभियान कार्यक्रम के तहत जिले में टॉस्कफोर्स टीम का गठन किया गया है। जिला श्रम अधिकारी ने बताया कि गठित टास्कफोर्स टीम के माध्यम से जिले में स्थित उद्योगों, निर्माण कार्यों, दुकानों, होटल, ढाबा, वर्कशाप, आटोपार्ट्स, गैरेज, ईट भट्ठा, कबाडी इत्यादि में निरीक्षण कर बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस दौरान टीम को उद्योगों, संस्थानो में निरीक्षण में कोई भी बाल श्रमिक नियोजित नहीं पाये गए।

## कसडोल पुलिस ने किया कटगी शराब भट्ठी लूटकांड का पर्दाफाश

# एक आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

## ओडिशा पुलिस के सहयोग से कटगी लूट केस मे आरोपी को पकड़ने में मिली सफलता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कसडोल, 16 जून।** 9 अप्रैल 2024 को कसडोल थाना क्षेत्र के कटगी देशी शराब दुकान मे कट्टा दिखाकर 19,99,900 लूट की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया। सूचना पर तत्काल साइबर सेल की टीम के साथ कसडोल पुलिस घटनास्थल पहुंची। मामले को पूरी गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा 06 पुलिस टीम का निर्माण किया गया। पुलिस पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के क्षेत्र में भागने मूवमेंट आदि का पता करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा था तथा एक टीम द्वारा आसपास क्षेत्र में स्थित सीसीटीवी फुटेज आदि का भी गहन अवलोकन किया जा रहा था। सांथ ही पुलिस की टीम द्वारा ओड़ीसा, झारखण्ड, मध्यप्रदेश के साथ राज्य के अन्य जिलों की पुलिस के साथ भी आरोपियों की पतासाजी के लिए मिलकर प्रयास किया जा रहा था।

इसी बीच कटगी लूट घटना के कुछ दिन बाद ही बाद ओड़ीसा के बरगढ़ जिले मे भी एक बैंक मे लूट की वारदात हुई थी, जिसमे कटगी लूट के आरोपिओ के फूटेज से मिलते जुलते संदेहिओ के नाम सामने आए थे। बरगढ़ ओड़ीसा पुलिस द्वारा सूचना मिला कि आदतन आरोपी अमित दास द्वारा बरगढ़ बैंक लूट केस को अंजाम दिया था, उसे बरगढ़ पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है. जिसने बरगढ़ पुलिस को पुलिस रिमांड मे पूछताछ दौरान कटगी लूट केस को भी कारित करना स्वीकार किया है। कि सूचना पर कसडोल पुलिस द्वारा आरोपी अमित दास के विरुद्ध प्रोडक्शन वारंट/पुलिस रिमांड विधिवत प्राप्त किया गया तथा ओड़ीसा से आरोपी अमित दास को विधिवत ओड़ीसा जेल से कसडोल लाया गया। पुलिस द्वारा कटगी मे वारदात मे पहने कपड़े व कटगी घटना से लुटे हुए रकम मे से ?80, 000 जप्त किया गया है। थाना कसडोल के अपराध क्र. 159/2024 धारा 392 भादवि, 25, 27 आर्म्स एक्ट के आरोपी अमित दास को ओडिशा पुलिस की मदद से 15 जून को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। जिले के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारिओ ने मामले को पूरी गंभीरता से लिया था, सभी थाना के थाना प्रभारी, साइबर सेल तथा सम्पूर्ण कसडोल पुलिस स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान इस प्रकरण को सुलझाने मे रहा।

आरोपी का नाम अमित दास उर्फ प्रेम प्रकाश पंडा उर्फ चिंटू उर्फ गुरुदेव उर्फ करण उर्फ पंडित दास पिता स्व. रंगनाथ दास उर्फ किशोर निवासी ग्राम डुडुकसीरा थाना सदर बलांगीर जिला उड़ीसा है।

# रायपुर-भाटापारा-रायपुर के मध्य मजिस्ट्रेट टिकट चेकिंग, 87 हजार की हुई वसूली



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 16 जून।** रायपुर मंडल में टिकट चेकिंग अभियान के दौरान लगभग 86,740 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ यात्रियों को टिकट लेकर यात्रा करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से 13 जून, 2024 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के स्टेशनों पर रेलवे मजिस्ट्रेट आनंद कुमार सिंह के साथ में टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में रायपुर रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी के निर्देश पर सहायक वाणिज्य प्रबंधक अविनाश कुमार आनंद के साथ में 05 वाणिज्य निरीक्षक, 21 टिकट चेकिंग स्टाफ शामिल हुए साथ ही 03 रेलवे सुरक्षा बल के जवान एवं 04 जीआरपी स्टाफ मजिस्ट्रेट कार्यालय के स्टाफभी शामिल थे। इस टिकट चेकिंग अभियान में गाड़ी संख्या 13287 दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस में रायपुर से भाटापारा के मध्य एवं गाड़ी संख्या 12810 हावड़ा- मुंबई मेल में भाटापारा से रायपुर एवं रायपुर स्टेशन पर चेकिंग की गई। इस मजिस्ट्रेट टिकट चेकिंग अभियान में कुल 165 मामलों से 86740/- रुपये बतौर जुर्माना राजस्व प्राप्त हुआ। रेल प्रशासन यात्रियों से आग्रह करता है कि वे यात्रा हेतु उचित टिकट एवं रेल परिसर में प्रवेश करने के पहले प्लेटफॉर्म टिकट अवश्य खरीदें। रेलगाड़ी एवं रेल परिसर को साफसुथरा रखने में भी रेल प्रशासन को सहयोग प्रदान करने की अपील की।

### मत्स्य कृषक सहकारी समिति के संचालक मण्डल के निर्वाचन के लिए कार्यक्रम तय

**बलौदाबाजार, 16 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले मे संचालित मत्स्य कृषि सहकारी समिति के संचालक मण्डल के निर्वाचन कार्यक्रम रिटर्निंग अधिकारी द्वारा निर्धारित कर दी गई है. रिटर्निंग अधिकारी एवं वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक से प्राप्त जानकारी के अनुसार मत्स्य कृषक सहकारी समिति मर्यादित पलारी के सनचलक मण्डल के निर्वाचन हेतु नियोजन पत्र प्राप्ति 20 जून तक, नियोजन पत्रों की जांच एवं नाम वापसी 22 जून, चुनाव तैयारी 23 जून, पोलिंग दल का पोलिंग हेतु पहुंचना 28 जून, आमसभा, मतदान, मतगणना, प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु बैठक की सुचना 29जून, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों का निर्वाचन 1 जुलाई 2024 निर्धारित किया गया है।

# कैबिनेट मंत्री वर्मा ने कार्यकर्ताओं से भेंट कर जाना हाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा , 16 जून।** सदैव जन सेवा में जनता के बीच बलौदा बाजार विधानसभा क्षेत्र के नेता, बलौदाबाजार विधायक, एवं राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा तुलसी तिल्दा नेवरा कार्यालय में क्षेत्रवासी, आम जन व कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात कर कार्यकर्ताओं का हाल-चाल जाना और विभिन्न विकास कार्य के लिए चर्चा किया गया। साथ ही महिला मोर्चा भाजपा के अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा का जन्मदिन भी मनाया गया। खुला जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना और मौके पर अधिकारियों के सहयोग से ज्यादातर का समाधान किया। मंत्री ने कहा कि अधिकारियों का ध्यान समाधान की तरफ होना चाहिए। उन्हें यह नहीं देखना चाहिए की समस्या कैसी है। अधिकारी हर समस्या का समाधान निश्चित समय से पहले करने का प्रयास करें ताकि आमजन को उसका लाभ मिल सके। मंत्री ने लोगों की समस्याओं का समाधान करने के बाद कहा कि जनता दरबार आज समय की मांग है। उनका हमेशा यही ध्यय रहा है कि किसी को किसी प्रकार की समस्या ना हो। मौजूदा सरकार लोगों की समस्याओं को प्रारंभ से ही गंभीरता ले से ले रही है। पूरे प्रदेश में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारी लोगों की एक-एक समस्या को सुनकर उसका मौके पर निदान करने का प्रयास करते हैं। कार्यक्रम में अनिल अग्रवाल, डाक्टर खुमान वर्मा, सौरभ जैन, ईश्वर यदु, के साथ साथ भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कलेक्टर-एसपी ने ली चेम्बर ऑफ़ कामर्स एवं नगरीय निकाय क़े जनप्रतिनिधियों की बैठक

# शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में सबका सहयोग जरूरी:कलेक्टर

■ **कंट्रोल रूम नम्बर 9479190629 पर कर सकते हैं शिकायत**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कसडोल, 16 जून।** गत दिवस जिला मुख्ययालय बलौदाबाजार मे हुई अप्रिय घटना क़े परिप्रेक्ष्य मे जिले मे शांति एवं कानून व्यवस्था क़े सम्बन्ध मे कलेक्टर दीपक सोनी एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने शनिवार को संयुक्त जिला कार्यालय क़े सभाकक्ष मे चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स क़े पदाधिकारी एवं नगरीय निकायों क़े जनप्रतिनिधि सहित सीएमओ की बैठक ली। बैठक मे नगर पालिका बलौदाबाजार मे लागू धारा 144 सहित सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान जिला कंट्रोल रूम का मोबइल नम्बर 94791 90629 साझा किया गया जिसमें कोई भी शिकायत या सुझाव दे सकते हैं।

कलेक्टर सोनी ने कहा कि आगामी 16 जून तक नगरपालिका बलौदाबाजार मे धारा 144 लागू रहेगी। उन्होंने नगरपालिका क्षेत्र मे धारा 144 की समायावधि बढ़ाने क़े सम्बन्ध में सभी से सुझाव आमंत्रित किया और सुझाव पर निर्णय लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि विगत दिवस की घटना बहुत ही चिंताजनक व झकझोर देने वाली है। इस तरह की घटना की पुनरावृति न हो इसके लिए हम सबको मिलकर काम करना है। इसके साथ ही जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने क़े लिए जिला प्रशासन सहित सभी की सहभागिता जरुरी है। व्यापार एवं आर्थिक गतिविधियों सुचारु एवं सामान्य रूप से चलता रहे इसके लिए जिला प्रशासन तत्पर है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में किसी बड़े घटना को अंजाम देने में सोशल मीडिया का सबसे ज़्यादा प्रभाव है। सोशल मीडिया में नाकारात्मक एवं आपत्तिजनक पोस्ट की निगरानी क़े लिए जिला स्तरीय निगरानी समिति गठित की गई है जो 24 घण्टे निगरानी करेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कोई भी संदिग्ध पोस्ट हो तो इसकी सुचना नजदीकी थाने को जरूर दें, सुचना देने वाले की गोपनीयता पूरी तरह से रखी जाएगी। उन्होने बताया कि घटना में जो सीसीटीवी कैमरा क्षतिग्रस्त हुए हैं उसे ठीक किया जा रहा है। उन्होंने आगे सभी नगरीय निकायों में विकास कार्यों एवं समस्या क़े निदान क़े लिए 5 प्रमुख 5 कार्यों को शामिल करते हुए कार्ययोजना बनाने क़े निर्देश सीएमओ को दिए।

पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने कहा कि सभी व्यवसायिक गतिविधियां सामान्य रूप से जारी रहे इस पर ध्यान दिया जा रहा है। घटना क़े मुख्य आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए सभी का सहयोग जरुरी है। उन्होंने कहा कि सोशल मिडिया पर कड़ी निगरानी की जा रही है, भड़काऊ वो आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर एफआईअर दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में सामजिक, धार्मिक एवं राजनितिक दल क़े प्रतिनिधियों क़े साथ भी बैठक कि जाएगी। उन्होंने कहा कि घटना की जाँच में सीसीटीवी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है इसलिए सभी नगरपालिका एवं नगर पंचयतों मे अच्छे गुणवत्ता क़े सीसीटीवी कैमरा लगवाएं।

बैठक में अपर कलेक्टर दीप्ती गौते, चैम्बर ऑफ़ कामर्स बलौदाबाजार क़े अध्यक्ष जुगल किशोर भट्टर, नगरपालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, नेता प्रतिपक्ष रुपेश ठाकुर, पार्षद संकेत शुक्ला सहित चेम्बर ऑफ़ कामर्स क़े पदाधिकारी, नगरपालिका क़े अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सीएमओ उपस्थित थे।

एक नजर

## सुमेरूमठ में अघोर महोत्सव 21 से



**रायपुर, 16 जून।** राजधानी रायपुर के प्रोफेसर कॉलोनी स्थित धाम सुमेरूमठ में 21 से 25 जून तक धाम सुमेरूमठ में अघोर महोत्सव आयोजित किया जा रहा है. इसमें महाऔघड़ेश्वर ज्योतिर्लिंग धाम (अघोर मठ के) रूद्रानंद प्रचण्ड वेग संधिकाल में रोजाना सुबह 4 बजे, सुबह 10 बजे, अपरान्ह 4 बजे, रात्रि 10 बजे और रात 2 बजे 21 वर्षों से जल रही धुनी में यज्ञ करेंगे. इसमें कोई भी भक्तगण शामिल हो सकते है. अघोर साधक रूद्रानंद प्रचण्ड वेग ने बताया कि धाम में अखंड त्रिकोण धुनी 21 वर्षों से जल रही है उसी में पिछले 10 वर्षों से अघोर महोत्सव उक्त तिथि पर ही आयोजित किया जा रहा है. अघोर साधक रूद्रानंद प्रचण्ड वेग ने बताया कि रायपुर और बिहा झोला स्थित मंदिर में रजस्वला स्त्री को भी आने की मनाही नहीं है.

## 'माहेश्वरी वंशोत्पति दिवस के रूप में मनाई जाती है महेश नवमी'

**रायपुर, 16 जून।** धर्मग्रंथों के अनुसार माहेश्वरी समाज के पूर्वज



पूर्वकाल में क्षत्रिय वंश के थे। शिकार के दौरान वह ऋषियों के शाप से ग्रसित हुए। भगवान महेश और माता पार्वती की कृपा से 72 क्षत्रिय उमराव को पुनर्जीवन मिला और माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति हुई। जेष्ठ शुक्ल नवमी के दिन भगवान शंकर ने अपनी कृपा से उन्हें शाप से मुक्त कर न केवल पूर्वजों की रक्षा की, बल्कि इस समाज को अपना नाम भी दिया। भगवान महेश और माता पार्वती को माहेश्वरी समाज का संस्थापक माना जाता है, भगवान की कृपा से ही यह समुदाय को 'माहेश्वरी' नाम से पहचाना जाता है। माहेश्वरी समाज में यह उत्सव 'माहेश्वरी वंशोत्पत्ति दिन' के रुप में पूरे भारत वर्ष में बहुत ही भव्य रूप में और बड़ी ही धूम-धाम से मनाया जाता है. इस उत्सव की तैयारी पहले से ही शुरु हो जाती है. इस दिन जन कल्याण कार्यक्रम जैसे भंडारा, शर्बत वितरण, रक्तदान शिविर, चिकित्सा शिविर, के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम धार्मिक कार्यक्रम भी किए जाते हैं, भव्य शोभायात्रा निकाली जाती हैं, महेश वंदना गाई जाती है, भगवान महेशजी की महाआरती होती है, हर घर मे रंगोली और दीप प्रज्वलित होता है। यह पर्व भगवान महेश और पार्वती के प्रति समर्पित पूर्ण भक्ति और त्याग, सेवा, और सदाचार की आस्था प्रगट करता है।

## जीवित प्राणी की कुर्बानी देने के बदले केक काटकर धार्मिक रस्म अदा करें : डा. मिश्र

**रायपुर, 16 जून।** अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ दिनेश मिश्र



ने बताया तेलंगाना सरकार ने एक आदेश जारी किया है, कि तेलंगाना में ईदुज्जुहा( बकरीद) में ऊंटों को काटने सहित अन्य किसी भी मकसद से लाना गैरकानूनी है और कानून तोड़ने वालों पर मामला दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी. वही दूसरी ओर जन जागरूकता प्रयासों के चलते देश के कुछ स्थानों से पिछले वर्ष जीवित प्राणी की कुर्बानी देने के बदले केक काटकर धार्मिक रस्म अदा करने के इको फेंडली ईद मनाने के उदाहरण सामने आए. डॉ दिनेश मिश्र ने बताया दरअसल, तेलंगाना हाई कोर्ट में ईदुज्जुहा (बकरीद) के दौरान ऊंटों की कुर्बानी देने पर रोकथाम की मांग वाली एक जनहित याचिका दायर की गई थी। इस जनहित यहिका पर सुनवाई करने के बाद आदेश जारी करते हुए कोर्ट ने कहा कि परंपरा के नाम पर ऊंट को न मारा जाएं. इसके पहले महाराष्ट्र राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश में भी धार्मिक अवसरों पर विभिन्न पशुओं की कुर्बानी दिये जाने के सम्बंध में अलग अलग समय पर रोक के आदेश जारी किए है, तेलंगाना, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, में कुछ स्थानों में ईदुज्जुहा पर विभिन्न जानवरों की कुर्बानी दिये जाने के मामले सामने आए हैं।

# यह समंदर है भला इसको क्या कमी होगी... क्यों ये दिन-रात किनारों पे सर पटकता है...



भाजपा के अभी सबसे बड़े नेता नरेंद्र दामोदर मोदी ने तीसरी बार (भाजपा नहीं) एनडीए के बहुमत के आधार पर सरकार बनाकर भले ही देश के पहले पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरू की बराबरी कर ली पर राजीव गाँधी के 414 लोक सभा सीट कांग्रेस की जीत के रिकार्ड तक नहीं पहुंचे हैं।1984 में कांग्रेस ने 49.01 प्रतिशत मत हासिल कर 404 सीटों पर कब्जाकिया था तो भाजपा 7.74 प्रतिशत मत हासिल कर 2 सीट ही जीत सकी थी।मोदी की भाजपा के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जन तांत्रिक गठबंधन (एनडीए) लोकसभा चुनाव 2024 में अपने महत्वाकांक्षी '400 पार' सीटों के लक्ष्य तक पहुंचने में विफल रहा, पीएम मोदी और शीर्ष भाजपा नेताओं ने चुनाव अभियान में 543 सदस्यीय लोस चुनाव 24 में '400 पार' सीट लक्ष्य के बारे में बात की थी। ऐतिहासिक रूप से, केवल एक बार किसी पार्टी या गठबंधन ने 400 से अधिक लोकसभा सीटें जीती हैं। 1984 चुनाव में कांग्रेस ने 414 सीटें जीत कर आंकड़ा पार कर लिया था। वह चुनाव राजीव गांधी की मां, पीएम इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुआ था।अपनी मां की हत्या के बाद अंतरिम पीएम नियुक्त किए गये राजीव गांधी ने 1984 के लोस चुनावों में कांग्रेस को रिकॉर्ड 414 सीटों पर जीत दिलाई। सबसे पुरानी पार्टी ने 1984 के आम चुनावों में 514 सीटों में से 404 सीटें जीतीं, विलंबित चुनावों में 10 सीटें और जीतीं। 1984 में, कांग्रेस ने न केवल रिकॉर्ड संख्या में सीटें जीतीं, बल्कि किसी भी पार्टी के लिए सबसे अधिक 48.12 प्रतिशत वोट शेयर हासिल किया। 414 सीटों में से, कांग्रेस की 19 84 की सफलता 50 प्रतिशत से अधिक वोट शेयर के साथ जीतकर चिह्नित की गईथी। सबसे ज्यादा अंतर राजीव गांधी के संसदीय क्षेत्र अमेठी में था, जहां 83.67 प्रतिशत वोट पड़े। 1984 के बाद से, 2019 में 37.7 प्रतिशत के साथ भाजपा का वोट शेयर के मामले में सबसे करीब आ गई थी। 1984 में उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक और ओडिशा जैसे राज्यों में कांग्रेस का दबदबा था।हालाँकि, उसे आंध्रप्रदेश, पश्चिम बंगाल और पंजाब में संघर्ष करना पड़ा, 19 84 में सिक्किम, त्रिपुरा और दादरा और नगर हवेली में कोई भी सीट जीतने में असफल रही।1989 में कांग्रेस ने 197 सीटों के साथ सत्ता खो दी और जनता दल गठबंधन ने सरकार बनाई।स्वतंत्रता के बाद के शुरुआती वर्षों में भी, कांग्रेस की उच्चतम सीट संख्या 1957 में 371 थी।पार्टी ने 1951-52, 1957, 1962 और 1971 में 300 से अधिक सीटें जीतीं थीं।

### आगजनी, उग्र प्रदर्शन के बाद कलेक्टर, एसपी निलंबित...

छग में प्रदर्शन करनेवालों द्वारा कलेक्टर, एसपी ऑफिस को फूँकने की घटना पहली बार ही हुई है, इसमें इंटेलिजेंट फैल नहीं हुआ बल्कि जिले के नेतृत्व की असफलता सामने आ रही है, इसीलिये सरकार ने कलेक्टर, एसपी को हटा कर निलंबित भी कर दिया है।क्या बलौदाबाजार में हुई हिंसा के पीछे षड्यंत्र है? जिस तरह के संगठन के पदाधिकारी उग्रता से आंदो लन के पहले रणनीति बना रहे थे, आंदोलन के दौरान भी जिस तरह इसे पेश कर रहे हैं, उससे प्रतीत होता है कि यह एक बड़े षड्यंत्र का हिस्सा है? हालांकि यह षड्यंत्र कैसा हैज् इसके तार कहाँ-कहाँ से जुड़े हैं, उसे समझने से पहले यह जानना आवश्यक है कियह प्रदर्शन क्यों किया जा रहा था? सामाजिक सौहार्द




एवं शांतिप्रिय क्षेत्र के रूप में पहचाने जानेवाले छग में 10 जून को एक ऐसीघटना हुई, जिसने पूरे प्रदेश को हिलाकर रख दिया, बलौदा बाजार जिले में सतनामी समुदाय के प्रदर्शन ने पूरे राज्य को स्तब्ध कर दिया है। इस प्रदर्शन के दौरान कुछ उपद्रवियों ने इस स्तर पर हिंसा की है किकलेक्टर और एसपी के कार्यालयों को आग लगाकर फूंकदिया गया है।प्रदर्शन को अंजाम दे रहे उपद्रवियों नेकलेक्ट्रेट में खड़ी गाड़ियों मेंतोड़फोड़ किया, फिर आगजनी की, जिससे महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर खाक हो गए। सत नामी समुदाय के इस प्रद र्शन में शामिल उपद्रवियों ने पुलिस पर पथराव भीकिया जिसके चलते कई पुलिस कर्मी घायल हुए। हिंसक प्रदर्शन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार इस दौरान करीब 7-8 हजार प्रदर्शनकारी मौजूद थे, जिसमें कुछ उपद्रवी भी शामिल थे। कलेक्ट्रेट परि सर में मौजूद 100 से अधिक दुपहिया वाहनों में तोड़फोड़ की, 30 से अधिक चारपहिया वाहनों को भी निशाना बनाया, सुनियोजित तरीके से शहर में लगे सीसी टीवी कैमरों को तोड़ा गया, और पुलिस बल पर पथराव भी किया गया। मामले की गंभीरता देखते हुए 16 जून तक क्षेत्र में धारा 144 लागू कर दी गई है। समाज द्वारा किया गया यह प्रदर्शन, हिंसा का रूप धारण कर लेगा, ऐसा कोई अनुमान नहीं था।दरअसल बीते 15 मई को सतनामी समाज के पवित्र स्थल गिरौदपुरी धाम से 5 किलोमीटर की दूरीपर स्थित मानकोनी क्षेत्र में अवस्थित जैत खाम को कुछ तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया था।इसके बाद से ही क्षेत्र के सतनामी समाज के लोगों ने सरकार से कार्रवाई की मांग की, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर 3आरोपियों को गिरफ्तार भी किया, जिन्होंने नशे की स्थिति में घटना को अंजाम दिया था? तीनों आरोपी बिहार के मजदूर हैं, क्षेत्र में चल रहे कार्य के बाद ठेके दार द्वारा पैसे नहीं दिएजाने से नाराज़ थे और नशे की स्थिति में उन्होंने जैत खाम को नुकसान पहुंचाया!



घटना के 4 दिन बाद ही आरोपियों की गिरफ्तारी होने के बाद भी, सतनामी समाज का कहना था कि असली दोषियों की तो गिरफ्तारी नहीं की गई है, हालांकि समाज ने आरोप लगाने के दौरान यह नहीं बताया कि उनके अनुसार घटना को किसने अंजाम दिया? 9 जून, को गृहमंत्री विजय शर्मा ने घटना कि न्यायिक जांच कराने के निर्देश दिए। कुल मिला कर देखें तो समाज की जांच की मांग को भी सरकार ने मान लिया था, बावजूद इसके 10 जून की रैली के लिए प्रशासन से अनुमति मांगी गई, जिसमें कहा गया था कि प्रदर्शन पूरी तरह से शांतिपूर्ण होगा।लेकिन बलौदाबाजार के दशहरा मैदान में आंदोलन दोपहर के बाद उग्र हो गया, जिसके बाद हजारों की भीड़ नेकले क्टर परिसर में तोड़ फोड़ और आगजनी शुरू कर दी। इस घटना के पीछे की संभावनाओं, षड्यंत्रों को भी समझना आवश्यक है। इस घटना को पर्दे के पीछे से हवा देने का काम किया 'भीम आर्मी' जैसे संगठनों ने, जिसके पदाधिकारी खुलेआम सोशल मीडिया में आग उगलते रहे। 10 जून के आंदोलन के लिए जो पोस्टर 'भीम आर्मी' के पदाधिकारियों ने प्रसारित किया, उसमें 'जैत खाम की घटना' को नया मोड़ देकर 'समाज के साथ अन्याय और अत्याचार' का एंगल दिया गया, ताकि भाव नात्मक रूप से समाज के लोगों को भड़काया जा सकेज्?

### सत्ता पक्ष और विपक्ष की जल्दबाजी चर्चा में...

आगजनी मामले में अभी मामला गर्म है और छ्ग के तीन कबीना मंत्रियों ने कांग्रेस पर उकसाने का आरोप भी लगा दियाज्?सतनामी समाज के भावी गुरुगद्दीनशीन रूद्र गुरु सहित सतनामी समाज की महिला विधायक कविता प्राणलहरे और भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव पर आरोप



लगाया गयाज्, रूद्र गुरु द्वारा आरोप से व्यथित होकर रायपुर के एसएसपी ऑफिस में स्वयं की गिर फ्तारी के लिये प्रस्तुतकरना भी चर्चा में रहा, सत्ता पक्ष द्वारा आरोपियों से ही नुक सान की भरपाई करने की बात उठाना भी अभी जल्द बाजी ही माना जा रहा है, नये कलेक्टर दीपक सोनी, नये एसपी विजय अग्रवाल ने काम सम्हाल लिया है, उन्हें इस मामले की तहतक पहुंचने दिया जाना चाहिये, पहले वहाँ की स्थिति सम्हा लना प्राथमिकता होना चाहिये, बेवजह की बयानबाजी से फिलहाल बचना ही बेहत्तर विकल्प होगा!

### और अब बस...

» क्या निलंबित गये बलौदाबाजार कलेक्टर, एसपी की नियुक्ति के पहले उनके पूर्व के रिकार्ड की अनदेखी की गई थी?
» छग में भाजपा, कांग्रेस में बयानवीर नेताओं की संख्या में वृद्धि दिख रही है?

# छग में फसल आच्छादन का होगा डिजिटल सर्वे

## एग्री स्टैक पोर्टल से किसानों को मिलेगी मदद

**रायपुर, 16 जून।** छत्तीसगढ़ में फसल आच्छादन का अब डिजिटल सर्वे होगा, सर्वे में किसानों की फसलों की सभी जानकारियां एग्री स्टैक पोर्टल में दर्ज होंगी। किसानों को फसल उत्पादकता के लिए जरूरी इनपुट जैसे फसल ऋण, विशेषज्ञो की सलाह से लेकर बाजार उपलब्ध कराने में भारत सरकार का एग्री स्टैक पोर्टल से मदद मिलेगी।

कृषि विभाग दिल्ली से आये अधिकारियों ने नया रायपुर इंद्रावती भवन में राजस्व विभाग के मास्टर ट्रेनरों को डिजिटल क्रॉप सर्वे 2024 प्रशिक्षण देते हुए बताया कि जिओ रेफ्रेंसिंग तकनीक के माध्यम



से इस वर्ष से डिजिटल क्रॉप सर्वे किया जाना है,डिजिटल सर्वे की जानकारी एग्री स्टैक पोर्टल में ऑनलाइन उपलब्ध रहेगी।

एग्री स्टैक पोर्टल में किसानों का पंजीयन होने के बाद उन्हें एक फार्मर आईडी दी जाएगी। इस पोर्टल में किसानों द्वारा लगाई गई फसल के साथ-साथ उन्हें आवश्यक खाद और पानी की मात्रा की भी जानकारी मिलेगी। इस पोर्टल के माध्यम से राज्य के किसानों को अब न केवल जमीन अपितु जमीन में लगाये फसल और उत्पादन के लिए आवश्यक बाज़ार उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

संचालक भू-अभिलेख रमेश शर्मा ने प्रशिक्षण में कहा कि इस पोर्टल के जरिए किसानों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। इस पोर्टल का उद्देश्य कृषि उत्पादकों (किसानों) और नीति निर्माताओं-केंद्र सरकार और राज्य सरकार को एक डिजिटल छतरी के नीचे लाना है।

अपर आयुक्त भू-अभिलेख डॉ. संतोष देवांगन ने बताया कि इस प्रशिक्षण से राज्य के किसानों को लाभ मिलेगा। एग्री स्टेक में किसान का पंजीयन हो जाने से उन्हें जरूरत का खाद और बीज मिल सकेगा। इसके साथ ही किसानों को आवश्यकतानुसार बैंक ऋण लेने की भी सुविधा मिलेगी। प्रशिक्षण में सभी जिलों के भू-अभिलेख अधिकारी और भू-अभिलेख अधीक्षक शामिल हुए।

# 38 युवक-युवतियों ने रक्तदान किया



**रायपुर, 16 जून।** सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं में घायलों को मेडिकल सुविधा की तत्काल आवश्यकता होती है वहीं घायलों को सबसे अधिक आवश्यकता खून की होती है। एक छोटी सी कोशिश से किसी के जीवन की सुरक्षा हो सकती है।

हेलमेट पहनने के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए तथा सड़क दुर्घटना के कारण घायलों को तत्काल खून की आपूर्ति हो सके इस उद्देश्य को लेकर रोटरी क्लब ऑफरायपुर ने इक्विटास डेवलपमेंट इनिशिएटिव्स ट्रस्ट एवं डिजिपरफॉर्म एच टी मीडिया इंडिया के साथ मिलकर जनजागरूकता अभियान का आयोजन पंडरी स्थित इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक श्याम स्क्वेयर में किया गया। जहां बड़ी तादात में युवा वर्ग शामिल हुआ। रोटरी क्लब के अध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितूत द्वारा उपस्थित युवाओं को जीवन की सुरक्षा के लिए वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने तथा सड़क दुर्घटनाओं के कारण घायल हुए लोगों को तत्काल खून की उपलब्धता हो सके इसके लिए जागरूक किया गया। युवाओं ने पूछा कि रक्त दान से हमें क्या लाभ होगा अध्यक्ष शितूत ने प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि आपके रक्तदान से हार्ट अटैक का खतरा 88 प्रतिशत कम हो जाता है वहीं इम्यूनिटी भी सुधरती है।

हर्ष साहू ने कहा कि वाहनो की सड़क दुर्घटना के समय आम जनता से अपील है कि वे तत्काल 112 पर फोन कर घायलों को मदद कर उनके जीवन की रक्षा करने के लिए एक अच्छे नागरिक का कर्तव्य निभाए।

# ग्रेच्युटी मामले में कानूनी कार्रवाई करने बैठक



**रायपुर, 16 जून।** फेडरेशन ऑफ़ एज्युकेशनल सोसाइटीज रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा ग्रेच्युटी के संबंध में उच्चतम न्यायालय में एसएलपी दायर करने हेतु बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता अजय तिवारी अध्यक्ष फेडरेशन द्वारा की गई। उक्त बैठक में देवीचंद श्रीश्रीमाल अध्यक्ष बागबाहरा शिक्षण समिति, राज किशोर नथानी कोषाध्यक्ष राष्ट्रीय विद्यालय समिति रायपुर, श्रीमति शोभा खण्डेलवाल लक्ष्मीनारायण कन्या शाला, विदुर शर्मा प्राचार्य, अरविंद शर्मा महा सचिव फेडरेशन, संजय कुमार दुबे प्रांताध्यक्ष, के के शर्मा, जे मसीह प्राचार्य, एम डी राय, एम के मसीह आदि एवं अनेक संस्था के अध्यक्ष एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी अरविंद शर्मा ने दी।

# ई- वे बिल की पूर्व अधिसूचना यथावत रखने का आग्रह

**रायपुर, 16 जून।** राज्य कर जीएसटी विभाग रायपुर वृत्त ने रायपुर मशीनरी मर्चेंट एसोसिएशन के साथ कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी ने ई वे बिल की पूर्व अधिसूचना यातायात यथावत रखने का आग्रह किया जिस पर अधिकारियों ने निराकरण व्यापारियों को जीएसटी के अंतर्गत आने वाली व्यावहारिक समस्याओं के समाधान और उसके निराकरण करने का आश्वासन दिया। जीएसटी के अंतर्गत पंजीयन, पंजीयन में संशोधन, विवरण प्रस्तुत करना एवं इससे संबंधित विभिन्न सूचनाओं का समय पर जवाब प्रस्तुत करना इत्यादि पर चर्चा की गई। कार्यक्रम इज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत व्यापारियों



को व्यापार करने में पूरा सहयोग देने एवं उनके व्यापार को करने में सरल सुगम माध्यम देने की जानकारी जीएसटी कमिश्नर ने दी एवं जीएसटी अधिनियम में विभिन्न प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा नये ई वे बिल के प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर राज्य कर जीएसटी विभाग रायपुर के तरफ से : सुनील चौधरी (संयुक्त कमिश्नर), दुर्गेश पांडे (डिप्टी कमिश्नर), रिंकी अखिलेश सोनी (असिस्टेंट कमिश्नर), अतुल मिंज (स्टेट टैक्स ऑफिसर), बबीता भोरिया (स्टेट टैक्स ऑफिसर), अभय यादव (स्टेट टैक्स ऑफिसर), लाल साइ राम (स्टेट टैक्स इंस्पेक्टर) उपस्थित रहे। रायपुर मशीनरी मर्चेंट एसोसिएशन के तरफ से अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, सचिव अनिल दुग्गड, कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल, उपाध्यक्ष मनोज जैन, हरसुख पटेल, विक्रम व्यास, सुशील सराफ, जयकिशन मोहता, रूप महड़िया, पवन लूनिया, संजय बेद उपस्थित रहे।




# तालाबों को सहेजना हर पीढ़ी का दायित्व

**रायपुर, 16 जून।** जल संचय, संरक्षण व संवर्धन के प्रति सामूहिक प्रयासों को गति देने रायपुर जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में आयोजित मेरी ज़िन्दगी पानी की बूंदों से कार्यशाला में पॉन्डमैन ऑफ इंडिया रामवीर तंवर ने जरूरी टिप्स दिए। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप के साथ शहर के समाज सेवी व स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, जल उपयोगिता से जुड़े राज्य शासन के विभिन्न विभागों के तकनीकी अधिकारी तालाबों के संरक्षण, संवर्धन के विभिन्न उपायों के साथ ही शहरी वन निर्माण व प्रबंधन विषयक महत्वपूर्ण विचारों से इस कार्यशाला में अवगत हुए। कार्यशाला में बतौर वक्ता ग्राउंड वॉटर एवं रैन वॉटर एक्सपर्ट डॉ. कुंडलेश्वर पाणिग्रही ने भी उपयोगी जानकारी देकर पानी की हर बूंद के संचय का आह्वान किया।

स्थानीय शहीद स्मारक भवन सभागार में प्रमुख वक्ता के तौर पर पर्यावरणविद् रामवीर तंवर ने आह्वान किया कि हर नागरिक अपनी जरूरत के पानी व हवा की जिम्मेदारी खुद लें, इसके लिए उनका संदेश था कि हर व्यक्ति अपने नज़दीकी तालाब या जल निकाय को साफ और सुरक्षित रखें और ऑक्सीजन की अपनी जरूरत को पूरा करने दूसरों के प्रयासों में आश्रित न रहकर एक से अधिक पेड़ लगाए व उसको जीवन दें। तंवर 80 से भी अधिक तालाबों की सफाई कर उसे नया जीवन दे चुके है। सेल्फी विथ पॉन्ड और जल चौपाल उनके ऐसे अभियान रहे है, जिससे लाखों लोगों का



जुड़ाव तालाबों से हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रेडियो कार्यक्रम मन की बात में भी तंवर की सराहना की है, उन्हें इस कार्यक्रम के 100वें एपिसोड में देश के 100 चयनित लोगों में बतौर अतिथि शामिल किए गए। बंजर भूमि को उपजाऊ भूमि में बदलकर शहरी वन तैयार करने में भी तंवर विशेषज्ञ है। तंवर ने कहा कि प्रकृति की सेवा व सुरक्षा हर व्यक्ति का दायित्व है एवं संस्था के आकार या अपनी विशेषज्ञता का ध्यान रखे बिना हर व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूक रहकर कदम उठाना चाहिए। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि रायपुर अपनी सेवा धर्मिता एवं नवाचारों के लिए ख्यातिलब्ध है, ऐसे में तालाबों के संरक्षण व संवर्धन की दिशा में एक लक्ष्य निर्धारित कर त्वरित कदम उठाने होंगे। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों के मार्गदर्शन के अनुरूप तालाबों के शहर रायपुर के जल निकायों के संरक्षण, संवर्धन के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26